वर्ष- 13 अंक - 202
लखनऊ, गुरुवार 26 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मंदिर व घरों में हुई मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना 10
कौशल विकास से तेज होगी आर्थिक रफ्तार, ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य पर उत्तर प्रदेश सरकार का फोकस 03

# भरथापुर अब 'भरतपुर' नाम से जाना जाएगा : योगी

## मुख्यमंत्री ने 136 परिवारों को दिया नए जीवन का संबल

**मिहींपुरवा-बहराइच समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरहना आज उस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब योगी आदित्यनाथ ने आपदा से प्रभावित भरथापुर गांव के पुनर्वास की प्रक्रिया को नई गति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने 136 चयनित परिवारों को आवास निर्माण हेतु पहली किस्त जारी कर उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन की दिशा में मजबूत आधार दिया। यह पहल उस दर्दनाक घटना के बाद सामने आई, जब कौड़ियाला नदी में 29 अक्टूबर 2025 को हुई नाव दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। इस त्रासदी के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ने स्वयं मोतीपुर पहुंचकर प्रभावित परिवारों के पुनर्वास का संकल्प लिया था। आज उसी संकल्प को साकार करते हुए उन्होंने लाभार्थियों को भूमि आवंटन पत्र सौंपे और उनके खातों में 40 हजार रुपये की पहली किस्त स्थानांतरित की। शेष धनराशि चरणबद्ध तरीके से प्रदान की जाएगी।



### शारदीय नवरात्रि तक गृह प्रवेश की योजना

सीएम ने बताया- भरतापुर गांव के लोगों के लिए इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 748 वर्गफुट जमीन का पट्टा। आवास निर्माण के लिए करीब 17.70 लाख रुपए और अन्य सुविधाओं के लिए 3.55 लाख रुपए प्रति परिवार दिया गया है। डीएम बहराइच को निर्देश दिया गया है कि बेतरतीब ढंग से नहीं बेहतरीन ढंग से इस कॉलोनी का निर्माण कराया जाए। हमारी कोशिश रहेगी कि अभियान के तहत काम करते हुए शारदीय नवरात्रि तक इस कॉलोनी का निर्माण कर लाभुकों का गृहप्रवेश कराया जाए।

पुनर्वास योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 748 वर्ग फीट आवासीय भूमि के साथ 2 बीघा कृषि योग्य जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही नए बसाए जा रहे गांव में आधुनिक और आवश्यक सुविधाओं-सड़क, बिजली, स्वच्छ पेयजल, नाली व्यवस्था और स्ट्रीट लाइट-का समुचित प्रबंध किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने इन आवासों का निर्माण छह माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भरथापुर गांव का नाम बदलकर भरतपुर करने की घोषणा की। रामनवमी के पावन संदर्भ में उन्होंने कहा कि जैसे भगवान राम के वनवास काल में भरत ने राज्य को संभाला, उसी भावना से सरकार भी यहां के प्रत्येक परिवार के जीवन में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देगी। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार आपदा में सेवा, सेवा में संवेदना और संवेदना में समाधाने के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि लगभग 500 लोगों के पुनर्वास के लिए 21 करोड़ 55 लाख रुपये से अधिक की धनराशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी गई है, जो सरकार की पारदर्शिता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान भरथापुर निवासी मुन्ना लाल मौर्य ने भावुक होकर अपने अनुभव साझा किए।

उन्होंने बताया कि पहले उनका गांव चारों ओर से जंगलों और नदियों से घिरा था, जहां जीवन कठिनाइयों से भरा था-न शिक्षा की सुविधा, न स्वास्थ्य सेवाएं, और न ही सुरक्षा का भरोसा। आज सरकार के प्रयासों से उन्हें एक नई शुरुआत मिली है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन केवल योजनाओं के क्रियान्वयन का प्रतीक नहीं, बल्कि उन परिवारों के जीवन में उम्मीद, सुरक्षा और सम्मान की नई किरण लेकर आया है, जो लंबे समय से विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहे थे।

### अब बहराइच से लखनऊ तक का सफर होगा आसान

सीएम ने कहा- हमने बहराइच से राजधानी की कनेक्टिविटी को भी आसान किया है। मैं 12 साल पहले कार से बहराइच आया था तो मुझे दो घंटे लगे थे। फिर हमने डबल लेन रोड बनवाई, अब ये सफर सवा घंटे में होता है। अब इस रोड को फोन लेन करने जा रहे हैं। बहराइच से लखनऊ पहुंचने में अब बहुत कम समय लेगेगा।

### यादव समेत सभी समुदाय हमारे परिवार का हिस्सा

सीएम ने कहा- 2017 से पहले सरकार को केवल एक ही यादव परिवार दिखता था। तब सरकार को भरतापुर के यादवों का ख्याल नहीं था। उनके प्रति कोई संवेदना नहीं थी। इनका पुनर्वास तो बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। पर पिछली सरकारों ने जातीय भेदभाव से समाज को इतना पीछे ढकेल दिया, जिसे हम आज तक भुगत रहे हैं। पर भाजपा, जातीय चश्मे से नहीं, संवेदना से सभी को देखती है। भरतापुर के यादव समेत पूरे यादव समाज और हर समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक, चाहे दलित हो,अनुसूचित जाति का हो, सभी हमारे परिवार का हिस्सा हैं।

### 2017 से पहले माफिया को बढ़ावा देती थी सरकार

सीएम ने कहा- डबल इंजन की सरकार में यूपी की तस्वीर बदल रही है। 2017 से पहले यहां माफिया, दंगाइयों, गुंडों को बढ़ावा और संरक्षण मिलता था। त्योहार मनाने से लोग डरते थे कि दंगा न हो जाए। पर अब त्योहारों पर सन्नाटा नहीं, उत्सव का माहौल होता है। विपक्ष के जो लोग पहले अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करते थे, वे भी अब गुणगान कर रहे हैं। भाजपा ने तस्वीर बदली है। पहले बिजली नहीं दी जाती थी क्योंकि सरकारों के काले काम अंधेरे में होते थे। पर सभी को बिजली मिल रही है। माफिया और भ्रष्टाचार को तो हमने यूपी से साफ कर दिया है।

## अष्टमं महागौरी



**श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥**

मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद होने की वजह से इन्हें श्वेताम्बरधरा भी कहा गया है। कहते हैं कि शिव को पति रूप में पाने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इस कारण इनका शरीर काला पड़ गया, लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शंकर ने इनके शरीर को गंगा जल से धोकर कांतिमय बना दिया। तब से मां महागौरी कहलाईं। इनकी उपासना से सभी पापों से मुक्ति मिलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी पर पूरे दिन खुलेगा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन

**अयोध्या।** रामनवमी के अवसर पर रामनगरी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर 27 मार्च को पूरे दिन श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। सुबह 6:30 बजे से अनुष्ठान शुरू होकर 11:00 बजे तक चलेंगे। इस दिन कपाट बंद नहीं किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर सकें। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि दोपहर 12 बजे भगवान राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान सूर्य की किरणों से रामलला के मस्तक पर सूर्य तिलक का दिव्य दृश्य दिखाई देगा। पूरे आयोजन का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के जरिए किया जाएगा, जिससे देश-विदेश के लोग भी दर्शन कर सकें। भगवान रामलला को लगभग छह क्विंटल पंजीरी व 56 भोग का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा।

### सरकार ने शुरू किया प्रिज्म-एसजी पोर्टल, रेलवे व सड़क निर्माण की प्रक्रियाएं होंगी डिजिटल व समयबद्ध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में रेलवे और परिवहन की बुनियादी ढांचा विकास में दक्षता, पारदर्शिता और अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाने के लिए प्रिज्म-एसजी पोर्टल (रेल-रोड निरीक्षण एवं चरण प्रबंधन - स्टील गर्डर्स के लिए पोर्टल) शुरू किया है। इस पोर्टल से रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण से संबंधित अनुमोदन और निरीक्षण प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के साथ समयबद्ध तरीके से पूरी होंगी। पोर्टल का उद्घाटन बुधवार को यहां केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त रूप से किया।

# केंद्र ने क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान 2.0 को दी मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने देश में हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के संशोधित संस्करण (उड़ान 2.0) को मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए 28,840 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36 तक 10 वर्षों के लिए लागू होगी, जिसका लक्ष्य 100 नए हवाई अड्डों/हेलीपोर्ट को विकसित करना और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में 28,840 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ संशोधित क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' 2.0 को मंजूरी प्रदान की गयी। वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2035-36 तक दस साल की अवधि के लिए क्षेत्रीय संपर्क योजना-संशोधित 'उड़ान' के शुभारंभ और कार्यान्वयन को मंजूरी दी गई है।



उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए भारत सरकार के बजटीय सहयोग से कुल 28,840 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। संशोधित 'उड़ान' योजना के तहत, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए मौजूदा अप्रयुक्त हवाई पट्टियों से 100 हवाई अड्डों को विकसित करने का प्रस्ताव है, जिसके लिए कुल 12,159 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस योजना में 200 आधुनिक हेलीपैड विकसित करने का प्रस्ताव है, जिसके लिए कुल 3,661 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। इसके अलावा बाजार के लंबे समय तक विकास की आवश्यकता को देखते हुए एयरलाइन ऑपरेटरों को वीजीएफ सहायता देने का प्रस्ताव है, जिसकी राशि 10,043 करोड़ रुपये होगी।

### कार्बन उत्सर्जन में 2035 तक 47 प्रतिशत कटौती का लक्ष्य, केंद्र ने नए एनडीसी को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वैश्विक पर्यावरण से जुड़ा एक प्रमुख नीतिगत फैसला लिया है। सरकार ने 2026 पेरिस समझौते के तहत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को औपचारिक मंजूरी दे दी है। यह फैसला वैश्विक मंच पर भारत की कार्बन उत्सर्जन कम करने की प्रतिबद्धताओं को स्पष्ट करता है और भविष्य में ग्रीन एनर्जी तथा सतत विकास से जुड़ी कॉर्पोरेट रणनीतियों को एक नई दिशा देगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि पेरिस एग्रीमेंट के तहत भारत ने अपने जलवायु लक्ष्यों को और मजबूत करते हुए 2031-2035 अवधि के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को मंजूरी दी है। सरकार के इस फैसले के तहत भारत अब 2035 तक 2005 के स्तर की तुलना में जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता में 47 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेगा। इसके साथ ही देश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए 2035 तक 60 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से हासिल करने का भी लक्ष्य रखा गया है। कार्बन उत्सर्जन को संतुलित करने के लिए वन और वृक्ष कवर के जरिए 3.5 से 4.0 अरब टन अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाने की योजना है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भारत ने 2021-2030 के लिए अपना एनडीसी 2015 में प्रस्तुत किया था, जबकि कॉप-26 में देशों ने हर पांच साल में नए लक्ष्य तय करने पर सहमति जताई थी। सरकार के अनुसार भारत पहले ही जलवायु लक्ष्यों की दिशा में तेज प्रगति कर चुका है।

### रामनवमी पर यूपी में रहेगा दो दिन का अवकाश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने रामनवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और आस्था को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब 26 मार्च के साथ-साथ 27 मार्च 2026 को भी राज्य में सरकारी छुट्टी घोषित कर दी गई है। इस फैसले के तहत सरकारी दफ्तर, स्कूल, कॉलेज और बैंक बंद रहेंगे। मुख्य रूप से अयोध्या समेत प्रदेश के प्रमुख मंदिरों और शक्तिपीठों में उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। सरकार का मानना है कि रामनवमी पर अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ जुटती है, इसलिए छुट्टी बढ़ाना जरूरी हो गया। लोगों की मांग को भी इस फैसले में शामिल किया गया है। इससे त्योहार को और बेहतर तरीके से मनाने में मदद मिलेगी।

# एलपीजी रिफिल बुकिंग समयसीमा में कोई बदलाव नहीं, लोग अफवाहों से बचें : केंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

देश में एलपीजी रिफिल बुकिंग की समयसीमा को लेकर चल रही खबरों और सोशल मीडिया पोस्टों का केंद्र सरकार ने खंडन करते हुए गलत बताया है। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। साथ ही लोगों से अफवाहों से बचने की भी अपील की है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि कुछ रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) कनेक्शन के लिए 45 दिन, नॉन-पीएमयूवाई सिंगल सिलेंडर कनेक्शन के लिए 25 दिन और नॉन-पीएमयूवाई डबल सिलेंडर कनेक्शन के लिए 35 दिन की नई समयसीमा तय की गई है। मंत्रालय ने कहा यह जानकारी गलत है और मौजूदा व्यवस्था ही लागू है।



वर्तमान नियमों के अनुसार एलपीजी रिफिल बुकिंग की समयसीमा शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन है। यह सभी प्रकार के कनेक्शन पर समान रूप से लागू होती है।

मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस तरह की अफवाहों पर विश्वास न करें और अनावश्यक या घबराहट में रिफिल बुकिंग न करें। साथ ही यह भी कहा गया है कि देश में पर्याप्त एलपीजी स्टॉक उपलब्ध है और चिंता की कोई बात नहीं है।

# 13 साल की बेहद दर्दनाक जद्दोजहद खत्म हरीश राणा का किया गया अंतिम संस्कार

**गाजियाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत में निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति 31 वर्षीय हरीश राणा का बुधवार सुबह दक्षिणी दिल्ली के ग्रीन पार्क श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया और इसी के साथ 13 साल से जारी उनके चिकित्सकीय संघर्ष का अंत हो गया। हरीश के एक पड़ोसी ने बताया कि उनकी मां निर्मला देवी ने अपने बेटे को हाथ जोड़कर भावुक विदाई दी जबकि उनके पिता अशोक राणा ने शोक जताने आए लोगों से न रोने का आग्रह करते हुए कहा कि उनका बेटा अब एक अच्छी जगह पर है और वह एक अच्छा बेटा था।



परिवार के सदस्यों के अलावा, महिलाओं के नेतृत्व वाले आध्यात्मिक संगठन ब्रह्माकुमारीज की प्रतिनिधि भी अंतिम संस्कार में शामिल हुईं और उन्होंने हरीश के लिए प्रार्थना की।

# अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

## पाक व पड़ोसी देशों से जुड़े थे तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस अभियान के दौरान पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इनके कब्जे से विदेशी निर्मित अत्याधुनिक हथियारों और कारतूसों का भारी जखीरा बरामद किया गया है, जिसमें सब-मशीन गन और ऑटोमैटिक पिस्तौलें शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान कुल 21 आग्नेयास्त्र जब्त किए गए हैं। बरामद हथियारों में चेक गणराज्य में बनी एक अत्याधुनिक सब-मशीन गन और विभिन्न देशों की उच्च श्रेणी की पिस्तौलें शामिल हैं। जब्त किए गए हथियारों में विशेष बलों द्वारा



इस्तेमाल की जाने वाली पीएक्स-5.7 पिस्तौल, तुर्किये की स्टोएगर, चीन की पीएक्स-3, चेक गणराज्य की शैडो सीजेड के साथ-साथ इटली की बेरेटा, ब्राजील की टॉरस और जर्मनी की वाल्थर पिस्तौलें और 200 कारतूस बरामद हुए हैं। जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी पड़ोसी देशों में बैठे अंतरराष्ट्रीय हैंडलरों और आपूर्तिकर्ताओं के सीधे संपर्क में थे। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह गुप्त रास्तों और बिचौलियों की मदद से हथियारों को अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार लाता था। सीमा पार कराने के बाद इन हथियारों को देश के अलग-अलग हिस्सों में फैले अपने नेटवर्क और संपर्कों तक पहुंचाया जाता था।

### यौन उत्पीड़न मामले में घिरे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को मिली राहत



**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यौन शोषण के मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को बुधवार को अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा ने अविमुक्तेश्वरानंद और मुकुंदानंद की जमानत याचिका पर यह फैसला सुनाया। हालांकि अदालत ने शिकायतकर्ता और याचिकाकर्ताओं दोनों को इस संबंध में मीडिया के समक्ष कोई बयान नहीं देने का निर्देश दिया। इससे पूर्व, अदालत ने अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी और कहा था कि नाबालिगों के कथित यौन उत्पीड़न मामले और प्रयागराज के झूंसी थाने में दर्ज मामले में अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रखते हुए याचिकाकर्ताओं को पुलिस जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज की यौन अपराधों के बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अदालत के निर्देश पर पुलिस ने झूंसी थाने में अविमुक्तेश्वरानंद और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसमें कई शिष्यों से यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है।

**पेट्रोल, डीजल व एलपीजी आपूर्ति पर यूपी सरकार सख्त**

# पूरे प्रदेश में कालाबाजारी पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, अब तक कुल 12,732 छापे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार ने व्यापक स्तर पर सख्त कदम उठाए हैं। सरकार की सख्ती का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कालाबाजारी और अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रदेशभर में 12 मार्च से अब तक 12,732 निरीक्षण और छापेमारी की गई है। इस दौरान एलपीजी वितरकों के खिलाफ 25 एफआईआर दर्ज की गई, जबकि कालाबाजारी में शामिल अन्य 152 व्यक्तियों पर भी मुकदमे दर्ज हुए। कार्रवाई के दौरान 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 185 व्यक्तियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय है कि शासन स्तर से 12 मार्च 2026 को जारी निर्देशों के तहत मुख्य सचिव द्वारा सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक आपूर्ति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की बाधा को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए प्रदेश के 4,108 एलपीजी वितरकों के यहां बुकिंग के अनुरूप उपभोक्ताओं को गैस रिफिल की डिलीवरी सुनिश्चित कराई जा रही है। वर्तमान में सभी वितरकों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आवश्यकतानुसार घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपभोक्ताओं को लगातार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस बीच भारत सरकार द्वारा भी सहयोग करते हुए 23 मार्च 2026 से वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों के लिए 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन की अनुमति प्रदान की गई है, जिससे बाजार में आपूर्ति और अधिक सुदृढ़ हुई है।



# दो दिवसीय वंडर बॉक्स प्रशिक्षण संपन्न



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सआदत इंटर कॉलेज, नानपारा में प्री-प्राइमरी बाल वाटिका कक्षाओं के प्रभावी शिक्षण के लिए दो दिवसीय वंडरबॉक्स किट प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान, आईआईटी गांधीनगर द्वारा विकसित वंडरबॉक्स किट में दिए गए 19 शिक्षण-अधिगम सामग्री (ज्रख) का उपयोग करना सिखाया गया। प्रतिभागियों को शिक्षण के लिए, लर्निंग कॉर्नर, 'चहक कार्यक्रम और स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि नई शिक्षा नीति में 5+3+3+4 का कॉन्सेप्ट लागू किया गया है। इसके तहत, बच्चा शुरुआती तीन साल प्री-प्राइमरी में और अगले दो साल कक्षा 1 व 2 में अध्ययन करेगा। प्री-प्राइमरी बाल वाटिका का उद्देश्य बच्चों के पांच क्षेत्रों - मानसिक, शारीरिक, नैतिक, संज्ञानात्मक और सौंदर्यात्मक विकास पर बल देना है। वंडरबॉक्स किट बच्चों की समझ और सीखने के स्तर को खेल-खेल में बढ़ाने में सहायक है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बलहा विकासखंड की को-लोकेटेड आंगनबाड़ी की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और नोडल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। मास्टर ट्रेनर ए.आर.पी. अमित कुमार पाण्डेय और सूर्य प्रकाश उपाध्याय, ए.आर.पी. के साथ-साथ आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सरिता देवी और ललिता वर्मा ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षकों में आफाक अहमद, नीरज पांडे, आनंद सरोज और रुचि चौधरी सहित अन्य नोडल शिक्षक शामिल थे।

# एनएसजी कमांडो पर दरिंदों का हमला, बदमाश लूटकर फरार

- 'सीमा का शेर, घर में असहाय'
- छुट्टी लेकर घर आ रहा था, रास्ते में हुई घटना

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने न सिर्फ कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है बल्कि समाज को झकझोर कर रख दिया है। देश की सीमाओं पर दुश्मनों से लोहा लेने वाले एक एनएसजी कमांडो, अपने ही घर लौटते समय अपराधियों के आगे बेबस नजर आया।ग्राम पंचायत कोतवाली मुर्तिहा चुरवा निवासी निजामुद्दीन अंसारी, जो 16 बटालियन आईटीबीपी में तैनात हैं और वर्तमान में लद्दाख में देश सेवा कर रहे हैं, छुट्टी लेकर अपने घर आ रहे थे। लेकिन उन्हें क्या पता था कि अपने ही इलाके में उन्हें दुश्मनों से भी ज्यादा खतरनाक हमलावरों का सामना करना पड़ेगा। थाना मोतीपुर क्षेत्र के गोपियां के कदम पुलिया के पास नहर किनारे पहले से घात लगाए बैठे करीब 9 बदमाशों ने फौजी को घेर लिया। इसके बाद जो हुआ, वह किसी फिल्मी सीन से कम नहीं—बदमाशों ने जवान पर टूट पड़ते हुए निर्ममता की सारी हदें पार कर दीं, बेरहमी से मारपीट की और उसका बैग छीनकर फरार हो गए। लूटे गए बैग में फौजी के सेना पहचान पत्र, मेडिकल कार्ड, एटीएम कार्ड और जरूरी दस्तावेज मौजूद थे। हमलावरों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए चालाकी से बाइकों के नंबर प्लेट तक ढक रखे थे। एक काली अपाची बाइक (UP 40 BP 2807) भी इस वारदात में इस्तेमाल हुई। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस हमले की पटकथा पहले ही लिखी जा चुकी थी। पीड़ित के मुताबिक, घटना से पहले हसीना बानो और उसके साथी आदिल खान ने फोन पर जान से मारने और मारपीट की धमकी दी थी। यह सवाल अब पूरे इलाके में गूंज रहा है—जब देश का जवान ही सुरक्षित नहीं, तो आम आदमी की सुरक्षा की क्या गारंटी? यह घटना सिर्फ एक लूट या मारपीट नहीं, बल्कि व्यवस्था पर करारा तमाचा है। जिस जवान की बदौलत देश सुरक्षित है, उसी के साथ इस तरह की गुंडागर्दी होना प्रशासन की नाकामी को उजागर करता है। स्थानीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश है और वे आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। अब निगाहें पुलिस पर टिकी हैं—क्या कानून के हाथ इन दरिंदों तक पहुंच पाएंगे, या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# 22 बच्चों ने किया वंदे मातरम का गायन, उत्कृष्ट बच्चे पुरस्कृत

## भारत विकास परिषद ने आयोजित किया कार्यक्रम



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारत विकास परिषद महात्मा बुद्ध शाखा नानपारा ने सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर, रुपईडीहा रोड प्रांगण में एक सांस्कृतिक एवं धार्मिक ज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम और वंदे मातरम गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कुल 22 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वंदे मातरम गायन प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें शनवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दीपक मिश्रा द्वितीय और नारायण पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में आयोजित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में दीपक मिश्रा ने सर्वाधिक प्रश्नों के उत्तर देकर प्रथम स्थान हासिल किया। सोम मिश्रा और नारायण पाण्डेय संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेंद्र कांत श्रीवास्तव ने की। शाखा गतिविधि संयोजक संपर्क मनोज तिवारी, शाखा गतिविधि महिला संयोजक श्वेता सिंह और शाखा गतिविधि संस्कार अमित पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन अमित पाण्डेय ने किया। इसे सफल बनाने में बेबी मालिक, रुचि चौधरी, राम लाल प्रजापति, नीरज कुमार मिश्र, अनिल सिंह और डॉ. वीरांगना कांत का विशेष सहयोग रहा।

# विवाहिता का फंदे से लटकता मिला शव

## पति से विवाद के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या की आशंका

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नानपारा कोतवाली क्षेत्र के परसा अगैय्या गांव में बुधवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया। मृतका की पहचान कौशल्या (पुत्री सूबेदार) के रूप में हुई है, जिसका विवाह लगभग 10 माह पूर्व परसा अगैय्या निवासी किशुन लाल से हुआ था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच अक्सर छोटी-मोटी बातों को लेकर विवाद होता रहता था। बताया गया है कि मंगलवार को पति नानपारा मजदूरी करने गया था, जबकि मृतका की सास रिश्तेदारी में गई हुई थीं। इसी दौरान कौशल्या ने घर के अंदर कुंडे में साड़ी का फंदा लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। देर रात लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि मृतका के परिजनों (मायके वालों) की ओर से अभी तक कोई शिकायती पत्र नहीं दिया गया है।

# मासूम से रेप के दोषी को 20 साल की सजा

- पॉक्सो कोर्ट ने 51 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले की पॉक्सो कोर्ट ने एक मासूम से अप्राकृतिक दुष्कर्म के आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 51 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर उसे अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह मामला दो वर्ष पुराना है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने किशन नामक व्यक्ति पर अपने नाबालिग बेटे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया था। विशेष शासकीय अधिवक्ता संत प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अरविंद गौतम ने आरोपी किशन को दोषी मानते हुए यह फैसला सुनाया। न्यायाधीश ने उसे 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी। सजा के साथ ही, न्यायाधीश ने 51 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। यदि आरोपी यह जुर्माना अदा नहीं करता है, तो उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## खबरें एक नजर में

### 'यक्ष एप' की सहायता से थाना वजीरगंज पुलिस को मिली सफलता, 1 शातिर चोर गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** दिनांक 20.03.2026 को वादी सन्तोष कुमार सिंह पू0 मा0 विद्यालय कादीपुर शि0क्षे0 वजीरगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना वजीरगंज पर लिखित तहरीर दी गयी कि बीती रात उच्च प्रा0वि0 चन्दापुर वजीरगंज जनपद गोण्डा के किचन का ताला तोड़कर उसमे रखा गैस सिलेण्डर एक बड़ा भगौना, पानी का मोटर व राशन उठा ले गये । तथा उ0प्रा0 विद्यालय कादीपुर शिक्षा क्षेत्र वजीरगंज गोण्डा के विद्यालय के किचन शेड का ताला तोड़कर उसमे रखा गैस सिलेण्डर, एक बड़ा व एक छोटा भगैना, टिल्लू मोटर व कमरे का ताला तोड़कर एक बोरी राशन उठा ले गये । और पू0मा0 विद्यालय अनभुला वजीरगंज गोण्डा का ताला तोड़कर वहाँ से भी एक बोरी चावल चोरी कर ले गये । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना वजीरगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा पारंपरिक साक्ष्यों के साथ-साथ डिजिटल पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हुए 'यक्ष एप' का प्रभावी उपयोग किया गया। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में थाना तरबगंज में विद्यालयों में चोरी से संबंधित एक अभियोग पंजीकृत था, जिसकी फीडिंग तरबगंज पुलिस द्वारा यक्ष एप में की गई थी । यक्ष एप पर उपलब्ध समान प्रकृति के अपराधों के विश्लेषण के आधार पर संदिग्ध अभियुक्त श्यामू मौर्या को चिन्हित कर पुलिस हिरासत में लिया गया । गहन पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा उक्त चोरी की घटनाओं को अपने द्वारा कारित करना स्वीकार किया गया और शत प्रतिशत बरामदगी कराई गई । बरामदगी-1. 01 अदद मोटरसाइकिल 2. 15 अदद गैस सिलेण्डर 3. 01 अदद कुकर 4. 02 अदद टिल्लू पम्प।

### टैम्पो व इनोवा कार की आमने सामने टक्कर 16 घायल, पिता पुत्र सहित तीन की हालत गंभीर

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** धाने पुर मार्ग स्थित धनौली ग्राम के पास बुधवार




की सुबह करीब 8 बजे के आसपास सवारी से भरी टैंपो और इनोवा कार में ओवर टेक करने के दौरान आमने सामने से जबर दस्त टक्कर हो गई।टैंपो में सवार 16 लोग घायल हो गए।पिता पुत्र सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।इलाज के लिए सभी को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के सोनी गुमटी निवासी 35 वर्षीय टैंपो चालक बबलू पुत्र मुरली धर ने बताया कि वह टैंपो गोंडा रेलवे स्टेशन से उतरौला तक चलाता है।बुधवार की सुबह रेलवे स्टेशन गोंडा से सवारी बैठा कर उतरौला जा रहा था।तभी जाते समय धनौली के पास तेज रफ़्तार से आ रही इनोवा कार से टक्कर हो गई। टैम्पो में सवार बलराम पुर जिले के रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के पेहर गांव के 35 वर्षीय विश्वरम उस की पत्नी 30 वर्षीय अनीता उस का तीन वर्षीय पुत्र अभय जीत 3 वर्षीय सम्राट पुत्र उजागर 9 वर्षीय विकास पुत्र राधेश्याम 25 वर्षीय राम कुमार पुत्र द्वारिका 30 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र राम अभिलाख23 वर्षीय पवन कुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद 30 वर्षीय सुमन पत्नी राधेश्याम सहित एक ही परिवार के 9लोग घायल हो गए। बलराम पुर जिले के उतरौला थाना क्षेत्र के गिलौली निवासी 30 वर्षीय ननका पत्नी फकीरे65 वर्षीय मुन्नी देवी पत्नी राम प्रसाद परस पुर थाना क्षेत्र के परस पुर निवासी राकेश कुमार पुत्र राम लौटन और सिद्धार्थ नगर जिले भवानी गंज चखनिया निवासी राजवंती पत्नी लालता प्रसाद घायल हो गई। घायल अवस्था में अनीता ने बताया कि उस के परिवार के 9 लोग बुधवार की सुबह देहरा दून से गोंडा रेलवे स्टेशन पर उतरे और घर जाने के लिए यही से टैंपो में बैठे थे। विश्वरम और उस का 3 वर्षीय पुत्र अभिजीत, तीन वर्षीय सम्राट पुत्र उजागर की हालत चिकित्सक ने गम्भीर बनी हुई है।

# ई-रिक्शा की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा की मौत, एक घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गोंडा डेहरास मार्ग स्थित मंडप माता स्थान के पास बुधवार के दिन साइकिल सवार दो छात्रा मेला देखने आ रही थी।तभी सामने से आ रही ई रिक्शा ने टक्कर मार दिया जिस में एक छात्रा की मौत हो गई। दूसरी छात्रा को हल्की चोट आई है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चांद पुर ग्राम के निवासी नवीन शुक्ला की 8 वर्षीय पुत्री दिव्यांशु और शिव राम की 12 वर्षीय पुत्री रती दोनो एक ही साइकिल पर सवार हो कर मंडप माता स्थान पर नवरात्रि का मेला देखने आ रही थी। सामने से जा रही ई रिक्शा ने जोर दार टक्कर मार दिया। जिस से दोनो छात्रा गिर गई।इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। चिकित्सक ने दिव्यांशु को देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया।

# जनपद में डीजल व पेट्रोल कि नहीं है कोई कमी, पर्याप्त मात्रा में है डीजल व पेट्रोल की उपलब्धता: एडीएम

- जनपद के समस्त पेट्रोल पंप एसोसिएशन, पेट्रोल, डीजल पम्प प्रोपराइटर व प्रबंधकों के साथ की गई बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़। जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। जिलाधिकारी, गोण्डा प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने की, जिसमें आनंद कुमार राय (पुलिस क्षेत्राधिकारी सिटी) तथा कुँवर दिनेश प्रताप सिंह (जिला पूर्ति अधिकारी) सहित जनपद के समस्त पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधि एवं पेट्रोल व डीजल पम्प प्रोपराइटर तथा प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक में Indian Oil Corporation Limited, Bharat Petroleum




Corporation Limited तथा Hindustan Petroleum Corporation Limited के सेल्स ऑफिसर्स के साथ विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, पेट्रोल व डीजल पम्प प्रोपराइटर एवं प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुसार ही पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। सभी तेल कंपनियों के पास पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है तथा उसकी आपूर्ति भी नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर अफवाहें फैलाकर आमजन में भ्रम की स्थिति उत्पन्न की जा रही है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी सिटी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति या समूह ईंधन की कमी को लेकर भ्रामक सूचना फैलाता हुआ पाया गया, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पेट्रोल व डीजल पम्प प्रोपराइटर एवं प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे उपभोक्ताओं को सुचारु एवं पारदर्शी तरीके से ईंधन उपलब्ध कराएं तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता से बचें। जनपद वासियों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। प्रशासन द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है और आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। बैठक के दौरान एआरओ शिव प्रकाश जनपद के समस्त पूर्ति निरीक्षक तथा पेट्रोल व डीजल पम्प प्रोपराइटर एवं प्रबंधकों सहित अन्य सभी संबंधित आधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स ने मनाया काला दिवस, मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

आज जिला पंचायत के सामने स्थित टीन शेड में प्रातः 11:00 बजे संयुक्त पेंशन कल्याण समिति, देवी पाटन मंडल शाखा गोंडा के तत्वावधान में विभिन्न विभागों के सैकड़ों पेंशनर्स ने काला दिवस मनाते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पेंशनर्स ने अपनी बाहों पर काली पट्टी बांधकर सरकार के प्रति विरोध दर्ज कराया। धरने की अध्यक्षता संयुक्त पेंशन कल्याण समिति गोंडा के संयोजक राम शुक्ला ने की। सहसंयोजक पी.पी. द्विवेदी, अर्जुन सिंह, वीरेंद्र नाथ पांडे और लाल बहादुर खान भी मंच पर मौजूद रहे। मंडल स्तर पर मंडलीय संयोजक गुलाब चंद्र




तिवारी, सहसंयोजक के.वी. सिंह एवं अनिल श्रीवास्तव की उपस्थिति भी रही। धरने के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रमुख रूप से डॉ. शेर बहादुर सिंह, शिव मूर्ति मिश्रा और प्रेम शंकर लाल श्रीवास्तव ने पेंशनर्स की समस्याओं और मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में उत्तम प्रसाद शुक्ला, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ. एस.के. विश्वास, आबिद हुसैन, रफीउल्लाह खान, एम.के. त्रिपाठी और शंकर कुशवाहा परम दत्त राजेश्वर सिंह संतराम सिंह गिरजा शंकर सिंह बृजमोहन आर्य वीरेंद्र कुमार शिवकुमार पाठक बाबूलाल मिश्रा शामिल रहे। धरना स्थल पर अंत में अपर जिलाधिकारी पहुंचे, जहां पदाधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उन्हें सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन सहसंयोजक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# मिशन शक्ति अभियान 5.2 के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** थाना सादुल्ला नगर की एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.2 के शुभारंभ के तहत बेगम हाजी स्माइल बालिका इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा ने किया। इस दौरान महिला उपनिरीक्षक तेजल पटेल व महिला आरक्षी सीता गुप्ता ने छात्राओं को दहेज प्रतिषेध अधिनियम एवं बाल विवाह निषेध कानून के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराधों जैसे ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रॉ ठगी, फर्जी वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

# गैस वितरण में गड़बड़ी से उपभोक्ता परेशान

- एजेंसी पर मनमानी और भेदभाव के आरोप, घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर लोग

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला शहर में स्थित गैस एजेंसी इन दिनों अव्यवस्था और लापरवाही का केंद्र बनी हुई है, जहां आम उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग से लेकर सिलेंडर प्राप्त करने तक कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू ईंधन जैसी बुनियादी सुविधा के लिए लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद समय पर समाधान नहीं मिल पा रहा है। सुबह होते ही एजेंसी कार्यालय के बाहर महिलाओं, बुजुर्गों, मजदूरों और बच्चों की लंबी कतारें लग जाती हैं।



कई लोग अपना काम-धंधा छोड़कर अपनी बारी का इंतजार करते हैं, लेकिन कर्मचारियों की उदासीनता के चलते उनकी समस्याएं जस की तस बनी रहती हैं। सबसे अधिक परेशानी गैस बुकिंग, केवाईसी प्रक्रिया और सिलेंडर की डिलीवरी में हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं में भारी असंतोष व्याप्त है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने एजेंसी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि जहां आम लोग घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, वहीं रसूखदार और सिफारिश वाले लोगों को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत सेवा दे दी जाती है। उपभोक्ता देवेन्द्र पाण्डेय, भुर्रे, राजकुमार और दिलीप कुमार का कहना है कि घरेलू गैस जैसी आवश्यक सेवा में इस प्रकार का भेदभाव पूरी तरह अनुचित है और इससे गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी कर्मचारी निर्धारित नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं और मनमाने तरीके से कार्य कर रहे हैं। पारदर्शिता की कमी और जवाबदेही के अभाव के कारण स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है।

# मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय रेशम मेला व प्रदर्शनी का भव्य आयोजन संपन्न



- विभिन्न विकास खंडों से आए कृषकों ने किया प्रतिभाग, विभागों के स्टॉल रहे आकर्षण का केंद्र

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।** राजकीय रेशम फार्म, बालपुर में रेशम विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के अंतर्गत एकदिवसीय जनपद स्तरीय रेशम मेला / प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए 500 से अधिक कृषकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कृषकों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषक कल्याण की अनेकों योजनाओं चलाई जा रही है। उन्होंने सभी कृषकों को रेशम उत्पादन से जुड़कर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने हेतु शुभकामनाएं दीं। मेले के दौरान प्रगतिशील कृषक श्री बीरबल एवं श्री अरुण को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्य अतिथि द्वारा शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. श्री राम लखन राम द्वारा कृषकों को रेशम कीट पालन, उत्पादन, तकनीकी जानकारी एवं इससे जुड़े रोजगार के अवसरों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह, रेशम विभाग, उद्यान विभाग, उद्योग विभाग तथा मत्स्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से कृषकों को विभिन्न योजनाओं, तकनीकों एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में रवि, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक, सतीश चन्द्र, सहायक रेशम विकास अधिकारी, विवेक श्रीवास्तव, सहायक रेशम विकास अधिकारी, प्रतिभा यादव, सहायक रेशम विकास अधिकारी, देवेन्द्र कुमार गौतम, सहायक रेशम विकास अधिकारी, अखिलेश, डीएमएम, एनआरएलएम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सहायक निदेशक रेशम, गोंडा परिक्षेत्र, नितेश सिंह द्वारा उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों एवं कृषकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रगतिशील कृषक पवन सिंह द्वारा किया गया।

# डीजल-पेट्रोल को लेकर अफवाह, पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



ईरान इजराइल अमेरिका के बीच 28 फरवरी से शुरू हुए युद्ध का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा है और देश में एलपीजी गैस का संकट जारी है, जिससे निपटने के लिए सरकार लगातार नए नियम ला रही है। इसी बीच उत्तर प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की कमी को लेकर अफवाह फैलाने की घटना से लोगो की भीड़ पेट्रोल पंपों जमा हो गई। जिससे लोगा अपनी बाइक को लेकर टंकी फुल कराने की कोशिस कर रहे हैं।

वहीं अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में पेट्रोल- डीजल की कोई भी कमी नहीं है। घबराने की बजाय संयम बरतने की अपील की है। अम्बेडकरनगर में डीजल और पेट्रोल की किल्लत की अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए लोगों से घबराने की बजाय संयम बरतने की अपील की है।

जिलाधिकारी ने प्रेसवार्ता कर बताया कि जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। प्रेसवार्ता के दौरान डीएम ने कहा कि जिले में डीजल की उपलब्धता सामान्य खपत से करीब ढाई गुना अधिक है, जबकि पेट्रोल का स्टॉक भी लगभग दो गुना मौजूद है। ऐसे में किसी भी प्रकार की कमी की बात पूरी तरह निराधार है। डीएम ने साफ तौर पर चेतावनी दी कि जो भी लोग डीजल-पेट्रोल की ब्लैक मार्केटिंग में शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण न करें।

### पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाह से बिगड़े हालात

अयोध्या में भी पेट्रोल पंपों पर अफवाहों के बीच लोग टंकी फुल कराने में जुट गए। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र से भी पेट्रोल डीजल स्टोर करने की खबरें हैं। बस्ती-अयोध्या हाईवे सीमा से जुड़े इलाकों में पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाह ने हालात बिगाड़ दिए हैं। मंगलवार की रात अयोध्या और गोंडा जिले से उमड़े लोगों ने छावनी क्षेत्र के पंपों पर कतार लगाकर पेट्रोल भरवाया। कुछ लोग तो गैलनों में भी तेल लेकर गए। हालात ऐसे हो गए कि पुलिस बुलानी पड़ी और प्राइवेट सुरक्षा कर्मी लगाकर पेट्रोल दिया गया। छावनी क्षेत्र के पचवस स्थित कुमार फिलिंग स्टेशन के मैनेजर शिवम गोस्वामी के मुताबिक मंगलवार को 12 हजार लीटर तेल की आपूर्ति हुई थी, लेकिन अफवाह के चलते अचानक मांग कई गुना बढ़ गई। आम दिनों में जहां पांच से छह हजार लीटर प्रतिदिन बिक्री होती थी, वहीं बीते तीन दिनों से खपत दोगुनी हो गई है। अयोध्या जिले में तेल की कमी की चर्चा फैलते ही लोगों में घबराहट बढ़ गई। यूपी में पेट्रोल-डीजल को लेकर अफवाहों के बीच पैनिक बाइंग जैसे हालात बन गए हैं। हालांकि प्रशासन ने साफ किया है कि किसी तरह की कमी नहीं है। लेकिन अफवाहों के कारण लोग ज्यादा मात्रा में तेल भरवा रहे हैं, जिससे हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं।

# कौशल विकास से तेज होगी आर्थिक रफ्तार, ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य पर उत्तर प्रदेश सरकार का फोकस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए योगी सरकार कौशल विकास को केंद्र में रखकर तेजी से काम कर रही है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सचिवालय में समीक्षा बैठक की गई, जिसमें विभागीय योजनाओं की प्रगति और भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए, ताकि



- प्रशिक्षण की गुणवत्ता को उद्योगों की मांग के अनुरूप बनाना समय की जरूरत

प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मिल सकें। योगी सरकार का फोकस युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें उद्योगों की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षित करना है आईटीआई के सशक्तीकरण को लेकर बैठक में विशेष जोर दिया गया।

टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से आधुनिक प्रशिक्षण मॉडल विकसित करने और उद्योग आधारित स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। प्रशिक्षण की गुणवत्ता को उद्योगों की मांग के अनुरूप बनाना समय की जरूरत है, जिससे युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जा सके। डेलॉइट के प्रतिनिधियों ने बदलते औद्योगिक परिदृश्य, नई तकनीकों और भविष्य उन्मुख कौशल पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इसमें बताया गया कि आने वाले समय में टेक्नोलॉजी आधारित स्किल्स की मांग तेजी से बढ़ेगी, जिसके लिए प्रशिक्षण प्रणाली को अपडेट करना जरूरी है।

## खबरें एक नजर में

### रसोई गैस सिलेंडर को लेकर अफरा-तफरी का माहौल, कई लोग खाली हाथ लौटे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बुद्धेश्वर इलाके में मंगलवार को रसोई गैस सिलेंडर को लेकर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। इंडियन हॉस्पिटल के पास स्थित गैस एजेंसी पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं। सप्लाई में देरी के चलते लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि कई लोग बिना सिलेंडर लिए ही वापस लौट गए। बुद्धेश्वर क्षेत्र में गैस एजेंसी के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। धीरे-धीरे यह भीड़ लंबी कतार में बदल गई, जिसमें महिलाएं, बुजुर्ग और कामकाजी लोग शामिल रहे। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे सुबह से लाइन में लगे रहे, लेकिन दोपहर तक भी उनकी बारी नहीं आई। कुछ लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। स्थानीय लोगों के मुताबिक आम दिनों में इस क्षेत्र में गैस की सप्लाई सामान्य रहती है, लेकिन मंगलवार को देरी के चलते स्थिति बिगड़ गई। एजेंसी पर समय से सिलेंडर नहीं पहुंचने के कारण वितरण प्रक्रिया प्रभावित हुई, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती गई। लंबी कतारों में सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ी। कई महिलाएं छोटे बच्चों के साथ लाइन में खड़ी नजर आईं। गर्मी और इंतजार के चलते लोगों में थकान और नाराजगी साफदिखाई दी। उपभोक्ताओं ने एजेंसी प्रबंधन और सप्लाई व्यवस्था पर सवाल उठाए। लोगों का कहना था कि यदि समय पर सिलेंडर की आपूर्ति होती, तो इस तरह की स्थिति नहीं बनती। कुछ लोगों ने यह भी मांग की कि प्रशासन इस मामले में दखल देकर व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए।

### सड़क सुरक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में परिवहन विभाग की ओर से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में बड़ी संख्या में युवा हिस्सा ले रहे हैं। अंशिका पटेल ने कहा सड़क पर ट्रैफिक नियमों का पालन करना बहुज जरूरी है। आयुष राजपूत ने कहा-रोड पर एक्सीडेंट नहीं हो, इसके लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करना जरूरी है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियम, सावधानियां और दुर्घटना से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने बताया कार्यशाला में 75 जनपद से चार-चार प्रशिक्षु आए हैं। इसमें हम लोग ने स्काउट गाइड के सभी छात्र-छात्राओं को शामिल किया है। मेरा अटूट विश्वास है कि अगर स्काउट गाइड हमसे जुड़ेंगे तो रोड सेफ्टी के मुद्दे को जन-जन तक पहुंचा सकेंगे। सड़क सुरक्षा के विशेषज्ञ रोहित बालूजा युवाओं को प्रशिक्षित करेंगे। वे ट्रैफिक मैनेजमेंट, ड्राइविंग व्यवहार और सड़क पर जोखिम कम करने के व्यावहारिक तरीकों पर विस्तार से जानकारी देंगे। मुख्य उद्देश्य युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर उन्हें समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना है। प्रशिक्षित युवा आगे चलकर सड़क सुरक्षा अभियान को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। परिवहन विभाग का मानना है कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से सड़क हादसों में कमी लाई जा सकती है। इसके जरिए लोगों में ट्रैफिक नियमों के पालन की आदत विकसित होगी और सुरक्षित यातायात को बढ़ावा मिलेगा।

### अतिक्रमण के खिलाफ अभियान, 25 दुकानें हटाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम लखनऊ ने शहर में बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को सघन अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुरक्षित और सुगम यातायात उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में 24 मार्च 2026 को जोन-3 के अंतर्गत जोनल अधिकारी श्री मनोज यादव के निर्देशन में टीम ने सिटी कार्ट मॉल के पास टेढ़ी पुलिया क्षेत्र में कार्रवाई की। यहां अज्ञात व्यक्ति द्वारा सड़क पर ठेला लगाकर अवैध कब्जा किया गया था, जिसे हटाया गया। साथ ही वार्ड संख्या-65 के एक मोहल्ले में लंबे समय से सड़क पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफभी अभियान चलाया गया।कार्रवाई के दौरान लगभग 25 दुकानों को हटाया गया। इसके अलावा 1 स्टील काउंटर, 1 पानी का ड्रम, 5 प्लास्टिक स्टूल और 1 तिरपाल को जब्त किया गया।

### बीमारी से तंग महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के मोहनलालगंज में एक महिला ने बीमारी से तंग आकर सुसाइड कर लिया। 6 महीने पहले गिरने से उसकी रीढ़ में चोट लग गई थी। उसके बाद से जब भी वह पैदल चलती थी तो उसे चक्कर आने लगते थे। इसी से आजिज आकर उसने गांव के बाहर बंसवाड़ी में फंदा लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान सरोजनीनगर थानाक्षेत्र के बेहसा न्यू गढ़ौरा के बालकृष्ण चौरसिया की पत्नी बिमला देवी उर्फबन्नो के रूप में हुई। घटना मोहनलालगंज थानाक्षेत्र के बक्खाखेड़ा, रेलवे पटरी के पास हुई। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहले अज्ञात में शव को पीएम हाउस पहुंचाया। दोपहर बाद परिजनों ने शव की शिनाख्त की। कस्बा चौकी इंचार्ज अतुल सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतका के पति बालकृष्ण पान की दुकान चलाते हैं। बालकृष्ण ने बताया कि पत्नी बिमला देवी का 6 महीने पहले एक्सीडेंट हो गया था। उस समय उनकी रीढ़ की हड्डी में दिक्कत हो गई थी। थोड़ा से चलने पर चक्कर आने लगता था। इससे वह परेशान रहने लगी थी। मंगलवार को शाम के समय बिना किसी से बताए घर से कहीं चली गई। आसपास काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद बुधवार को पुलिस को सूचना दी। इस दौरान सोशल मीडिया पर उनकी फोटो दिखी। मोर्चरी में जाकर पहचान की।

# राज बब्बर चुनाव अफसर से मारपीट में बरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद राज बब्बर को लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को बड़ी राहत दी। उन पर साल-1996 के लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज सभी मुकदमों को खारिज करते हुए बरी कर दिया। इससे पहले विशेष अदालत ने राज बब्बर को 7 जुलाई, 2022 को दोषी ठहराते हुए 2 साल की सजा सुनाई थी।

आज बरी होने पर राज बब्बर ने कहा मैं देश के लोकतंत्र और संविधान में आस्था रखता हूं। मैं संविधान, लोकतंत्र की रक्षा और जनता के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करता रहूंगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी 1996 में लखनऊ लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी थे। उनके खिलाफ समाजवादी पार्टी ने



पहली बार राज बब्बर को उतारा था। मतदान के दिन एक मतदान केंद्र पर फर्जी वोटिंग को लेकर चुनाव अधिकारी से राज बब्बर का झगड़ा हो गया था। इसके बाद चुनाव अधिकारी ने लखनऊ के वजीरगंज थाने में राज बब्बर के खिलाफ मारपीट और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले का ट्रायल लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहा था। इससे पहले विशेष अदालत ने 7 जुलाई, 2022 को राज बब्बर को दोषी ठहराते हुए 2 साल की सजा और 8,500 रुपए का जुर्माना लगाया था। इसके बाद राज बब्बर ने सजा के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका लगाई थी। इस पर कोर्ट ने उनकी सजा पर स्टे लगा दिया था। इससे उन्हें चुनाव लड़ने में राहत मिल गई थी। लेकिन, तब केस पूरी तरह खत्म नहीं हुआ था। वर्तमान में राज बब्बर कांग्रेस पार्टी में सक्रिय हैं।

केस से बरी होने पर राज बब्बर ने खुशी जाहिर की। कहा उस समय के राजनीतिक माहौल में लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने के उद्देश्य से मुझ पर इस प्रकार की कार्रवाइयां की गई। ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थीं। मैं कांग्रेस पार्टी का सिपाही हूं।

देश के लोकतंत्र और संविधान में अपनी आस्था रखता हूं। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने भी इस फैसले को न्याय की जीत करार दिया। कहा कि इससे साबित होता है कि 1996 में राज बब्बर की लोकप्रियता से डर कर विपक्ष ने उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने की कोशिश की थी।

# मुख्यमंत्री ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन

- गोरक्षपीठाधीश्वर मार्च में दूसरी बार पहुंचे मां पाटेश्वरी मंदिर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौत्र नवरात्रि में बुधवार को तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चन किया। मां की आरती उतारी और सुखी, स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। सीएम योगी बुधवार को बहराइच में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत बलरामपुर पहुंचे। यहां दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने गोरखपुर के लिए प्रस्थान किया। सीएम ने मंदिर में आये श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। सीएम ने



रामनवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था का भी निर्देश दिया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री 11 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर बलरामपुर पहुंचे थे। उन्होंने 12 मार्च की सुबह मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन-पूजन किया था। बुधवार को दर्शन-पूजन के दौरान महंत मिथिलेश नाथ योगी, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मौजूद रहे।

# जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण की तैयारी अंतिम चरण में, व्यवस्था चाक-चौबंद

- 28 मार्च को पीएम मोदी करेंगे जेवर एयरपोर्ट का लोकार्पण
- योगी सरकार की पहल से साकार हुई परियोजना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के 28 मार्च को होने वाले लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पीएम मोदी द्वारा सम्पन्न होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से व्यवस्था को अमली जामा पहनने में जुट गया है। विभागों को सौंपे गए दायित्वों पर तेजी से काम पूरा किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सक्रिय भूमिका और लगातार प्रयासों से महत्वाकांक्षी परियोजना मूर्त रूप लेने जा रही है। सीएम योगी के विजन के चलते यह प्रोजेक्ट प्रदेश के विकास का बड़ा प्रतीक बनकर उभर रहा है। प्रशासन द्वारा पूर्व में की गई समीक्षा के बाद सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों को अंतिम रूप देने में लग गए हैं।

सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, मार्ग संचालन, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, पेयजल, बैरिकेडिंग, साइनेज और पब्लिक अनाउंसमेंट



सिस्टम सहित सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग और आगमन-प्रस्थान मार्गों को पूरी तरह व्यवस्थित किया जा चुका है, वहीं ट्रैफिक सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी बढ़ाई गई है और कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

वीवीआईपी, जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों, अधिकारियों और आमजन की संभावित बड़ी संख्या को देखते हुए साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के नए केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं पल-पल का अपडेट ले रहे हैं।

# मल्टीलेवल पार्किंग पहुंचीं महापौर, अव्यवस्थाओं पर लगाई फटकार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ हजरतगंज स्थित मल्टीलेवल पार्किंग और केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने बनी मल्टीलेवल पार्किंग का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। महापौर के अचानक पहुंचने से हजरतगंज पार्किंग परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई।

निरीक्षण के दौरान सबसे पहले लिफ्ट बंद पाई गई, जिससे आम लोगों को काफी असुविधा हो रही थी। इसके अलावा पार्किंग के बेसमेंट में अवैध रूप से कार बाजार और गैराज संचालित होता मिला। पार्किंग के सभी फ्लोर पर गंदगी का अंबार देखने को मिला, जिस पर महापौर और नगर



आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव एवं जोनल सेनेटरी ऑफिसर कुलदीपक को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही वहां बने टॉयलेट भी बंद पाए गए, जिन्हें तुरंत खुलवाकर जनता के लिए उपयोगी बनाने के निर्देश दिए गए।

मेयर ने कहा कि नागरिक सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पार्किंग में चल रहे गैराज और कार बाजार को तत्काल प्रभाव से सील करा दिया गया। महापौर के निर्देश पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। छापेमारी के दौरान मौके से लैपटॉप एवं अन्य उपकरण भी जब्त किए गए, जिससे अवैध गतिविधियों के संचालन के प्रमाण मिले हैं। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने स्थित मल्टीलेवल पार्किंग पर भी हालात संतोषजनक नहीं पाए गए। पार्किंग परिसर में गंदगी फैली हुई थी और यहां भी अवैध रूप से कार बाजार और गैराज संचालित होता मिला। मेयर ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि आरटीओ अधिकारियों से बात कर कर पार्किंग में लंबे समय से खड़ी गाड़ियों की जांच कर उन्हें जब्त किया जाए। साथ ही पार्किंग परिसर में अवैध रूप से गैराज और कार बाजार चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कि नगर निगम की संपत्तियों का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित सुविधाएं मिल सकें।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर इंडिगो का सर्वर डाउन होने से उड़ानें बाधित, यात्रियों हुए परेशान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मंगलवार को इंडिगो एयरलाइंस का ऑपरेशन अचानक ठप हो गया। पिछले करीब डेढ़ घंटे से सर्वर डाउन होने के कारण कई उड़ानों का संचालन प्रभावित हो रहा है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक मंगलवार दोपहर इंडिगो एयरलाइंस के सर्वर में तकनीकी गड़बड़ी आ गई। जिसको लेकर दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे तक मेंटेनेंस का काम किया जाएगा। वहीं 12 से



2.30 बजे तक इंडिगो की लखनऊ एयरपोर्ट पर कोई उड़ान भी नहीं है। सूत्रों ने बताया कि 2.30 बजे इंडिगो का एक विमान है।

अगर मेंटेनेंस का काम 2.30 बजे तक नहीं पूरा हो पाया तो यात्रियों के बोर्डिंग पास मैनुअल तरीके से जारी किए जाएंगे। इंडिगो का सर्वर ठप होने की वजह से एयरपोर्ट पर चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी तरह प्रभावित हो गई है। काउंटर पर लंबी कतारें लग गई हैं और यात्री अपनी फ्लाइट की जानकारी के लिए भटकते नजर आ रहे हैं। सर्वर में आई तकनीकी दिक्कत के चलते कई उड़ानें देरी से चल रही हैं, जबकि कुछ फ्लाइट्स के संचालन पर भी असर पड़ा है। एयरपोर्ट प्रशासन और इंडिगो स्टाफ समस्या को जल्द से जल्द ठीक करने में जुटे हैं। इंडिगो की तकनीकी टीम सर्वर को दुरुस्त करने में लगी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है, जिसके बाद उड़ानों का संचालन सुचारू रूप से शुरू किया जाएगा।

### स्वास्थ्य शिविर में 241 कर्मचारियों की जांच

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम के त्रिलोक नाथ सभागार में बुधवार को स्वच्छता कर्मियों के लिए एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया और एचसीएल फाउंडेशन का सहयोग रहा। शिविर में कुल 241 सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं कैंसर स्क्रीनिंग की गई। स्वास्थ्य शिविर में कर्मचारियों की उच्च रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र, दंत सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। जांच के उपरांत 96 सफाई कर्मियों को नि:शुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। इसके अलावा टीबी के संभावित लक्षण पाए जाने पर बलगम की जांच कराई गई तथा त्वचा एवं अन्य रोगों के आधार पर आवश्यक दवाएं भी प्रदान की गईं।

**सराहनीय** | ईज ऑफ लिविंग में हुआ बड़ा सुधार

# नव निर्माण के नौ वर्ष : गुड गवर्नेंस से बदली उत्तर प्रदेश की तस्वीर

- शिक्षा व स्वास्थ्य के लिये यूपी से बाहर जाने की जरूरत नहीं

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में बीते नौ वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सुशासन गुड गवर्नेंस को केंद्र में रखकर 'ईज ऑफ लिविंग' को मजबूत करने की दिशा में व्यापक काम हुआ है। योजनाओं की प्रगति और उपलब्ध आंकड़े इस बदलाव की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। सरकार के द्वारा किए गए इन सभी प्रयासों का समेकित प्रभाव यह है कि उत्तर प्रदेश में अब स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए लोगों को बाहर जाने की आवश्यकता कम हुई है। योजनाओं की ठोस प्रगति और पारदर्शी क्रियान्वयन ने प्रदेश को 'ईज ऑफ लिविंग' के मामले में एक नए स्तर पर पहुंचाया है, जिससे उत्तर प्रदेश एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राज्य के रूप में तेजी से उभर रहा है।स्वास्थ्य क्षेत्र में वर्ष 2017 के बाद बड़ा विस्तार देखने को मिला है। जहां पहले सीमित संसाधन और अव्यवस्थित ढांचा था, वहीं अब सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 81 हो गई है।

'वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज' के तहत हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का कार्य तेजी से चल रहा है। वर्तमान में 13,600 एमबीबीएस और 6,866 पीजी सीटों पर प्रवेश हो रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5.64 करोड़



लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड प्रदान किए गए हैं, जिससे उन्हें 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।शिक्षा के क्षेत्र में 'ऑपरेशन कायाकल्प' के अंतर्गत 1.32 लाख से अधिक विद्यालयों में 19 बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। डीबीटी के माध्यम से 1.30 करोड़ से अधिक छात्रों को यूनिफॉर्म, जूते, बैग आदि के लिए धनराशि सीधे खातों में भेजी गई है। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देते हुए हजारों स्कूलों में स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब स्थापित की गई हैं। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत करीब 26 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना से कारीगरों और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन को स्थिरता दी है। वर्तमान में 67.50 लाख वृद्धजन, 26.81 लाख निराश्रित महिलाएं और 11.57 लाख दिव्यांगजन पेंशन का लाभ ले रहे हैं। पेंशन राशि को 300 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह किया गया है और अप्रैल 2026 से इसे 1500 रुपये करने का निर्णय लिया गया है। पिछले नौ वर्षों में 62 लाख से अधिक आवास गरीबों को उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं 15 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण से खाद्य सुरक्षा हुई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.86 करोड़ परिवारों को निशुल्क गैस कनेक्शन दिए गए हैं। डीबीटी के माध्यम से 31 विभागों की 191 योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी ठोस परिणाम सामने आए हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 26.81 लाख बेटियां, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से 60 लाख माताएं लाभान्वित हुई हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 5.20 लाख से अधिक बेटियों के विवाह संपन्न कराए गए हैं। ग्रामीण आजीविका मिशन से 1.06 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, जबकि 18.55 लाख महिलाएं 'लखपति' श्रेणी में पहुंच चुकीं हैं।

# उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग की उपलब्धियों से अवगत हुआ जम्मू-कश्मीर का मीडिया दल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ एवं पीआईबी जम्मू के समन्वय से जम्मू-कश्मीर से आए मीडिया प्रतिनिधियों के एक दल ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान दल ने उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव (एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन) एवं खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), श्री शिशिर (आईएएस) से भेंट कर प्रदेश में खादी एवं ग्रामोद्योग के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

बैठक के दौरान श्री शिशिर ने कहा कि उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त



बनाकर 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री शिशिर ने प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजना 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) की सफलता का उल्लेख करते हुए बताया कि इस पहल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में विशेष पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि इसी तर्ज पर 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन कुजीन' (ओडीओसी) कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाया जा रहा है जिससे पारंपरिक शिल्पों को नया मंच प्राप्त होगा और कारीगरों को व्यापक अवसर मिलेंगे। स्वरोजगार को बढ़ावा देने के संबंध में उन्होंने बताया कि 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' के अंतर्गत अब तक लाखों युवाओं को लाभान्वित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया है। इसके अतिरिक्त 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' के तहत पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक टूलकिट एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उनकी उत्पादकता और आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है। जम्मू-कश्मीर से आए मीडिया प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में खादी एवं ग्रामोद्योग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और उपलब्धियों की सराहना की और इसे अन्य राज्यों के लिए प्रेरणादायक मॉडल बताया।

## खबरें एक नजर में

### कलान ब्लाक प्रमुख पति राहुल वर्मा के निधन पर शोक



**कलान, शाहजहांपुर।** भाजपा नेता कलान के पूर्व प्रधान रामगोपाल वर्मा के बड़े बेटे राहुल वर्मा, जिनकी पत्नी रुचि वर्मा कलान की ब्लाक प्रमुख हैं। उनके पति राहुल वर्मा को ब्रेन हेमरेज हो गया था। जिनको बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और देर रात साढ़े दस बजे हो। उनका निधन हो गया, उनके निधन की सूचना पर उनके आवास पर नगर पंचायत अध्यक्ष हरिनारायण गुप्ता शील बाबू गुप्ता, रोहित शर्मा, पूर्व ब्लाक में गेदनलाल गुप्ता, विनोद गुप्ता, संजीव गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, संदीप गुर्जर, रामसिंह, मोहित गुप्ता, धर्मेंद्र यादव जिला पंचायत सदस्य राहुल वर्मा का आज अटेना गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इस दौरान विधायक हरिप्रकाश वर्मा, जलालाबाद जिलाध्यक्ष भाजपा केसी मिश्रा एमएलसी डॉ? सुधीर गुप्ता, भाजपा वरिष्ठ नेता विजय बर्मा के ब्लाक प्रमुख मिर्जापुर प्रयास शुरू रोगवंशी, मिर्जापुर के प्रधान कौशलेन्द्र सिंह दिलीप गुप्ता, पंकज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### राज्यसभा सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से की मुलाकात



**शाहजहांपुर।** राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और शाहजहांपुर जनपद के पुवायां क्षेत्र में जल निकासी के लिए पक्के नाले के निर्माण को लेकर मंत्री को पत्र दिया। पत्र के माध्यम से सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को बताया कि जनपद शाहजहांपुर के पुवायां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहादुरापुर के पास नेशनल हाइवे 731 पर स्थित पुलिया के आसपास के कई गांव वारिश के पानी से प्रभावित होते हैं। इस वारिश के पानी से ग्राम गुटैया नत्थापुर के किसानों की सैकड़ो एकड़ कृषि भूमि में जल भराव एवं मिट्टी का कटाव होता है। जिससे किसानों के धान सहित अन्य फसलों का नुकसान होता है। बताया कि ग्राम नत्थापुर के प्रधान दलजीत सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने कईबार ग्राम बहादुरापुर की उक्त पुलिया से गोमती नदी तक लगभग 700 मीटर लंबे पक्के नाले के निर्माण की मांग की गई है। इसका निर्माण क्षेत्र के किसानों के लिए बहुत जरूरी है। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने केन्द्रीय मंत्री से उक्त समस्या का जल्द निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।

### घर से नाराज होकर गया युवक लापता

**पुवायां, शाहजहांपुर।** गांव पकड़िया हकीम निवासी श्रीराम ने गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। दर्ज रिपोर्ट में बताया कि मेरा 18 वर्षीय पुत्र पवन घर से नाराज होकर कहीं चला गया है। काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा। उन्होंने बताया कि मेरे पुत्र मेरे पुत्र का रंग श्यामला चेहरा लम्बा है शर्ट चौकड़िया पहने हुए है।

### पुवायां में महिला को कार ने मारी टक्कर

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना बण्डा क्षेत्र के गांव बौठा जमालपुर की निवासी उषा देवी पत्नी अश्वनी कुमार वर्तमान में पुवायां के आनंद वाटिका में रहती हैं। यह घटना तब हुई जब वह अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए खाना बनाकर वापस लौट रही थीं। बंडा रोड पर नंदा वर्कशॉप के सामने पहुंचते ही एक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उषा देवी सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। वहां से गुजर रहे लखीमपुर जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के छतिया सरैया निवासी शराफत अली ने तत्काल पीआरबी 112 को सूचना दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां पहुंचाया। घायल उषा देवी की बेटी कविता ने बताया कि पुवायां थाना क्षेत्र के भिलावा के एक व्यक्ति ने अपनी कार से उनकी मां को टक्कर मारी है। टक्कर मारने के बाद मनोज कुमार यादव मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बीमा पॉलिसी के नामपर ऑन लाइन एक लाख 34 हजार की ठगी

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बीमा पॉलिसी का हवाला देकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑन लाइन यूपीआईडी नम्बर पर एक लाख 34 रुपए डलबाकर ठगी किए जाने की पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है । नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी प्रमोद कुमार यादव पुत्र खुमानी सिंह यादव ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसने मैक्स लाइफ इंशोरेंस कंपनी में बीमा कराया था । आरोप है कि उसके मोबाइल पर 21 फरवरी को एक अज्ञात व्यक्ति के चार मोबाइल नंबरों से फोन आए और उसने प्रार्थी के बीमा की सभी जानकारी देकर यूपीआई आईडी पर 36 हजार रुपए भारतीय स्टेट बैंक तिलहर पेटीएम द्वारा डलवा लिए । इसी क्रम में 27 फरवरी को उक्त अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर अपनी यूपीआई आईडी पर 98 हजार रुपए डलवा लिए। इसके बाद भी उक्त व्यक्ति अपने उपरोक्त फोन नंबरों से लगातार फोन करके पैसे डलवाने के लिए परेशान कर रहा है । पुलिस ने धोखाधड़ी कर रुपयों की ठगी किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है ।

### संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप, पति समेत पांच पर मुकदमा, तीन हिरासत में



**खुटार,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज में स्विफ्ट कार की मांग को लेकर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीलीभीत जिले के थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर भजा निवासी सत्यदेव ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री नीतू गंगवार की शादी 22 फरवरी 2024 को मोहनपुर निवासी रचित वर्मा उर्फ इलू के साथ की थी। शादी में सामर्थ्य के अनुसार करीब दस लाख रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था और लगातार स्विफ्ट कार की मांग कर रहा था। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति रचित, जेठ निखिल, ननद जूली, ससुर पवन वर्मा व सास द्वारा नीतू को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। सोमवार रात ग्रामीणों से सूचना मिलने पर मायके वाले मौके पर पहुंचे तो नीतू का शव घर में पड़ा मिला, जबकि ससुराल पक्ष के लोग फरार थे। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि सभी ने मिलकर उनकी पुत्री को जबरन जहर पिलाकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने पति, सास और ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।मृतका अपने पीछे डेढ़ वर्षीय पुत्र श्याम को छोड़ गई है।

# वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, जागरूकता-सुरक्षा का संदेश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण विशेष अभियान के अंतर्गत एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक एवं सीओ अपराध निष्ठा उपाध्याय के साथ वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा वहां विभिन्न प्रकरणों में आश्रय प्राप्त कर रही महिलाओं से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान उनकी वर्तमान स्थिति, आवश्यकताओं एवं सुरक्षा संबंधी पहलुओं की जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें हर संभव सहायता एवं संरक्षण प्रदान किए जाने का भरोसा दिलाया गया। एसपी ग्रामीण द्वारा महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए तथा उन्हें उनके अधिकारों, उपलब्ध सेवाओं एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि केंद्र पर आने वाली प्रत्येक पीड़िता के साथ संवेदनशीलता एवं सहानुभूति के साथ व्यवहार किया जाए तथा उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं समुचित रख-रखाव के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक एवं सीओ अपराध, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना एवं अन्य पुलिस बल उपस्थित रहे। उक्त निरीक्षण के माध्यम से मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के उद्देश्यों नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में प्रभावी प्रयास सुनिश्चित किए गए।

## बुझिया प्राथमिक स्कूल में बच्चों को उपहार देकर नवारंभ उत्सव मनाया गया



**पुवायां, शाहजहांपुर।** तीन वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे बच्चों के बालवाटिका 1 में प्रवेश हेतु तथा 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे बालक,बालिकाओं के कक्षा 1 में प्रवेश हेतु राज्य परियोजना कार्यालय के आदेशानुसार प्राथमिक विद्यालय बुझिया में नवारंभ उत्सव मनाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बालवाटिका 1 और कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया एसआरजी ममता शुक्ला ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा के महत्व तथा उस क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र में बनाए गए लर्निंग कार्नर का निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान शिवमहान सिंह ने ग्राम वासियों से अपील की कि अपने बच्चों को रोज स्कूल भेजने की अपील की । विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रोली गुप्ता ने नव नामांकित बच्चों से रेत पर लेखन कार्य करा कर औपचारिक शिक्षा की शुरुआत कराई। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में नृत्य, अंत्याक्षरी आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में रबजोत कौर, अश्वनी कुमार व आंगनवाड़ी कार्यकत्री शालिनी देवी आदि मौजूद रही।

### जनसेवा केंद्र संचालक पर खाता चेक करने के बहाने दस हजार रुपए निकालने का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र खुटार के गांव टाह खुर्द कलां निवासी विटोली देवी पत्नी जसकरन ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका खाता पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा रौतापुर कलां में है। आज मेरे द्वारा अपनी पासबुक को लेकर के पंजाब एंड सिंध बैंक के नजदीक जन सेवा केंद्र पर खाते को चेक करवाने गई थी जहां पर मौजूद जनसेवा केंद्र संचालक के द्वारा मशीन में अंगूठा लगवा कर दस हजार रुपए निकाल लिए गए पीड़िता ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

## स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान की बैठक संपन्न

▸ युवाओं को उद्योग, सेवा एवं सहकारिता से जोड़कर उन्हें रोजगारयुक्त बनाने का कार्य किया जा रहा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान की बैठक, आर्य महिला इण्टर कालेज के सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुये स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक डा. अमितेश अमित ने सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रत्येक युवा को सरकारी या निजी नौकरी देना सम्भव नहीं है, इसलिए स्वदेशी स्वावबंली अभियान के माध्यम से युवाओं को उद्योग, सेवा एवं सहकारिता से जोड़कर उन्हें रोजगारयुक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। युवाओं को रोजगार एवं स्वावलंबी बनाने हेतु एवं स्वावलंबी केन्द्र स्थापित करने एवं संचालित करने हेतु हम सभी को प्रयास करना है। इसलिये अखिल भारतीय स्तर पर संचालित निधि संग्रह अभियान में सभी संगठन मिलकर इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक निधि संग्रह करें। सहकार भारती के प्रदेश पदाधिकारी एवं स्वावलंबी भारत अभियान समिति के वृज प्रान्त के सह-समन्वयक अभिनव कश्यप ने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार युक्त बनाने के लिये अखिल भारतीय स्तर पर स्वदेशी जागरण मंच अन्य सहयोगी संगठन प्रयास कर रहें हैं कि भारत का प्रत्येक युवा रोजगार युक्त बन सके। वर्तमान में संचालित निधि संग्रह अभियान में अधिक संख्या में सम्मिलित होकर सहयोग प्रदान करें। स्वदेशी जागरण मंच बृज प्रान्त की सह-महिला प्रमुख सावित्री शर्मा ने सम्बोधित करते हुये कहा कि हम सभी बहनों को स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संचालित अभियानों में अधिक से अधिक सम्मिलित होकर सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर मैकू, हरीश कश्यप, इन्द्रपाल कश्यप, देवेन्द्र त्रिपाठी, सर्वेश कुमार गुप्ता, शिव नन्दन सागर, प्रमोद कुमार सक्सेना, समर सक्सेना, मदनलाल कश्यप, राजभूषण जौहरी, नवनीत गुप्ता, राम औतार गुप्ता, सरदार गुप्ता, अरूण गुप्ता, पंकज टण्डन, सुशील वर्मा, महेशचन्द्र, रामधारमण मिश्रा, मनीष मिश्रा, आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर गोष्ठी का आयोजन

**जैतीपुर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



ब्लॉक मुख्यालय पर भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर चर्चा की गई। गोष्ठी के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। डॉ. प्रिंस ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना और सुलभ शौचालयों का उल्लेख किया, जिससे उन्हें मुफ्त गैस कनेक्शन और बेहतर सुविधाएं मिली हैं। उन्होंने पिछली सरकारों के दौरान अराजकता समाप्त होने का भी जिक्र किया। इस अवसर पर उन्होंने समूह की महिलाओं और आंगनबाड़ी सहायिकाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। ब्लॉक प्रमुख पति राजीव कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लिए जनता ही उनका परिवार है। उन्होंने बताया कि सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त ने गोष्ठी में आए अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ, जबकि शिक्षा विभाग से बीईओ प्रतिनिधि नरेश मौर्य, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से शम्श परवीन और जिले से आई पेंशन टीम के अधिकारी मौजूद रहे। गोष्ठी स्थल पर कई विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए गए थे। कार्यक्रम में कटरा खुदागंज ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र कुमार गुप्ता, अंशुल गुप्ता, प्रमोद सिंह चौहान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजकुमार सिंह, मुन्ना सिंह तोमर, सुनील शर्मा, राजपाल सिंह, ऋषिपाल कश्यप सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## करोड़ों के तहसील भवन में आती हैं उधार की कुर्सियां

▸ तिलहर नगर पालिका के कूड़ा वाहन से पहुंचाई गईं साहबों के लिए कुर्सियां



**तिलहर-शाहजहांपुर।** सरकार द्वारा करोड़ों रुपए के खर्च पर बने नवीन तहसील भवन में पालिका के डिपर (कूड़ा वाहन) से पालिका की ही कुर्सियों को मंगवाया अथवा पहुंचाया गया। जो राजस्व विभाग में फर्नीचर का अभाव अवश्य दर्शाता है। गौर तलब है कि सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन में साहबों के लिए बढ़िया कुर्सियों का बाहर से इंतजाम किया गया। समाधान दिवस पूर्ण होने के अगले दिन अर्थात मंगलवार को उक्त कुर्सियों को पालिका वाहन के जरिए गंतव्य तक वापस भेजवा दिया गया। यहां इस खबर का उद्देश्य सरकार द्वारा तहसील भवन का अपना फर्नीचर उपलब्ध कराया जाना मात्र है। बता दें कि नवीन भवन निर्माण होने तक समाधान दिवस का आयोजन ब्लॉक स्थित डबाकरा भवन में होता था। जहां विकास विकास विभाग की ओर से सभागार को मेंटेन किया गया है। काश ! तहसील में राजस्व विभाग का अपना पूर्ण फर्नीचर सरकार से उपलब्ध हो सके। ताकि किसी अन्य विभाग से उधारी का फर्नीचर लेने की जरूरत ही न पड़े।

## सेंट मेरी स्कूल में रुहानिका, आरव व मानशिका रही अव्वल

▸ पुरस्कार वितरण समारोह में बच्चे हुए सम्मानित

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




सेंट मेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सभी कक्षाओं के रैंक धारकों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कार समारोह आयोजित कर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बुधवार को स्कूल अध्यक्ष प्रोविंशियल रेव. फॉदर अश्विनकी अध्यक्षता में मुख्य समारोह शुरू हुआ। जिनके साथ प्रबंधक रेव. फॉदर लाईजू एंटोनी, प्रधानाचार्या रेव. सिस्टर अविला, और रेव. फॉदर राजू, आईएमएस भी मौजूद रहे। फॉदर अश्विन ने रैंक धारकों और उच्चतम उपस्थिति वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले बच्चों में प्राइमरी सेक्शन की हृद्यांशि 99.3, रुहानिका अरोड़ा 99.2, लक्ष्य शर्मा 98 ,जूनियर सेक्शन के आरव त्रिपाठी 98.7, मुबाशरा 97.9, अरीमा सिंह 97.7, सीनियर सेक्शन की मनीषका राठौर 94.83, वर्तिका गंगवार 93.66, अक्षया गुप्ता 92.16 प्रतिशत मेधावी रहे। इस मौके पर फॉदर अश्विन ने शिक्षकों, प्रबंधक व प्रधानाचार्या के प्रयासों की सराहना की। सभी कक्षाओं के परिणाम वितरित किए गए। तदोपरांत शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। अभिभावकों ने अपने बच्चों के अंतिम परीक्षा परिणामों पर चर्चा करते हुए शत प्रतिशत रिजल्ट पर हर्ष व्यक्त करते हुए स्कूल प्रशासन को बधाई का पात्र बताया।

### कार्यदायी संस्था ब्लैक लिस्ट, एफआईआर, जेई, एई निलंबित

**सीएम ने लिया संज्ञान, 24 घंटे में प्रतिमाएं ससम्मान स्थापित हों**

**शाहजहांपुर।** आजादी की लड़ाई में अपना सब कुछ न्योछावर कर देश के लिए मर मिटने वाले शहीदों में पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां व प्रेम किशन खन्ना की टाउनहाल स्थित प्रतिमाओं पर बुलडोजर चलने के बाद शाहजहांपुर में उबाल मचा हुआ है। राजनैतिक दलों व समाजसेवी संस्थाओं, आमजनों द्वारा शासन प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया है। हर कोई इस बुलडोजर कार्यवाही से सिस्टम को कोस रहा है। देररात सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने कड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने रात डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह से फोन पर वार्ता कर मामले की जानकारी ली। जिसके बाद लखनऊ की फर्म फ्लाई इंफ्राटेक को ब्लैक लिस्ट करने के साथ एफआईआर दर्ज कराने और नगर निगम के जेई प्रमोद कुमार व एई मनोज कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही के आदेश दिए हैं। बता दें कि फर्म फ्लाई इंफ्राटेक के प्रो. नितिन अग्रवाल, राकेश पाठक समेत चार लोगों ने मिलकर शहीद प्रतिमाओं के पास सौन्दर्यीकरण कार्य का 40 लाख रुपये में कराने का ठेका लिया था। उनके द्वारा रात के अंधेरे में शहीदों की प्रतिमाओं को तोड़ दिया गया। खंडित प्रतिमाओं व मलबे को डंपिंग यार्ड में फेंकने के बाद शहर में सड़कों पर लोग उतकर प्रदर्शन कर रहे हैं। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगरायुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा के साथ बैठक कर रिपोर्ट मांगी थी। नगर आयुक्त द्वारा डीएम को दी गई रिपोर्ट आधार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। हालांकि सीएम के संज्ञान लेने के बाद उसी स्थान पर प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए बेस बनकर तैयार हो गया है। जल्द ही प्रशासन ससम्मान प्रतिमाएं स्थापित करने की बात कह रहा है।

# दूसरे दिन कांग्रेस ने दिया धरना, लगाए निगम प्रशासन के खिलाफ नारे

▸ शाहजहांपुर में शहीदों की प्रतिमाएं टूटने के मामले में कठोर कार्रवाई की मांग

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर निगम प्रशासन द्वारा रात के अंधेर में बुल्डोजर से ध्वस्त की गई अमर शहीदों की प्रतिमाओं को लेकर दूसरे दिन भी कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने नेतृत्व में जोरदार नारेबाजी करते हुए नगर निगम का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। सभी कांग्रेस जन सुबह से ही बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एकत्र हुए और यहां से हाथों में झंडे लेकर निगम प्रशासन मुर्दाबाद मेयर साहिबा इस्तीफा दो के जोरदार नारेबाजी करते हुए नगर निगम में धरने पर बैठ गए और काफी देर तक गगनभेदी नारे लगाते रहे निगम प्रांगण में कार्यकर्ताओं ने पहले से ही शहीदों के बड़े बड़े कट आउट लगा रखे थे आज के प्रदर्शन में कांग्रेसियों में जोरदार जोश और गुस्सा साफ झलक रहा था प्रदर्शन के बीच ही युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी ने अपने तमाम पदाधिकारीयो के साथ निगम के मुख्य द्वार पर निगम प्रशासन का पुतला फूंका वही धरने पर बैठे जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता को नगर आयुक्त विपिन मिश्रा ने अपने पांच वरिष्ठ नेताओं के साथ अपने कार्यालय में वार्ता के लिए आमंत्रित किया लेकिन जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने साफ इंकार करते हुए धरना स्थल पर ही सबके सामने वार्ता करने की मांग की जिस पर अनगर आयुक्त विपिन मिश्रा बाहर आए जिस पर अमर शहीद अशफ़ाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफ़ाक उल्ला खां ने कहा कि अगर मूर्तियों को हटाना ही था तो इस प्रकार की कार्यवाही क्यों की गई और यदि मूर्तियों को किसी भी सामाजिक संगठन या मुझे खुद सौंप देते तो मैं खुद उनकी उचित जगह पर स्थापना करवा देता क्योंकि अमर शहीदों के बहुत लोग चाहने वाले है। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने जोर देते हुए कहा कि जब तक खंडित की गई मूर्तियों को हमे नहीं सौंपा जाता तब तक ये लड़ाई जारी रहेगी मूर्तियों को हमे सौंप दो ताकि हम उनका उचित सम्मान कर सके। आने वाले समय में ये लड़ाई और तेज होगी। शहीदों के सम्मान में न हम चैन से बैठेंगे और न ही निगम के किसी भी अधिकारी को चैन से बैठने देंगे। नगर निगम की ईट से ईट बजा देंगे। अगली रणनीति बनाने के लिए काफी देर चले धरने को समाप्त किया गया। आज के प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, प्रदेश महासचिव कुमुद गंगवार, अनूप वर्मा, हरदोई जिलाध्यक्ष विक्रम पांडे, बदायूं के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह,बदायूं कॉर्डिनेटर सुनीता सिंह, सुरेश शुक्ला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना कटारिया, अल्प संख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी, पार्षद तालिब खान, पूनम पांडेय, तनवीर सफदर, पवन सिंह, तसनीम अली खान, उन्नत मिश्रा सहित सैकड़ों पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिला युवा कांग्रेस ने नगर निगम प्रशासन का पुतला फूंका

**शहीदों की प्रतिमाएं तोड़े जाने के कारण जिले में आक्रोश**



**शाहजहांपुर।** जिला युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम जी अवस्थी के नेतृत्व में शहीदों की प्रतिमाओं के सौन्दर्यकरण के नाम पर नगर निगम द्वारा खंडित कर तोड़ने के विरोध में नगर निगम कार्यालय के मुख्य गेट पर नगर निगम प्रशासन का पुतला फूंका गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी ने कहा कि शहीदों की नगरी के नाम से प्रसिद्ध शाहजहांपुर में शहीद दिवस के दिन नगर निगम के ठेकेदार द्वारा शहीदों की प्रतिमाओं को तोड़ दिया जाना अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्ववादी सरकार में यह जानना आवश्यक है कि मूर्तियों में 40 दिन के बाद प्राण प्रतिष्ठा हो जाती है, जबकि इन शहीद प्रतिमाओं को लगे हुए 40 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है। ऐसे में शहीदों की प्रतिमाओं को तोड़ने वाले व्यक्तियों पर हत्या और देशद्रोह का मुकदमा भी दर्ज किया जाना चाहिए।श्री अवस्थी ने आगे कहा कि ये प्रतिमाएं हमें प्रेरणा देती थीं और हमारे सम्मान का प्रतीक थीं। नगर निगम बनने के बाद से आम जनता लगातार परेशान है। कई वर्षों से टिके हुए अधिकारियों की मिलीभगत के कारण ही यह घटना हुई है। यदि इन दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध देशद्रोह जैसी उचित कार्यवाही नहीं की गई तो युवा कांग्रेस आगे और भी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी।इस मौके पर प्रमुख रूप से अनस इकबाल,जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सोभित मिश्रा,शिवओम मिश्रा,जिला सचिव मोहम्मद आमिर, मोहम्मद अनस, महानगर अध्यक्ष शाहनवाज खान, मोहसिन खान, प्रदेश प्रवक्ता शाश्वत मिश्रा, प्रत्युष मिश्रा, मोहम्मद अयान, हिमांशु मुदगल, सुधांशु मिश्रा, हसन खान, परवेज अहमद, सौरभ मिश्रा, जमाल खान, केशव मिश्रा, राहिल अंसारी, नितिन तिवारी, अनुभव दुवेदी, जितेंद्र, आशीष तिवारी, प्रो जाने आलम समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# 10 आयुष्मान गोल्डन कार्ड न बनाने पर कटेगा मानदेयः डीएम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में की गई। जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतकों की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा की गयी। सीएमओ द्वारा एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति एवं लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति से अवगत कराया गया। डीएम ने आयुष्मान गोल्डन कार्ड की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रति सीएचओ प्रतिदिन 10 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनना सुनिश्चित करें, जो प्रति सीएचओ प्रतिदिन 10 से कम आयुष्मान कार्ड बनाने पर उस दिन का मानदेय कटेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एमओआईसी के अधीनस्थ सभी सीएचओ प्रतिदिन में से किसी का भी 10 से कम बनने पर संबंधित एमओआईसी का भी उस दिन का वेतन कटेगा। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में लापरवाही न बरती जाए। बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण के स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं-कार्यक्रमों के संचालन की सतर्क मॉनीटरिंग भी की जाए। डीएम ने कहा कि चिकित्साधिकारी अपने चिकित्सालयों में मरीजों के उचित देखभाल से संबंधित बेसिक सुविधाओं जैसे-बैठने की व्यवस्था, पानी, शौचालय, व्हीलचेयर सहित अन्य चिकित्सीय उपकरणों आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखें। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य संबंधी आधारभूत सुविधाओं लोगों को उपलब्ध कराएं। आभा- आईडी एवं आयुष्मान कार्ड बनाए जाने में प्रगति लाने का निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में कार्यों का लक्ष्य एवं गुणवत्ता के सापेक्ष प्रगति की लाने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण आदि व्यवस्थाओं का समीक्षा करते हुए निर्देश दिए। सीडीओ डा.अपराजिता सिंह,सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अभियान को सफल बनाने में संबंधितों की होगी अहम भागीदारीः डीएम

**संचारी- दस्तक अभियान के दृष्टिगत डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश**




**शाहजहांपुर।** जनपद में 1 से 30 अप्रैल तक चलाये जाने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान के सफल आयोजन हेतु डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में द्वितीय जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में की गई। सभी संबंधित अधिकारियों को 28 मार्च तक माइक्रो प्लान स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया, दिमागी बुखार आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों को दृष्टिगत जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। डीएम ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में 1 से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 1 अप्रैल से पहले संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। स्वच्छता हेतु फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाए। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों-नालों व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में हैण्डपम्पों की पानी टेस्टिंग कराने के साथ-साथ नगर निकायों में ओवर हेड टैंकों की सफाई कराये। विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त ली। साथ ही उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायतीराज, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कृषि, पशुपालन तथा अन्य सभी सबंधित विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण की के संबंध में कार्यवाही करें।

## गैस को लेकर नहीं होगी परेशानी, 21 दिन बाद ले सकेंगे सिलेंडर

**रोजा, शाहजहांपुर।** कई वर्ष पूर्व रोजा जंक्शन में रेलवे कर्मचारियों के लिए, गैस एजेंसी आदर्श नगर कॉलोनी में स्थापित हुई थी ताकि रोजा महिला देहात के नाम से खोली गई थी। कई वर्षों से सभी वर्ग के लोगों को गैस की आपूर्ति की जा रही थी। सामान्य सिलेंडर उज्ज्वला सिलेंडर कमर्शियल सिलेंडर किसी को कोई परेशानी नहीं हो रही थी। किंतु वर्तमान समय में खाड़ी देशों में युद्ध को लेकर रोजा गैस एजेंसी एक बार फिर देहात में तब्दील हो गई और रोजा गैस कनेक्शन वालों को 45 दिनों की बुकिंग का मैसेज आते ही रोजा जंक्शन गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी गई। जिसको लेकर रोजा जंक्शन गैस एजेंसी के प्रोपराइटर और क्षेत्रीय लोगों ने पत्राचार किया। उसके बाद वित्त मंत्री के हस्तक्षेप पर एक बार फिर देहात से सिटी में तब्दील हो गई और 21 दिन के बाद बुकिंग प्रारंभ हो गई। जिससे क्षेत्रीय लोगों में एक बार फिर खुशी की लहर दौड़ गई। खास तौर से महिलाओं में काफी खुशी देखी गई। क्योंकि 45 दिन तक सिलेंडर चलाना काफी मुश्किल काम है। किसी के पास यदि एक सिलेंडर है तो 45 दिन चलाना बहुत मुश्किल है। यह किसी के पास डबल गैस कनेक्शन है तो थोड़ी दिक्कत है। रोजा जंक्शन गैस एजेंसी पर समान गैस कनेक्शन 14000 हैं और उज्ज्वला गैस का जन्म कनेक्शन लगभग 4000 हैं। कमर्शियल गैस के सिलेंडर कनेक्शन लगभग 15 है। रोजा गैस एजेंसी से 69 गांव के लोग गैस की आपूर्ति करते हैं। समय-समय पर बुकिंग करा कर सभी लोगों को सामान्य दिनों में गैस मिल जाती है। वर्तमान समय में गैस का संकट आने पर जिनके गैस के कनेक्शन नहीं है उनको बुकिंग में दिक्कत हो रही है बाकी सभी उपभोक्ताओं को आसानी से गैस मिल रही है। रोजा जंक्शन गैस एजेंसी पर प्रतिदिन 300 गैस सिलेंडर का आवंटन किया जाता है। वर्तमान समय में घरों में भी गैस पहुंचाने की प्रक्रिया चल रही है। जिसके लिए कुछ अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता है और बुकिंग होने के अगले 48 घंटे में गैस सिलेंडर घर पर पहुंच जाता है। रोजा गैस एजेंसी के मैनेजर ने बताया किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है गैस बुकिंग कराया और 48 घंटे में सिलेंडर घर पर पहुंच जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला 30 को

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा के आईटीआई में 30 मार्च को अप्रेंटिस मेले का आयोजन होगा। युवाओं को रोजगारपरक कौशल सीखने व व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। आईटीआई के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने बताया कि अप्रेंटिसशिप मेला सोमवार को प्रातः दस बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा। मेले में सरकारी व गैर सरकारी कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी पोटर्ल पर अपना पंजीकरण कराकर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। श्री कुमार ने बताया कि संस्थान पर भी एक निःशुल्क पंजीकरण कांउन्टर खोला गया है। प्रशिक्षार्थी समस्त शैक्षिक अभिलेखों व एक फोटो के साथ पंजीकरण करा सकते हैं।

### दशमेश एकेडमी में वार्षिक परीक्षाफल एवं सम्मान समारोह



**पुवायां, शाहजहांपुर।** दशमेश एकेडमी, दिउरिया के प्रांगण में वार्षिक परीक्षाफल वितरण का भव्य आयोजन किया गया। यह दिन विद्यालय के लिए गौरव और हर्षोल्लास से भरा रहा। समारोह की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक श्री बी.एस. महरोक एवं प्रधानाचार्या श्रीमती अलका रानी वाजपेयी जी के द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। माँ के आशीर्वाद के साथ ही परीक्षाफल वितरण का शुभ कार्य संपन्न हुआ।विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत से उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया जिसमें कक्षा–5के छात्र दीपेंश ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया व द्वितीय स्थान कक्षा–4 से विदिता देवी और तृतीय स्थान कक्षा–6 से आर्या देवी ने प्राप्त किया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी मेधावी बच्चों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर विद्यालय के सह–प्रबंधक गुरसेवक महरोक, आर.के. महरोक, विद्यालय कोऑर्डिनेटर गौतम वाजपेयी एवं समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल एवं स्वर्णिम भविष्य की मंगल कामना की।

### शिक्षकों द्वारा बच्चों को फूल भेंट कर उनका अभिनंदन



**शाहजहांपुर।** वार्षिक अवकाश के पश्चात मदरसा नुरुल हुदा, बिजलीपूरा के पुनः खुलने पर बुध बार को विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। लंबे अवकाश के बाद जब छात्र छात्राएं मदरसे पहुंचे तो शिक्षकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शिक्षकों द्वारा बच्चों को फूल भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। मदरसा प्रधानाचार्य इक़बाल हुसैन उर्फ फूलमियां के निर्देशन में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह और लगाव को बढ़ाना रहा। उन्होंने कहा कि अवकाश के बाद नए सत्र की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा के साथ होना बेहद आवश्यक है, जिससे बच्चे पूरे मनोयोग से अपनी पढ़ाई में जुट सकें। शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को अनुशासन, नियमित उपस्थिति एवं मेहनत के महत्व के बारे में भी बताया। साथ ही उन्हें आगामी शैक्षिक गतिविधियों और पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यालय परिसर को भी साफ–सुथरा एवं आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे एक सुखद वातावरण बना रहा। छात्र छात्राओं ने भी शिक्षकों द्वारा किए स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया और नए सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### किचन गार्डन एवं लाइब्रेरी देखकर प्रधानाध्यापक की प्रशंसा



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** एमए पब्लिक स्कूल मुड़िया मोड़ सिंधौली के प्रबंधक ने गर्वापुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में किचन गार्डन एवं लाइब्रेरी देखकर प्रधानाध्यापक की प्रशंसा की। प्रधानाध्यापक विजयपाल ने बताया कि हमारे किचन गार्डन को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने किचन गार्डन की प्रशंसा की एवं शिक्षक संघ में ब्लॉक महामंत्री बनने पर विजयपाल को बधाई दी एवं स्मृति चिन्ह देकर प्रधानाध्यापक एवं सहायक शिक्षिका शेफ्ता को सम्मानित किया। इस मौके पर अब्दुल रहमान खान कृष्ण पाल गौतम वासुदेव सिंह मौजूद रहे।

### नवारम्भ उत्सव धूमधाम से संपन्न, बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम



**शाहजहांपुर।** भावलखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय नईबस्ती में नवारम्भ उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। उत्सव के दौरान बाल वाटिका में नामांकित 6 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों ने अपने बच्चों का कक्षा एक में नामांकन फार्म भरकर विद्यालय में प्रवेश दिलाया। इससे विद्यालय में नामांकन बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक पहल देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ विनय मिश्रा ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के चलते अब परिषदीय विद्यालय कॉन्वेंट विद्यालयों से भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सभी कक्षाओं में परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान शम्भू दयाल ने नव नामांकित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित करते हुए अभिभावकों से अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ–साथ यूनिफॉर्म, जूते–मोजे एवं बैग के लिए 1200 रुपये की धनराशि भी अभिभावकों के खाते में भेजी जाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार ने की। उन्होंने शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने एवं सभी बच्चों को अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा दिलाने पर बल दिया। कार्यक्रम के आयोजक एवं प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी ने कहा कि विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करना और क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण एवं रुचिकर शिक्षा उपलब्ध कराना ही उनका लक्ष्य है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिव कुमार, दिनेश आनंद, प्रेक्षा अवस्थी, कल्पना सिंह, गौरी मिश्रा, रामचंद्र, राजीव, विशोक, मोहनी एवं किरन सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# हाईवे से सीधे जोड़ी गई डामर सड़क, बिना अनुमति बना खतरनाक कट

**सड़क को दो मुख्य हाइवे बिना संकेत गया जोड़ा, खुटार में हाईवे बना हादसों का केंद्र**



**खुटार, शाहजहांपुर।** नगर में की जा रही प्लाटिंग मे एक डामर सड़क को सीधे हाईवे से जोड़ दिया गया है, जहां किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था या वैधानिक अनुमति के संकेत नहीं दिख रहे हैं। हाईवे से इस तरह का अवैध कट बनाकर सड़क जोड़ना नियमों के खिलाफ होने के साथ-साथ बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। फोटो में देखा जा सकता है कि जहां यह सड़क हाईवे से मिल रही है, वहां न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही स्पीड कंट्रोल के लिए कोई इंतजाम किया गया है। इसके अलावा सड़क दो मुख्य हाइवे से जोड़ दिया गया। जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा और बढ़ गया है। नियमों के तहत हाईवे से किसी भी सड़क को जोड़ने के लिए संबंधित विभाग से मंजूरी लेना और निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य होता है, लेकिन यहां इन सभी नियमों को नजरअंदाज किया गया है। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर जिम्मेदार विभाग इस पूरे मामले पर चुप क्यों हैं? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही कार्रवाई होगी? प्रशासन से मांग है कि इस अवैध कट को तत्काल बंद कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

> अमीन को जांच के लिए निर्देशित किया गया है मौके पर भेज कर सीमांकन कराया जाएगा।
> –विजय राज सिंह
> सहायक अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, शाहजहांपुर

## मुख्यमंत्री से पूर्व सीबीए महासचिव ने मजिस्ट्रियल जांच की मांग



**शाहजहांपुर।** जनपद में काकोरी कांड के शहीदों की प्रतिमाओं को खंडित किए जाने के मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं संज्ञान लेकर कार्यवाही करने की बात कही और जिम्मेदार को निलंबित किए जाने के जांच करने एवं एफआईआर दर्ज करने की बात की गई है। वही सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव अनीत त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग की कि जीरो टॉलरेंस की नीति के अंतर्गत वाकई दोषी लोगों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज हो और उसमें उस व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर जरूर हो, जो निर्माण कार्य में रूपरेखा तैयार करने के लिए जिम्मेदार था तथा उस जिम्मेदार अधिकारी जिसको मूर्तियां प्रतिस्थापित करने की रूपरेखा तैयार करनी थी, उसने लापरवाही की अपने कर्तव्यों का सही से निर्वहन नहीं किया। उसका नाम पहले एफआईआर में हो तथा साथ ही साथ एफआईआर प्रीवेंशन आफ डैमेजेस टू पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1984 के तहत सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज हो। साथ मुख्यमंत्री द्वारा जांच उच्च स्तरीय कराई जाए, जिसमें मजिस्ट्रेटियल जांच हो, जिसमें समय अवध भी निर्धारित की जाए। साथ ही साथ समय–समय पर जांच से पब्लिक को अवगत कराया जाए और जो जांच हो उसमें जो बाकई दोषी हो उनके विरुद्ध जांच होकर केवल लीपापोती ना हो सके। दोषियों के विरुद्ध जल्द से जल्द सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज हो, कार्यवाही हो अगर ऐसा नहीं होता है तो जन मानस की भावना जो आहत हुई है जो हमारी जनता को दुख सहना पड़ा है उसके लिए मैं माननीय न्यायालय में दोषियों के विरुद्ध मुकदमा प्रस्तुत करूंगा।

## बच्चों की सुरक्षा में ढील नहीं, नोटिस जारी



**शाहजहांपुर।** शिक्षा सत्र शुरू होने से पूर्व परिवहन विभाग ने कमर कस ली है और स्कूली वाहनों का स्थलीय निरीक्षण कर नोटिस जारी किए हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने अलग अलग टीम बनाकर निरीक्षण किया। शहर में बच्चों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी कड़ी में परिवहन विभाग ने शहर के एक दर्जन से अधिक प्राइवेट स्कूलों के स्कूली वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में दून इंटरनेशनल, सरस्वती इंटर कॉलेज, सुदामा, कर्नल, रेयान, सन इंस्टीट्यूट समेत कई प्रमुख शिक्षण संस्थानों के स्कूल बसों और वाहन चालकों की जांच की गई।निरीक्षण के दौरान नियमों का पालन न करने वाले वाहनों और स्कूलों के खिलाफ नोटिस जारी किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्कूल प्रशासन से अपेक्षा की गई है कि वे वाहन सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें।

## महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को किया जागरूक

**गढिया रंगीन, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं अपार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यावरण में थाना परौर में पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक रामेंद्र सिंह के नेतृत्व में महिला सुरक्षा केंद्र टीम के साथ मिशन शक्ति पेज 5.0 द्वितीय चरण विशेष अभियान के अंतर्गत एक प्रभावी जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के मूल उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए थाना क्षेत्र की समाजसेवी एवं जागरूकता महिलाओं को थाना परिसर में आमन्त्रित किया गया। उपस्थित महिलाओं को शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा निर्देश की उपयोगिता तथा समाज में महिलाओं की सशक्त भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बालिका सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन आपातकालीन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 181 महिला हेल्पलाइन नंबर 102 एवं 108 स्वास्थ्य सेवाएं 1070 आपदा प्रबंधन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर तथा क्षेत्र मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा उनके उपयोग हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं का उत्साह उत्साहवर्धक करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। जिससे उनमें आत्मविश्वास आत्मविश्वास एवं सहभागिता की भावना सुदृढ हुई साथ ही दामिनी टीम एवं महिला सुरक्षा केंद्र टीम द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर पर्यावरण सरक्षाण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश भी प्रसारित किया गया है। अंत में दामिनी पहल टीम द्वारा महिला सशक्तिकरणन हेतु पुलिस के साथ निरंतर सहयोग बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया गया जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक समर्थक पहल है मौके पर उ.नि वीकेश कुमार, म.उ.नि. प्रभात चौधरी, म.का मंजू का. हिमांशु मौजूद रहे।

## 11 युवा बने सड़क सुरक्षा मित्र, फरीदाबाद हरियाणा में विशेष प्रशिक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



माय भारत शाहजहांपुर के 11 स्वयंसेवकों ने 16 से 18 मार्च तक फरीदाबाद में आयोजित तीन दिवसीय सड़क सुरक्षा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और सफलतापूर्वक सड़क सुरक्षा मित्र के रूप में प्रशिक्षित हुए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार तथा माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों जैसे भूमिका एवं जिम्मेदारियाँ, जन-जागरूकता, प्राथमिक उपचार, दुर्घटना की स्थिति में त्वरित सहायता, यातायात नियमों का पालन, राजमार्ग एंबुलेंस, राजमार्ग गश्ती, संजया एवं ई-डार ऐप का उपयोग, दुर्घटना संभावित स्थल (ब्लैक स्पॉट) तथा रात्रि सड़क परीक्षण आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस प्रशिक्षण में शाहजहांपुर के स्वयंसेवक शैलेन्द्र सिंह, दिव्यांशी, शगुन सक्सेना,रुद्र प्रताप, मो अमन, नीतिश, अनिकेत, सूरज, विनय प्रताप साथ ही अमित श्रीवास्तव, एवं आकांक्षा, ने तकनीकी सड़क परीक्षण (रोड ऑडिट) का विशेष प्रशिक्षण भी प्राप्त किया, जो सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षकों में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास के कर्नल संजीव शर्मा ऋतुराज पटेल, पंकज मेहरा एवं रंजीत चौधरी जैसे विशेषज्ञ शामिल रहे। इसके अतिरिक्त फरीदाबाद यातायात प्रभारी द्वारा भी सत्र लिया गया तथा हेलमेट मैन ऑफ इंडिया ने विशेष सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया। समापन अवसर पर सचिव श्री वी. उमाशंकर (सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा प्रतिभागियों को मंत्रालय बुला कर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने-अपने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के जागरूक पैरोकार बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि युवा यदि ठान लें तो सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं, और समाज में जागरूकता फैलाना उनकी अहम जिम्मेदारी है। अपर सचिव महमूद अहमद, निदेशक आरपी शुक्ला भी उपस्थित रहे। जिला युवा अधिकारी माय भारत शाहजहांपुर मयंक भदौरिया ने कहा कि जनपद के युवाओं का इस राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण में प्रतिभाग करना गर्व का विषय है। ये सभी 'सड़क सुरक्षा मित्र' बनकर जिले में जागरूकता अभियान चलाएंगे और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत सभी स्वयंसेवक अब अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता फैलाने एवं लोगों को सुरक्षित करने का काम करेंगे।

## विधायक ने उन्मुखीकरण कार्यशाला में निपुण बच्चों को किया सम्मानित



**तिलहर, शाहजहांपुर।** ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाहा ने निपुण बच्चों को सम्मानित किया। बुधवार को ब्लॉक सभागार में मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाहा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विधायक सलोना कुशवाहा ने कहा कि शिक्षकों और ग्राम प्रधानों का देश के विकास में विशेष योगदान है। यह लोग बच्चों की शिक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करें। ब्लॉक प्रमुख कविता यादव ने स्कूल चलो अभियान के बारे में जानकारी देते हुए स्कूलों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने की अपील की। शिक्षकों ने अपने पढ़ाने की प्रतिभा को टीएलएम के माध्यम से प्रदर्शित किया जिस पर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सौरभ गुप्ता रवि, सुधीर गंगवार, जितेंद्र कुमार, अरविंद राठौर, सागर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जनगणना के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह कीअध्यक्षता में सेंट पॉल इंटर कॉलेज में भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत जनपद में आयोजित तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच के समापन के उपरांत द्वितीय बैच, जिसमें 24 फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत 104 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रथम चरण में 80 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ व द्वितीय चरण में 24 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण 25 मार्च को संपन्न हुआ। डीएम ने फील्ड ट्रेनरों को अवगत कराया कि यदि प्रशिक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उसके समाधान हेतु संबंधित से साझा करें। समूह में विशेषज्ञों द्वारा समय-समय पर प्रश्नों के उत्तर प्रदान किए जाएंगे, जिससे समान प्रकार की जिज्ञासा रखने वाले अन्य फील्ड ट्रेनरों को भी लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी बताया कि अध्ययन के प्रति उत्साही फील्ड ट्रेनर भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के जनगणना निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध प्रशिक्षण वीडियो, पीडीएफ एवं अन्य अध्ययन सामग्री का अवलोकन करें। अध्ययन के उपरांत उसका संक्षिप्त सार तैयार कर समूह में साझा करें, जिससे सभी फील्ड ट्रेनर परस्पर सहयोग से अपने कार्य को और अधिक प्रभावी ढंग से संपादित कर सकें। फील्ड ट्रेनरों की ड्यूटी यथासंभव उनके कार्यस्थल के समीप ही निर्धारित की जाएगी, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही फील्ड ट्रेनरों को निर्देश दिए कि वे अपनी सुविधा के अनुसार दो-दो के समूह (पेयर) बना लें, जिनके आधार पर उनकी ड्यूटी निर्धारित की जाएगी।डीएम ने बताया कि फील्ड ट्रेनर ही एन्यूमरेटर एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण के उपरांत एन्यूमरेटर एवं सुपरवाइजरों की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिससे यह आकलन किया जा सके कि उन्हें प्रशिक्षण किस स्तर का प्राप्त हुआ है। इस परीक्षा से दोनों की कार्यकुशलता एवं योग्यता का भी मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण को धैर्य पूर्वक, स्पष्ट रूप से तथा पर्याप्त समय देकर संपन्न कराया जाए। आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण दो या तीन चरणों में भी आयोजित किया जा सकता है। वास्तविक जनगणना कार्य प्रारंभ होने पर फील्ड ट्रेनरों को सुपरवाइजर संबंधी दायित्वों में भी लगाया जाएगा। द्वितीय बैच के फील्ड ट्रेनरों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तथा उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करेंगे। एडीएम वित्त एवं जिला जनगणना अधिकारी अरविंद कुमार द्वारा बताया कि 1 से 15 अप्रैल तक फील्ड ट्रेनरों द्वारा एन्यूमरेटर एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे फील्ड ट्रेनरों को अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करना है, अतः प्रशिक्षण को गंभीरता से ग्रहण करें तथा किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न करें। निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार निर्धारित अवधि तक प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा जो विषय प्रशिक्षण हेतु निर्धारित किए जाएंगे, उन्हीं के अनुरूप कार्य संपादित करना होगा।

## कड़ी मेहनत के बावजूद घाटे का सौदा

एक डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, अफसर या कारोबारी अक्सर यही चाहते हैं कि उनकी अगली पीढ़ी उन्हीं के पेशे को आगे बढ़ाए। लेकिन इस मामले में किसान एक अपवाद है। बहुत कम किसान चाहते हैं कि उनकी संतान भी खेती करे। देश में खेती–किसानी के सामने सबसे बड़ा मौन संकट यही है कि किसानों की नई पीढ़ी की गांव, खेत–खलिहान से जुड़ी जड़ें लगातार कमजोर पड़ रही हैं। कड़ी मेहनत के बावजूद खेती उनके लिए घाटे का सौदा है। ऐसे में शहरों या विदेशों में नौकरी के लिए जाना उन्हें ज्यादा सही लगता है। नतीजा यह है कि गांवों में ज्यादातर बुजुर्ग किसान बचे हैं, जो अपनी जड़ों (खेतों) से जुड़े रहना चाहते हैं। देश की करीब 46 प्रतिशत आबादी आज भी खेती पर निर्भर है, जबकि देश की जी.डी.पी. में 16 प्रतिशत योगदान खेती का है। यह अंतर साफ बताता है कि खेती का दायरा बड़ा है लेकिन देश की अर्थव्यवस्था में उसकी घटती हिस्सेदारी एक बड़ी चुनौती है। यहां आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस यानी ए.आई. एक बड़े बदलाव की राह खोल सकता है। यह सिर्फ एक नई टैक्नोलॉजी नहीं, बल्कि खेती को पूरी तरह बदल देने वाली ताकत बन सकता है। ए.आई. के जरिए खेती को डाटा और टैक्नोलॉजी आधारित स्मार्ट खेती, ज्यादा मुनाफेमंद व सबसे अहम, युवाओं को इससे जोड़ा जा सकता है। ए.आई. खेती के तौर–तरीके बदल रहा है। अब सैटेलाइट तस्वीरों, मिट्टी की जांच, मौसम के पैटर्न और फसल की स्थिति के आधार पर किसानों को तुरंत सलाह मिल सकती है। इससे किसान सही समय पर बुवाई कर सकता है, खाद एवं कीटनाशकों का संतुलित उपयोग कर सकता है और बाजार में सही समय पर फसल बेच सकता है। ए.आई. आधारित खेती से उत्पादन में बढ़ौतरी, पानी और रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों की खपत काफी घटाई जा सकती है। स्मार्ट फोन और डिजिटल दुनिया में पली–बढ़ी नई पीढ़ी के लिए यह बदलाव खेती को टैक्नोलॉजी आधारित पेशे में बदल देता है, जहां डाटा एनालिटिक्स भी उतने ही जरूरी हैं, जितने खेती के दूसरे पारंपरिक संसाधन। भारत के पास कृषि से जुड़े विशाल डाटा में मौसम, मिट्टी, सैटेलाइट और फसलों संबंधी आंकड़े हैं, लेकिन अभी भी 10 प्रतिशत से कम किसान डिजिटल सलाह का इस्तेमाल करते हैं। यानी टैक्नोलॉजी का असली फायदा अभी खेतों की पहुंच से परे है। हालांकि अब तस्वीर बदलने लगी है। 'किसान ई–मित्र' जैसे प्लेटफॉर्म रोज हजारों किसानों के सवालों का जवाब दे रहे हैं। 1966 में हरित क्रांति और मशीनीकरण की अगुवाई करने वाले पंजाब और हरियाणा के कई इलाकों में महिलाएं ड्रोन से फसलों की निगरानी और कीटनाशकों का छिड़काव कर रही हैं। यह संकेत है कि आने वाले समय में गांवों की अर्थव्यवस्था भी डिजिटल टैक्नोलॉजी से बदलेगी। यानी ए.आई. रोजगार कम नहीं करेगी, बल्कि खेती को कुशल और सम्मानजनक पेशे में बदल सकती है। दुनिया के कई देशों ने साबित किया कि जब खेती टैक्नोलॉजी से जुड़ती है, तो युवा खुद–ब–खुद उससे जुड़ते जाते हैं। चीन का उदाहरण बेहद दिलचस्प है। भूजल संकट के बावजूद भारत लगभग 4.4 करोड़ हैक्टेयर में धान उगाता है, जबकि भूजल सरंक्षण के लिए चीन ने धान का रकबा घटाकर 2.8 करोड़ हैक्टेयर कर दिया है। बावजूद इसके चीन का चावल उत्पादन भारत से सिर्फ 50 लाख टन कम है। भारत में प्रति हैक्टेयर चावल उत्पादन करीब 2.3 टन है, जबकि चीन में प्रति हैक्टेयर 4 टन, यानी भारत से 70 प्रतिशत ज्यादा उत्पादन। अमरीका में 'सी एंड स्प्रे' जैसी तकनीक कम्प्यूटर विजन के जरिए सिर्फ खरपतवार पर ही दवा डालती है, जिससे कैमिकल कीटनाशकों का इस्तेमाल 90 प्रतिशत तक घट जाता है। मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, किसानों के कौशल विकास और दूरदर्शी नीतियों को यदि सही ढंग से लागू किया जाए, तो खेती आधुनिक, सम्मानजनक और मुनाफेमंद हो सकती है। तब शायद किसान भी गर्व से कह सकेगा कि 'मेरी संतान भी किसान बनेगी।'

# धर्मांतरण पर सबसे बड़ा प्रहार



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी





वैश्विक स्तर पर भारत जैसे बहु–धार्मिक,बहु– सांस्कृतिक और बहु–जातीय समाज में धर्म, जाति और सामाजिक न्याय का प्रश्न केवल कानूनी मुद्दा नहीं, बल्कि ऐतिहासिक, सामाजिक और राजनीतिक विमर्श का केंद्र रहा है। 24 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया द्वारा सुनाया गया ताजा फैसला इसी जटिल विमर्श को एक बार फिर राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ले आया है। इस निर्णय में अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि हिंदू,सिख और बौद्ध धर्म को छोड़कर अन्य धर्म विशेषकर ईसाई और इस्लाम अपनाने वाले व्यक्तियों को अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा और उससे जुड़े आरक्षण लाभ प्राप्त नहीं होंगे। यह निर्णय केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं है, बल्कि भारतीय संविधान की मूल भावना, ऐतिहासिक अन्याय के प्रतिकार और आधुनिक सामाजिक संरचना के बीच संतुलन बनाने का प्रयास भी है। मैं बताना चाहूंगा कि इस निर्णय की जड़ें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 और कंस्टीटूशन (शेड्यूल्ड क़ास्ट्स) आर्डर 1950 में निहित हैं। 1950 के इस आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि अनुसूचित जाति का दर्जा केवल उन व्यक्तियों को मिलेगा जो हिंदू धर्म का पालन करते हैं। बाद में इसमें संशोधन कर सिख (1956) और बौद्ध (1990) धर्मों को भी शामिल किया गया, लेकिन ईसाई और मुस्लिम समुदायों को इस दायरे से बाहर रखा गया। अदालत ने अपने ताजा फैसले में इसी संवैधानिक ढांचे को पुनः पुष्ट करते हुए कहा कि धर्मांतरण के साथ ही व्यक्ति का एससी दर्जा तत्काल और पूर्ण रूप से समाप्त हो जाता है।यह फैसला आंध्र प्रदेश से जुड़े एक मामले पर आधारित है, जिसमें चिंथाडा आनंद नामक व्यक्ति जो ईसाई पादरी थे,ने एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि उनके साथ जातिगत भेदभाव और अपमानजनक व्यवहार किया गया। हालांकि, उच्च न्यायालय ने यह कहते हुए एफआईआर रद्द कर दी कि ईसाई धर्म अपनाने के बाद आनंद का अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो चुका है, इसलिए उन्हें इस कानून के तहत संरक्षण नहीं मिल सकता। इस निर्णय को सर्वोच्च न्यायालय ने भी बरकरार रखा, जिससे यह सिद्धांत और अधिक मजबूत हो गया कि धर्म परिवर्तन केवल आस्था का परिवर्तन नहीं, बल्कि कानूनी पहचान में भी बदलाव लाता है।यहां यह समझना आवश्यक है कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 प्रत्येक नागरिक को धर्म की स्वतंत्रता प्रदान करता है जिसमें किसी भी धर्म को मानना,उसका पालन करना और उसका प्रचार करना शामिल है।लेकिन यह स्वतंत्रता पूर्णतः निरपेक्ष नहीं है; इसके साथ कुछ सामाजिक और कानूनी परिणाम भी जुड़े होते हैं।अदालत ने अपने फैसले में इसी संतुलन को रेखांकित करते हुए कहा कि आरक्षण का आधार केवल आर्थिक पिछड़ापन नहीं, बल्कि उस विशेष सामाजिक और धार्मिक ढांचे में झेली गई ऐतिहासिक प्रताड़ना है।चूंकि जाति व्यवस्था मुख्यतः हिंदू सामाजिक संरचना से जुड़ी मानी जाती है, इसलिए अन्य धर्मों में जाने पर उस विशेष प्रकार की सामाजिक पहचान स्वतः समाप्त हो जाती है।

साथियों बात अगर हम ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और संवैधानिक ढांचा इसको समझने की करें तो भारत में अनुसूचित जातियों की अवधारणा का मूल उद्देश्य उन समुदायों को विशेष संरक्षण देना था, जिन्होंने सदियों तक सामाजिक भेदभाव और अस्पृश्यता का सामना किया। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश,1950 इस संदर्भ में सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इस आदेश के अनुसार, प्रारंभ में केवल हिंदू धर्म के भीतर आने वाले दलित समुदायों को ही अनुसूचित जाति का दर्जा दिया गया था। बाद में 1956 में सिख और 1990 में बौद्ध धर्म के अनुयायियों को भी इसमें शामिल किया गया।संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत राष्ट्रपति को यह अधिकार दिया गया है कि वे किन समुदायों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल करेंगे। वहीं अनुच्छेद 25 प्रत्येक नागरिक को धर्म की स्वतंत्रता देता है।

यही वह बिंदु है जहां अधिकारों का टकराव उत्पन्न होता है एक ओर धर्म बदलने की स्वतंत्रता, दूसरी ओर सामाजिक न्याय की जबरदस्त सटीक नीतियां।

साथियों बात अगर हम इस मुद्दे को अपने आप में लंबे समय से विवादों से घिरा हुआ है इसको समझने की करें तो, कई समाज शास्त्रियों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का मानना है कि जातिगत भेदभाव केवल धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक संरचना में गहराई तक व्याप्त है। उदाहरण के लिए,भारत में ईसाई और मुस्लिम समुदायों के भीतर भी दलित ईसाई और पसमांदा मुस्लिम जैसी पहचानें मौजूद हैं, जो यह दर्शाती हैं कि धर्म परिवर्तन के बावजूद सामाजिक भेदभाव पूरी तरह समाप्त नहीं होता। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या केवल धर्म के आधार पर आरक्षण से वंचित करना वास्तव में सामाजिक न्याय के सिद्धांत के अनुरूप है? इस बहस का एक महत्वपूर्ण पहलू पुनः धर्मांतरण से जुड़ा है। अदालत ने यह स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति ईसाई या इस्लाम धर्म छोड़कर पुनः हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म अपनाता है, तो वह पुनः अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकता है—बशर्ते वह कुछ शर्तों को पूरा करता हो। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है सामुदायिक स्वीकृति। यानी, व्यक्ति को यह साबित करना होगा कि उसका मूल संबंध उसी जाति से है और उसका समुदाय उसे पुनः स्वीकार करता है। यह शर्त अपने आप में सामाजिक जटिलताओं को जन्म देती है, क्योंकि यह व्यक्तिगत पहचान को सामुदायिक मान्यता पर निर्भर बनाती है।

साथियों बात अगर हम 24 मार्च 2026 का निर्णय : कानूनी स्पष्टता या सामाजिक विवाद इसको समझने की करें तो सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने स्पष्ट कर दिया कि धर्म परिवर्तन के साथ ही एससी का दर्जा समाप्त हो जाएगा। अदालत ने कहा कि 1950 का आदेश पूरी तरह स्पष्ट है और इसमें जिन धर्मों का उल्लेख नहीं है, उनमें जाने पर व्यक्ति एससी की श्रेणी से बाहर हो जाता है।इसका अर्थ यह है कि यदि कोई दलित ईसाई या मुस्लिम बनता है, तो वह एससी आरक्षण और एससी /एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मिलने वाली कानूनी सुरक्षा का लाभ नहीं उठा सकता।यह निर्णय कानूनी रूप से स्पष्टता प्रदान करता है,लेकिन सामाजिक दृष्टि से यह कई प्रश्न भी खड़े करता है।

साथियों बात अगर हम इस निर्णय के राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव को समझने की करें तो ये व्यापक हो सकते हैं। यदि भविष्य में नीति में बदलाव कर ईसाई और मुस्लिम दलितों को भी एससी आरक्षण में शामिल किया जाता है, तो इससे आरक्षण की वर्तमान संरचना पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। सबसे पहले, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे मौजूदा लाभार्थियों के हिस्से में कमी आ सकती है।इसके अलावा, राजनीतिक प्रतिनिधित्व में भी बदलाव देखने को मिल सकता है, क्योंकि आरक्षित सीटों पर नए समुदायों की भागीदारी बढ़ेगी। यह परिवर्तन भारतीय लोकतंत्र के सामाजिक समीकरणों को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है।दूसरी ओर,आलोचकों का यह भी तर्क है कि यदि धर्म परिवर्तन के बाद भी आरक्षण का लाभ जारी रखा जाता है, तो इससे धर्म परिवर्तन को प्रोत्साहन मिल सकता है। हालांकि, इस तर्क का विरोध करने वाले कहते हैं कि कोई भी व्यक्ति केवल आरक्षण के लिए धर्म नहीं बदलता; इसके पीछे सामाजिक सम्मान, भेदभाव से मुक्ति और बेहतर जीवन की तलाश जैसे गहरे कारण होते हैं। ऐसे में आरक्षण को धर्म से जोड़ना सामाजिक वास्तविकताओं की अनदेखी करना हो सकता है।

साथियों बात अगर हम सुप्रीम कोर्ट के पुराने ऐतिहासिक फसलों को समझने की करें तो (1) सूसाई बनाम भारत संघ (1986) : सुप्रीम कोर्ट ने दशकों पहले 1986 में ही यह स्पष्ट कर दिया था कि अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय का कोई व्यक्ति यदि ईसाई धर्म अपना लेता है, तो वह अनुसूचित जाति के लिए बनी योजनाओं और लाभों के लिए पूरी तरह अयोग्य हो जाता है। सी. सेल्वाराणी मामला (2024) : सुप्रीम कोर्ट ने एक बहुत ही अहम फैसले में कहा कि ईसाई धर्म अपनाने पर व्यक्ति अपनी मूल जाति खो देता है। अदालत ने कहा कि धर्मांतरण सच्ची आस्था से होना चाहिए। अगर धर्म परिवर्तन केवल आरक्षण का लाभ लेने के लिए किया गया है तो इसे अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि यह आरक्षण के सामाजिक उद्देश्य को खत्म करता है। अदालत ने दोहरी पहचान रखने को संविधान के साथ धोखा करार दिया था।

(2) इलाहाबाद उच्च न्यायालय का हालिया फैसलाऐसा ही एक मामले में पिछले साल दिसंबर में फैसला आया था। जितेंद्र साहनी नाम के एक व्यक्ति के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गया है, तो वह कानूनी रूप से एससी का दर्जा बरकरार नहीं रख सकता।

अदालत ने 1950 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि जो हिंदू, सिख या बौद्ध नहीं है, वह एससी नहीं हो सकता।

अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को सख्त निर्देश दिए कि पूरे राज्य में ऐसे मामलों की जांच की जाए, जहां अल्पसंख्यक धर्मों में धर्मांतरित लोग अभी भी गैरकानूनी रूप से एससी वर्ग को मिलने वाले लाभों का दावा कर रहे हैं। (3) मद्रास उच्च न्यायालय में भी आए केससी. सेल्वाराणी मामला (2023) : सुप्रीम कोर्ट में जाने से पहले सी. सेल्वाराणी केस मद्रास हाईकोर्ट पहुंचा था। यहां एक ऐसी महिला को एससी प्रमाणपत्र देने से इनकार कर दिया गया था, जो जन्म से ईसाई थी और नियमित रूप से चर्च जाती थी, लेकिन केवल सरकारी नौकरी में आरक्षण पाने के लिए खुद को हिंदू और वल्लुवन जाति का बता रही थी। अकबर अली मामला : मद्रास हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया था कि इस्लाम या ईसाई धर्म में धर्मांतरण के बाद व्यक्ति अपनी जाति को आगे नहीं ले जा सकता। अदालत ने स्पष्ट कहा कि जब कोई हिंदू इस्लाम अपना लेता है, तो वह केवल एक मुसलमान बन जाता है और मुस्लिम समाज में उसकी जगह इस बात से तय नहीं होती कि धर्मांतरण से पहले उसकी जाति क्या थी। (4) कर्नाटक हाईकोर्ट बोला था–ईसाई धर्म में जाति व्यवस्था नहीं कर्नाटक हाई कोर्ट ने भी कहा था कि ईसाइयों को एससी एक्ट के तहत संरक्षण देना गलत है। अदालत का मानना था कि यह कानून विशेष रूप से जाति–आधारित भेदभाव से निपटने के लिए बना है, जबकि ईसाई धर्मशास्त्र में जाति–व्यवस्था जैसी कोई प्रथा ही नहीं है।

साथियों बात कर हम अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण से इस मुद्दे को समझने की करें तो भारत का यह मॉडल अद्वितीय है। अधिकांश देशों में सकारात्मक भेदभाव जाति के बजाय नस्ल, जातीयता या आर्थिक स्थिति के आधार पर दिया जाता है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में अश्वेत और अल्पसंख्यक समुदायों को शिक्षा और रोजगार में विशेष अवसर दिए जाते हैं, लेकिन यह धर्म से नहीं जुड़ा होता। भारत में आरक्षण का आधार ऐतिहासिक जातिगत उत्पीड़न है, जो इसे वैश्विक परिप्रेक्ष्य में एक अलग पहचान देता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि संतुलन की तलाश,धर्म परिवर्तन और आरक्षण का यह मुद्दा भारत के लोकतांत्रिक ढांचे के सामने एक बड़ी चुनौती है। एक ओर व्यक्तिगत स्वतंत्रता है, तो दूसरी ओर सामाजिक न्याय की आवश्यकता। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कानूनी रूप से स्पष्टता प्रदान करता है, लेकिन यह बहस को समाप्त नहीं करता, बल्कि उसे और गहरा करता है।आगे का रास्ता यही है कि इस मुद्दे को संवेदनशीलता और संतुलन के साथ देखा जाए। कानून में बदलाव, सामाजिक जागरूकता और नीति सुधार के माध्यम से ही एक ऐसा समाधान निकाला जा सकता है, जो न केवल संवैधानिक रूप से सही हो, बल्कि सामाजिक रूप से भी न्यायसंगत हो।

विचार

# हिमाचल प्रदेश में बजट आकार घटने के निहितार्थ

*कुलभूषण उपमन्यु*



हिमाचल प्रदेश के 2025-26 के बजट का आकार 54,928 करोड़ रुपये है। इससे पहले 2024-25 के बजट का आकार 58,444 करोड़ रुपये और 25-26 के बजट का आकार 58,514 करोड़ रुपये था। जाहिर है कि राजस्व घाटा अनुदान केंद्र सरकार की ओर से बंद हो जाने के कारण महंगाई दर में बढ़ोतरी के बावजूद बजट आकार घटाना पड़ा है। इसका असर विकास योजनाओं पर पड़ना स्वाभाविक है। पेंशन, वेतन, ग्रेच्युटी, ब्याज, ऋण भुगतान, प्रतिबद्ध देनदारियों पर 73.69 प्रतिशत बजट खर्च हो रहा है। इसके चलते वास्तविक विकास कार्यों के लिए केवल 26.31 प्रतिशत भाग ही बचता है।

यह हिमाचल के बजट की स्थाई विसंगति बन चुकी है। यह इस वर्ष भी हावी है। इसके लिए काफी हद तक टॉप हेवी प्रशासन तंत्र का निर्माण बड़ी गलती रहा है, जिसके चलते अनुत्पादक खर्च अनावश्यक रूप से बढ़ गया है। इसके कारण जहां उत्पादक कार्य होना है वहां बजट ही देना संभव नहीं होता है। इसके बावजूद बहुत से जरूरी कार्यों की ओर ध्यान देने का प्रयास किया गया है, हालांकि पर्याप्त धन आवंटन संभव ही नहीं है। कृषि, बागवानी, पशु पालन, वानिकी, के लिए बेहतर पहल करने का प्रयास किया गया है किन्तु पर्याप्त धन आवंटन नहीं हो पाया है।

उदाहरण के लिए मानव- वन्य पशु संघर्ष के चलते कृषि पर पड़ने वाले प्रभाव को रोकने के लिए जालीदार तारबाड़ की बड़े पैमाने पर जरूरत है ताकि सूअर, बंदर, नीलगाय और बेसहारा पशुओं से खेती को पहुंचाया जा रहा नुकसान रुक सके, जिसके चलते बहुत से किसान खेती छोड़ने पर बाध्य हो चुके हैं। खेत बाड़ बंदी योजना पर केवल 10 करोड़ रुपये ही आवंटित किए जा सके जो नाकाफी हैं। पशुपालन क्षेत्र में कई अच्छे फैसले हुए हैं। ए 2 किस्म के दूध को अलग पहचान देने का कार्य सराहनीय है जो भारतीय पशु धन में दूध की गुणवत्ता को मान्यता दे कर प्रोत्साहित करता है।

इसे प्रीमियम कीमत देना भी अच्छा फैसला है। दूध खरीद मूल्य भी किसान हितैषी फैसला है। डेरी उद्योग को पर्याप्त प्रोत्साहन अच्छी पहल है। किन्तु हिमाचल पशु चारे के मामले में पंजाब और हरियाणा के महंगे तूड़ी आयात पर निर्भर हो चुका है जबकि 30- 40 वर्ष पहले जब पशु संख्या आज के मुकाबले बहुत ज्यादा थी हर घर में 2-4 पशु होना मामूली बात थी। आज तो उससे आधे भी पशु नहीं बचे हैं फिर भी तूड़ी आयात करने की बाध्यता वनों से चारा आपूर्ति की क्षमता चीड़ रोपण, और खरपतवारों (लैंटाना, यूपितोरियम, पार्थेनियुम, नीला फुलनू आदि) के भयानक आक्रमण के कारण इस दौरान समाप्त हो जाने के कारण ही आ पड़ी है। हिमाचल प्रदेश में निजी भूमि तो केवल 10 प्रतिशत ही है। उसमें अन्न, सब्जी, फल, आदि उगाने के बाद बहुत कम चारा उगाने की संभावना बचती है।

अतः 67 फीसद वन्य भूमि वाले प्रदेश को वनों से चारा उपलब्ध करवाने की पुरानी क्षमता को हासिल करना होगा, किन्तु इसके लिए चरागाह विकास की कोई योजना आज तक सही तौर पर बनी ही नहीं है। इस बार भी हमने इसकी अनदेखी जारी रखी है। सस्ता चारा पशु पालन का आधार है। इससे पशुपालन लाभदायक बनेगा, तो बेसहारा पशुधन की समस्या भी नियंत्रित होगी। पॉवर टिलर को सब्सिडी देकर प्रोत्साहित किया गया है। इसके कारण बैल तो अब लगभग समाप्त ही हो गया है। सारे बैल तो सड़कों पर घूम रहे हैं। अतः लिंग निर्धारित गर्भाधान व्यवस्था पर जोर दिया जाना चाहिए। ताकि ज्यादा तर बछिया ही पैदा हों। इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। वनीकरण के लिए 32 फीसद भूमि को वनों के अधीन लाने के लिए महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों को जोड़ने की पहल स्वागत योग्य है, किन्तु इसके साथ वन अधिकार कानून के अंतर्गत बनाई गई ग्राम वन प्रबन्धन समितियों को, जहां-जहां ये बन गई हैं, प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ये समितियां कानूनी रूप से अधिक सक्षम भी हैं और अधिक स्थाई भी। वन प्रबन्धन के लिए स्थायित्व बहुत महत्वपूर्ण तत्व है। बागवानी के लिए शिवा परियोजना को चंबा तक विस्तार दिया जाना चाहिए था। चंबा आकांक्षी जिला होने के बावजूद कई पहलों में छूट जाता है।

मछली पर बजट दबाव के बावजूद रायल्टी घटाना अच्छी पहल है। मछली पालन के लिए अन्य सुविधाएं भी स्वागत योग्य हैं। टिकाऊ पर्यटन के लिए नीति और प्रशिक्षण दूर दृष्टि का परिचायक है। हिमाचल में आपदा मुक्त विकास की अवधारणा पर काम करने की अत्यंत आवश्यकता है। पिछले कई वर्षों से हर बरसात में अतिवृष्टि के चलते निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और पर्वत विशिष्ट समझ का अभाव दिख रहा है जिस कारण जन-धन की भारी हानि झेलनी पड़ रही है। इस मद पर कोई नीति सामने नहीं आई है। कुल मिला कर बजट सीमित संसाधनों में संतुलन का अच्छा प्रयास है।

***(लेखक, हिमालय नीति अभियान के अध्यक्ष और पर्यावरणविद् हैं।)***

साहित्य



### वो शख़्स

**पूजा चक्रवर्ती**

मेरी ग़लतियों पर उसे सुनाना
आता था,
जब मैं रूठूँ – उसे मनाना
आता था।
एक अजीब-सी कशिश थी उसमें,
मेरे ग़ुस्से में भी, उसे मुझे रिझाना
आता था।
यूँ तो आम-सा था वो शख़्स
दिखने में,
पर उसे 'आम' से 'ख़ास' बनाना
आता था।
बाहर से कठोर और बेहद समझदार,
ग़मों को अपने–छुपाना आता था।
वक़्त भी क़ायल है उस शख़्स की
मोहब्बत का,
कम्बख़्त को वक़्त पर ऐतबार करना
आता था।
लाखों की भीड़ में चलता वो शख़्स,
उसे ज़िंदगी से प्यार करना आता था



## राशिफल

**मेषः**- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा।

**वृषभः**- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुनः**- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**कर्कः**- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। जरूरी कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**सिंहः**- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुलाः**- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः**- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः**- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः**- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभः**- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः**- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# एलपीजी संकट से खाने-पीने का धंधा चौपट, बेरोजगारी, पलायन बढ़ा



*संजय सक्सेना*

मार्च 2026 का महीना भारत के लाखों रेस्तरां मालिकों, ढाबेदारों और छोटे खाने-पीने के कारोबारियों के लिए एक बुरे सपने जैसा बन गया है। देश के सबसे बड़े सुबह उत्तर प्रदेश के छोटे-बड़े शहरों से लेकर गांव-देहात तक में एलपीजी गैस संकट ने खानपान के धंधे में लगे लोगों की कमर तोड़ दी है। यूपी ही नहीं, दिल्ली की गलियों से लेकर मुंबई के फुटपाथ तक, बेंगलुरु के होटलों से लेकर आंध्र प्रदेश के दूरदराज के ढाबों तक हर जगह एक ही चिंता है : एलपीजी गैस कहां से आएगी? मार्च 2026 के पहले सप्ताह में यह संकट तब शुरू हुआ जब ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच सैन्य संघर्ष के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य व्यावहारिक रूप से बंद हो गया, जो दुनिया के इतिहास में पहली बार हुआ।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी आयातक है और वित्त वर्ष 2025 में उसने 3.13 करोड़ मीट्रिक टन एलपीजी की खपत की। देश अपनी जरूरत का करीब 67 फीसदी एलपीजी आयात करता है, जिसमें से लगभग 90 फीसदी होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता है। जब यह रास्ता बंद हुआ, तो भारत की रसोई की नब्ज थम-सी गई। घरेलू उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति में 80 फीसदी तक की कटौती कर दी। इसका नतीजा यह हुआ कि यूपी, बिहार, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोच्चि जैसे बड़े शहरों में हजारों रेस्तरां और होटल या तो बंद हो गए या उन्हें लकड़ी और कोयले पर वापस लौटना पड़ा।

नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के अध्यक्ष सागर दरयानी ने कहा कि यह एक संकट की स्थिति है, जो अगले कुछ दिनों में कई रेस्तरां बंद करा देगी। उन्होंने बताया कि भारत के 90 फीसदी रेस्तरां अपनी रसोई चलाने के लिए एलपीजी सिलेंडर पर निर्भर हैं। उद्योग पहले से ही कम मांग और उच्च लागत से जूझ रहा था, लेकिन अगर एलपीजी आपूर्ति की समस्या बनी रहती है, तो इससे कारोबार बंद होंगे और नौकरियां जाएंगी। रेस्तरां उद्योग के जानकार और कई ब्रांड के संस्थापक ज़ोरावर कालरा ने इस संकट की तुलना मार्च 2020 के कोविड लॉकडाउन के शुरुआती दिनों से की।

उन्होंने कहा कि रेस्तरां क्षेत्र कृषि के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार देने वाला उद्योग है, जो सीधे तौर पर करीब 80 लाख लोगों को रोजगार देता है और इतने ही लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से। यह 6.6 लाख करोड़ का पारिस्थितिकी तंत्र है, जो हर दिन जीडीपी में करीब 1,800 करोड़ का योगदान देता है।कालरा ने अनुमान जताया कि अगर एलपीजी आधारित संचालन बंद हो जाए, तो दैनिक नुकसान 1,200 से 1,300 करोड़ के बीच हो सकता है। सबसे बुरी मार छोटे ढाबेदारों और रेहड़ी-पटरी वालों पर पड़ रही है, जिनकी पूरी आजीविका एक-दो सिलेंडर पर टिकी है। उत्तर प्रदेश में कुछ होटल मालिकों का कहना है कि उनके पास केवल एक या दो दिन का गैस भंडार बचा है और सिलेंडर की उपलब्धता 40 से 50 फीसदी तक घट गई है।

लखनऊ के रकाबगंज इलाके में रहने वाली चंदनी, जो प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी हैं, डेढ़ साल तक बिना रुकावट गैस पाती रहीं। लेकिन जब उनका रिफिल नहीं आया, तो वो फिर से लकड़ी की ओर लौट गईं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लकड़ी की कीमत 10 से बढ़कर 20 प्रति किलो हो गई है।

संकट का असर खाने-पीने के कारोबार तक ही सीमित नहीं है। व्यवसाय ये बढ़ी हुई लागत उपभोक्ताओं पर डाल रहे हैं, जिससे खाने की कीमतें और महंगाई बढ़ रही है। यह संकट दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों में सबसे गंभीर है, जबकि पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के बुनियादी ढांचे वाले शहर अपेक्षाकृत कम प्रभावित हैं। इस संकट ने लॉन्ड्री और कांच-सिरेमिक जैसे कारखानों को भी प्रभावित किया है। पुणे में एक गैस चालित शवदाह गृह तक बंद करना पड़ गया। संसद के बाहर विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की।सरकार के कदमों की बात करें तो 8 मार्च 2026 को सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने के आदेश दिए। घरेलू उत्पादन में करीब 25 फीसदी की बढ़ोतरी की गई। इसके अलावा लगभग 48,000 किलोलीटर केरोसीन वैकल्पिक ईंधन के रूप में जारी किया गया और शहरी इलाकों में सिलेंडर बुकिंग के बीच का न्यूनतम अंतराल 21 से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया। 12,000 से अधिक छापे मारे गए और जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के लिए 15,000 से ज्यादा सिलेंडर जब्त किए गए। पेट्रोलियम मंत्रालय ने रेस्तरां, होटल और अन्य व्यावसायिक उद्योगों को एलपीजी आपूर्ति के लिए प्रतिनिधित्व की समीक्षा हेतु एक समिति बनाने की भी घोषणा की। हालांकि, कालरा ने बताया कि रेस्तरां केवल 19 किलो के व्यावसायिक सिलेंडर का उपयोग कर सकते हैं और घरेलू सिलेंडर पर नहीं जा सकते।

करीब 75 फीसदी रेस्तरां एलपीजी पर निर्भर हैं, जबकि केवल 25 फीसदी के पास पाइप्ड गैस का विकल्प है। यह संकट कब तक चलेगा, यह सवाल सबसे बड़ा है। ईरान के राजदूत ने कहा कि उनका देश कुछ ईंधन जहाजों को भारत के लिए होर्मुज से गुजरने की अनुमति के लिए 22 जहाज अभी भी फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं। जब तक होर्मुज की राह नहीं खुलती और कूटनीतिक समाधान नहीं निकलता, भारत के लाखों खाने-पीने के कारोबारियों की थाली खाली और चूल्हा ठंडा ही रहेगा।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## निर्माणाधीन मकान में हादसाः पटरा गिरने से राजगीर की मौत



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान में कार्य कर रहे राजगीर की पटरा टूटने से नीचे गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के लोहागपुर भिटौरा निवासी ओंकार नाथ तिवारी गौरा मोड़ स्थित अपने मकान का निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान तारागंज थाना हैदरगढ़ निवासी 55 वर्षीय राजगीर रामदेव गौतम निर्माण कार्य में लगे हुए थे। बताया जा रहा है कि अचानक काम के दौरान पटरा टूट गया, जिससे वह नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए, मृतक के शव का पंचायतनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भागवत कथा का श्रवण करने से पाप कर्म हो जाते हैं नष्टः कौशलेंद्र नंदन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत जरौली गांव में विजय कुमार बाजपेई द्वारा आयोजित प्राथमिक विद्यालय में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास श्री कौशलेंद्र नंदन पाण्डेय रामालय शिवनाम बाराबंकी ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के सारे पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए, मन तृप्त नहीं होता।कथा व्यास ने वामन अवतार की कथा का वर्णन किया उन्होंने बताया कि सतयुग में राजा बलि के बढ़ते प्रकोप के कारण श्रीहरि ने राजा बलि के घमंड को खत्म करने के लिए वामन अवतार



लिया। भगवान वामन ने राजा बलि से 3 पग भूमि की मांग की। वहीं, गुरु शुक्राचार्य ने राजा बलि को 3 पग भूमि देने से मना किया। लेकिन राजा बलि ने गुरु शुक्राचार्य की बात का पालन न कर भगवान वामन को 3 पग भूमि देने का वचन दिया। भगवान वामन ने विशाल रूप धारण किया और पहले पग में पूरी पृथ्वी और दूसरे में देवलोक नाप लिया। वहीं, तीसरे में पग के लिए उनके पास कोई भी भूमि नहीं बची, तो ऐसे में राजा बलि ने तीसरे पग के लिए, भगवान वामन के सामने अपना सिर कर दिया।

राजा बलि के इस काम को देख भगवान वामन बेहद प्रसन्न हुए और उन्होंने बलि को पाताल लोक देने के बारे में फैसला लिया। इस अवसर पर अटल बिहारी बाजपेई धीरज बाजपेई बीरू बाजपेई सानू बाजपेई शुभम वाजपेई श्यामू बाजपेई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## केनरा बैंक ने परिषदीय विद्यालय में लगवाया वाटर कूलर, चेयरमैन ने किया उद्घाटन

**रामनगर बाराबंकी।** गर्मी की ऋतु के मद्देनजर विद्यार्थियों की सुविधा के लिए केनरा बैंक की ओर से प्राथमिक विद्यालय किला के परिसर मे लगवाये गये वाटर कूलर का शुभारंभ चेयरमैन रामशरण पाठक ने फीता काटकर किया।श्री पाठक ने इस मौके पर कहाकि गर्मी के मौसम में बच्चों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना अति उत्तम कार्य है। केनरा बैंक का यह सराहनीय प्रयास विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की रक्षा करेगा और शीतल पेयजल से प्यास बुझेगी।शाखा प्रबंधक सुनीता यादव ने कहा केनरा बैंक समाज के हित में विभिन्न कार्य करता रहा है।विद्यालयो मे मूलभूत सुविधाओ का विस्तार हमारी प्राथमिकता है।

## उत्साहपूर्वक मनाया गया नवारंभ उत्सव




**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** प्राथमिक विद्यालय कनवा में बालवाटिका नवारंभ उत्सव धूम धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम ग्राम प्रधान विनय कुमार और प्रधानाध्यापिका माया सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।शिक्षक संकुल रजनीश शुक्ला द्वारा 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के नामांकन, ठहराव एवं पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के महत्व को अभिभावकों को बताया गया।प्रधानाध्यापिका माया सिंह द्वारा अभिभावकों को रोजाना बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया।कक्षा में नियमित आने वाले तथा सर्वोच्च अंक पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर विनय सिंह, राघवेंद्र सिंह,सावित्री देवी,जमुना प्रसाद,रितिका सोनकर,माया सिंह शिवा सिंह,आंगनबाड़ी और सम्मानित अभिभावक लोग उपस्थित रहे।

## प्रशासन के अलर्ट होने के बावजूद उपभोक्ताओं को समय से नहीं मिल रहे गैस सिलेंडर

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में जिला प्रशासन द्वारा गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर लगातार सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन की ओर से समय-समय पर निरीक्षण भी किए जा रहे हैं, ताकि उपभोक्ताओं को निर्धारित दर पर समय से गैस सिलेंडर मिल सके। इसके बावजूद जिले के कई क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की शिकायतें सामने आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार विकासखंड गोंदलामऊ क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी लगातार बढ़ती जा रही है। खासकर औरंगाबाद और संदना सहित आसपास के क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। बताया जा रहा है कि गैस एजेंसियों से



जुड़े कुछ संचालकों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों को होटल, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अधिक कीमत लेकर बेचा जा रहा है। इसी वजह से आम उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और कई लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें सिलेंडर के लिए कई-कई दिन इंतजार करना पड़ता है, जबकि एजेंसियों से जुड़े लोगों द्वारा पहले ही सिलेंडर अन्य स्थानों पर बेच दिए जाते हैं। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि प्रशासन की सख्ती के बावजूद कुछ स्थानों पर नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो गैस सिलेंडर की कालाबाजारी में शामिल लोगों का खुलासा हो सकता है। फिलहाल उपभोक्ताओं को उम्मीद है कि जिला प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा, ताकि आम लोगों को समय पर और उचित मूल्य पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सकें।

## डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में गौआश्रय स्थलों की जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि गौशालाओं में मानकों के अनुरूप प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। गौशालाओं में संरक्षित गौवशों को गर्मी एवं लू से बचाव हेतु समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये तथा उन्हें पर्याप्त पेयजल, हरा चारा एवं पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी नियमित रूप से




निरीक्षण सुनिश्चित करें। बीमार गौवशों को समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। गौशालाओं से संबंधित समस्त भुगतान समय से सुनिश्चित किये जायें तथा फंड रिक्वेस्ट समय से प्रेषित करायी जाये। निर्माणाधीन गौआश्रय स्थलों का कार्य समय से पूर्ण कराते हुये उन्हें संचालित कराया जाये। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुये कहा कि गौआश्रय स्थलों से संबंधित कार्यों में लापरवाही करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विकास भवन में स्थापित सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रूम का नियमित रूप से पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जाये तथा इसके लिये पशु चिकित्सा अधिकारियों के साथ-साथ जनपद स्तरीय अधिकारियों की दैनिक आधार पर तैनाती भी की जाये। सहभागिता योजना के अन्तर्गत फंड रिक्वेस्ट समय से प्रेषित किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि साईलेज ऋक्रय हेतु टेण्डर आगामी तीन दिन में तथा भूसा क्रय हेतु टेण्डर आगामी 10 कार्यदिवसों में पूर्ण किया जाये। किसानों के खेतों से भूसा गौशालाओं में पहुंचानें हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारियों को दिये।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने विकास खण्डों के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि उनके विकास खण्ड क्षेत्र में संचालित समस्त विकास विभाग से संबंधित योजनाओं का नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास खण्डों के माध्यम से संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों को समय से लाभान्वित किया जाये। उन्होंने कहा कि विकास खण्डों में संचालित निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। सभी खण्ड विकास अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर योजनाओं का अनुश्रवण अवश्य करें।

बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्त, डी0सी0 मनरेगा चन्दन देव पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 की बैठक संपन्न

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), रायबरेली अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, रायबरेली परिसर में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के सम्बन्ध में परिवहन विभाग एवं उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, रायबरेली तथा बस यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के दूरस्थ ग्राम पंचायतों तक परिवहन सुविधा पहुंचाए जाने के उद्देश्य से वाहन स्वामियों को प्रेरित किया गया गया। बैठक में बताया गया कि इस योजना के तहत 15 से 28 सीट क्षमता को बसें जिनकी अधिकतम आयु 08 वर्ष से अधिक न हो को अनुबन्ध पर उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, रायबरेली के संरक्षण एवं नियंत्रण में संचालित किया जा सकेगा। जिसका आवेदन शुल्क रु0-2000/- प्रति आवेदन होगा तथा प्रतिभूति धनराशि रू0-5000/-होगी तथा उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, रायबरेली के संरक्षण एवं नियत्रण हेतु प्रति वाहन मासिक संरक्षण शुल्क रू0-1500/- होगा। प्रत्येक ब्लाक में कम से कम 02 वाहनों के संचालन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में अरशद हुसैन अध्यक्ष/स्टेज कन्ट्रैकर बस एशो0, रायबरेली एवं अन्य द्वारा यह कहा गया कि यदि परमिट की तरह अतिरिक्त कर का भी छूट का प्राविधान हो तो योजना को सफल बनाया जा सकता है एवं प्रतिवेदन से शासन के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए।

### 6 वाहनों पर अवैध ओवरलोडिंग के विरूद्ध हुई कार्यवाही

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अन्य जनपदों से आने वाले डम्फरो की खनन टास्क फोर्स की टीम, जिसमें उपजिलाधिकारी डलमऊ सतेन्द्र सिंह व क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरजा शंकर त्रिपाठी व खनन अधिकारी सुरेश (संयुक्त टीम) द्वारा डलमऊ-लालगंज मार्ग में अवैध खनन/परिवहन/ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 6 वाहनों का ऑनलाइन चालान करते हुए रु0 2,33,220/- का जुर्माना जमा कराया गया है।

### सरोजनी कान्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दी प्रस्तुतियां

**सलोन रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** सरोजनी कांवेंट स्कूल में बड़े ही उत्साह



और भव्यता से वार्षिक उत्सव मनाया गया।साथ ही छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम वितरण किया गया।इस दौरान नन्हे मुन्हें बच्चों ने कलरफुल परिधानों में प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया।सलोन विकास क्षेत्र के गौवा चौराहा निकट सूची स्थित सरोजनी कान्वेंट स्कूल में 13वां वार्षिक उत्सव के साथ परिक्षा फल वितरण किया गया।इस दौरान बच्चों ने नृत्य नाटक समेत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।साथ ही अपनी प्रस्तुति के माध्यम से बताने की कोशिश की गई कि भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर एक दूसरे का कल्याण कर सकते हैं।यह दृश्य देखकर मौजूद लोगों ने आनंदित होकर तालियों के गड़गड़ाहट से माहौल को उत्साह से भर दिया।विद्यालय के प्रबंधक अंजनी श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।साथ ही आए हुए सभी अतिथियों के आभार व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया।इस मौके पर कुंवर आजाद सिंह,अजय सिंह,विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉली,स्वर्णवीर सिंह,फुजैल शिक्षक अभिभावक समेत तमाम क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## घरेलू विवाद में युवक ने लगाई फांसी

**रामनगर बाराबंकी।** थाना रामनगर के अंतर्गत बिछलखा गांव में बुधवार को एक युवक ने कथित रूप से घरेलू विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बिछलखा के निवासी मुकेश (37) पुत्र रामस्वरूप लखनऊ में नौकरी करते थे।दो दिन पूर्व ही घर आये थे।इसी दौरान परिवार में जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था।गुरुवार सुबह उसका शव घर के कमरे में छत से लगे कुंडे में दुपट्टे के सहारे लटका हुआ पाया गया।सुबह पहर जब उसकी मां पशुओं के लिए चारा लेने गई तो उन्होंने बेटे को इस हालत में देखा।दृश्य देखकर वह चीख-पुकार करने लगीं।जिसके बाद आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई।

## सचिव पर किया गया निलम्बन कार्यवाही प्रधान रोजगार सेवक टीए को अभयदान




**सीतापुर।** विकास खण्ड हरगाँव की ग्राम पंचायत मुमताजपुर में उपायुक्त, श्रम रोजगार सीतापुर द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत कराये गये कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया था तथा पत्र सं0 1434 दिनांक 05-02-2026 द्वारा निरीक्षण आख्या प्रेषित की गयी जिसमें प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर ग्राम पंचायत सचिव को निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही प्रचलित की गयी। इस ग्राम की दूरी विकास खण्ड मुख्यालय से मात्र 10 कि0मी0 है परन्तु प्राक्कलन तैयार करने वाले एवं पर्यवेक्षण करने वाले तकनीकी सहायक, ग्राम प्रधान के खिलाफ कोई कार्यवाही न करके लीपापोती कर दी गयी। खण्ड विकास अधिकारी जो मनरेगा योजना के कार्यक्रम अधिकारी है उनका भी दायित्व हैं कि निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करते रहें ताकि कार्यो की गुणवत्ता बनी रहे। परन्तु विकास खण्ड के किसी अधिकारी द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं किया गया बल्कि वरिष्ठ अधिकारी की जाँच में केवल ग्राम पंचायत सचिव के विरूद्ध कार्यवाही करके अपने दायित्वों की इतिश्री कर ली गयी। जिससे सम्पूर्ण प्रकरण संदेह उत्पन्न करता है। देखना यह है कि जिला प्रशासन, तकनीकी सहायक, अतिरिक्त कार्यकम अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी जो विकास खण्ड स्तर पर मनरेगा योजना के तहत कार्यक्रम अधिकारी हैं, की जिम्मेदारी निर्धारित कर कार्यवाही करते है अथवा नहीं ?

## एसपी ने स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शासन की मंशानुसार वासन्तिक नवरात्र के दृष्टिगत महिलाओं की सुरक्षा एवं उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अंतर्गत मंगलवार को एक भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। मुख्यालय गौरीगंज से आयोजित रैली को पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्कूटी रैली कस्बा गौरीगंज के जामो तिराहे से प्रारंभ होकर हनुमान तिराहा, जीजीआईसी रोड, चौक बाजार, सब्जी मंडी, ओवर ब्रिज के नीचे से होते हुये थाना गौरीगंज पर आकर समाप्त हुई। रैली के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। रैली में यूपी-112 की गाड़ियां एवं जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति केन्द्र की महिला पुलिसकर्मी द्वारा भाग लिया गया। रैली के माध्यम से सशक्तिकरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में भी महत्वपूर्ण सावधानियां बताई गई। यह प्रयास महिलाओं को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए व सशक्त बनाने के लिए किया गया है।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## छापेमारी में दुकानों पर मिले घरेलू सिलेंडर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पूर्ति विभाग ने घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए सख्ती दिखाते हुए कस्बा अमेठी के रामलीला मैदान में छापेमारी कर पूर्ति निरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय और शुभम चौधरी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के रामलीला मैदान में संचालित मोहम्मद इश्तियाक गुर्जर निवासी बाराबंकी की बीफ कबाब-पराठा की दुकान तथा कस्बा अमेठी के सरवनपुर निवासी गोविंद कुमार की टिकिया, चाट, चाउमीन की दुकान पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सिलेंडर जब्त कर लिए। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस कनेक्शन का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए ही किया जा सकता है। व्यावसायिक गतिविधियों में इसका प्रयोग करना कानूनन अपराध है। पकड़े गए दुकानदारों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पूर्ति निरीक्षक अरुण कुमार




पाण्डेय ने बताया कि नगर में यदि कोई भी दुकानदार घरेलू गैस का दुरुपयोग करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बंदर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो रिक्शा

**नवविवाहिता समेत परिवार के नौ लोग घायल**

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र बाजार शुकुल के अंतर्गत पूरे पितई गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में ऑटो रिक्शा के पलटने से एक ही परिवार के नौ सदस्य घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब सड़क पर अचानक एक बंदर आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में ऑटो-रिक्शा अनियंत्रित होकर पास के खेत में पलट गया। मिली जानकारी के अनुसार, रायबरेली जनपद के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के कोडर निवासी उदयराज सिंह का विवाह मंदिर में संपन्न हुआ था।



दूसरे दिन पूरा परिवार ऑटो-रिक्शा से टीकाराम बाबा और मां कामाख्या भवानी के दर्शन कर वापस लौट रहा था। हादसे में उदयराज सिंह, उनकी पत्नी विंध्यवासिनी, रीता, मानसी, सरिता, सुनीता, प्रीती और दो मासूम बच्चे श्रेया व अनंत घायल हो गए हैं। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद विंध्यवासिनी और रीता सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है, लेकिन अभी तक कोई प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

## रन फॉर एंपावरमेंट में महिला पुलिस कर्मचारी व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में 'मिशन शक्ति फेज 5.0' अभियान द्वितीय चरण के तहत महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय गौरीगंज पर रन फॉर एंपावरमेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज से दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो कि थाना गौरीगंज से होते हुए सब्जी मण्डी तिराहा से वापस आकर पुलिस कार्यालय गौरीगंज पर समाप्त हुई। दौड़ के दौरान महिला सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं अपराधों के प्रति जागरूकता हेतु पम्पलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से छात्राओं द्वारा बढ़-




चढ़कर प्रतिभाग किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक क्रांति है जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना और उन्हें सशक्त बनाना है। उपस्थित छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि वे निर्भीक होकर अपने सपनों को साकार करें । जनपदीय पुलिस प्रशासन सदैव उनके साथ हैं ।' कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा स्कूली छात्राओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सुरक्षा सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ मिशन शक्ति अभियान, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई।

## डीएम ने दिए गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरा लगवाने के निर्देश

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के अंतर्गत जनपद में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व भरण-पोषण को लेकर बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निराश्रित घूम रहे गोवंशों को स्थानीय गौशालाओं में संरक्षित कराने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा गौशाला में गोवंशों के लिए पर्याप्त चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, छांव, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। संबंधित पशु



चिकित्सा अधिकारियों द्वारा बीमार गोवंशों की नियमित देखभाल व उनके इलाज आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला में गोवंश की मृत्यु हो जाने के उपरांत तत्काल उसका सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने 50 से कम गोवंश वाले गौशालाओं में और गोवंशों को पड़कर संरक्षित कराने के निर्देश दिए तथा सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की अद्यतन प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व उनके भरण-पोषण को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जीके शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जुआ खेलते दो गिरफ्तार, दो फरार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पुलिस द्वारा जनपद में अपराध व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना संग्रामपुर पुलिस ने जुआ खेल रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य दो लोग मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ लोग ताश के पत्तों पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। पुलिस कार्रवाई के दौरान 52 अदद ताश के पत्ते और 1420 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। मौके से राजेश उर्फ हवडू निवासी नेवादा कनू और कृष्ण कुमार शर्मा निवासी पूरे चरई को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पावर हाउस क्षेत्र में 27वां विशाल नवदुर्गा महोत्सव आयोजित

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




नगर गुरसहायगंज में पावर हाउस क्षेत्र में इस वर्ष 27वां विशाल नवदुर्गा महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस महोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पूरे क्षेत्र को रंग-बिरंगी लाइटों और आकर्षक सजावट से सजाया गया है, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। महोत्सव के दौरान माता रानी के भव्य पंडाल की स्थापना की गई है, जिसमें माँ दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा का श्रृंगार बेहद मनमोहक है और श्रद्धालु दूर-दूर से माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। हर दिन सुबह और शाम आरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हो रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा महोत्सव को सफल बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। सुरक्षा, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी विशेष आकर्षण देखने को मिल रहा है। स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन-कीर्तन, जागरण और देवी गीतों की प्रस्तुति दी जा रही है।

इन कार्यक्रमों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है और लोग देर रात तक इनका आनंद ले रहे हैं। परिवार के साथ आए लोग इस आयोजन का भरपूर आनंद ले रहे हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह महोत्सव पिछले 27 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और हर वर्ष इसमें श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस बार भी हजारों की संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस महोत्सव में शामिल होकर उन्हें मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। माता रानी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। महोत्सव के अंतिम दिन भव्य विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे।

यह यात्रा पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते हुए निर्धारित स्थल पर पहुंचेगी। कुल मिलाकर पावर हाउस क्षेत्र में आयोजित यह 27वां विशाल नवदुर्गा महोत्सव आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन चुका है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मजबूत करता। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष नीरज मिश्रा कान्य कुब्ज प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव चौहान पूर्व सभासद ज्ञानेंद्र गुप्ता भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा रामवीर कठेरिया रविंद्र सक्सेना,नीरज मिश्रा, जीतेश चौरसिया, अमित गुप्ता,राजेश भारद्वाज,आदि समिति के लोग उपस्थिति रहे।

# सम्राट अशोक महान जयंती पर निकली शोभायात्रा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती के अवसर पर झांकियों, दोपहिया, चारपहिया वाहनों एवं ट्रैक्टरों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

हुकुम सिंह शाक्य, प्रधान रतनपुर की अध्यक्षता में निकली यह यात्रा सिकंदरपुर इंटर कॉलेज ग्राउंड से शुरू होकर छिबरामऊ होते हुए बुद्ध विहार बड़ेपुर में समाप्त हुई। शोभायात्रा में हजारों महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार बड़ेपुर पहुंचने पर तीर्थराज बौद्ध प्रबंधक/सचिव अल्पसंख्यक ट्रस्ट के नेतृत्व में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा में जिला



पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, समिति के संरक्षक कवि हरिगोविंद शाक्य हरि, उपाध्यक्ष शैलेंद्र शाक्य, डॉ. अनिल शाक्य, रामलखन शाक्य, विजय शाक्य, शिवम कुमार शाक्य, डॉ. मनोज कुमार शाक्य, सतीश चंद्र शाक्य, रवि कुमार, संतोष प्रिय बौद्ध, राज रतन बौद्ध, देवकीनंदन, रामवीर, प्रियांशु शाक्य, अश्वजीत, मिथुन बृजेश कुमार, अंशुल कुमार, सुरजीत सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। तिरंगा तिराहे पर पूर्व सपा विधायक अरविंद यादव ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोनू यादव, उमेश पाल, आनंद शाक्य, अर्पित शुक्ला, पूरनमल शाक्य, सचिन शाक्य, अंकुर यादव और मोनू चौहान भी उपस्थित रहे।

# न.प. कराएगी प्राचीन श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर का सुंदरीकरण

▸ **प्रदेश सरकार की वंदन योजना से एक करोड़ 50 लाख का बजट स्वीकृत**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद प्राचीन श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर के सुंदरीकरण का शुभारंभ शीघ्र करेगी। इसके अंतर्गत अवस्थापना सुविधाओं का विकास करने के लिए प्रदेश सरकार की वंदन योजना से एक करोड़ 50 लाख का बजट स्वीकृत करके 75 लाख की धनराशि जारी कर दी गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर में अवस्थाना सुविधाओं के विकास हेतु यहां से एक करोड़ 98 लाख रुपए की मांग की गई थी। इसके अंतर्गत मंदिर परिसर में 26 मीटर चौड़े और 32 मीटर लंबे सत्संग भवन, मंदिर के दोनों तरफ बीच में डिवाइडर व इलेक्ट्रिक पोल सहित सीसी की चौड़ी एप्रोच रोड, मंदिर एरिया में ग्रेनाइट कार्य, मनोरम फव्वारा, बच्चों के खेलने के लिए झूले, सजावटी लाइटिंग, पर्यटक सूचना केंद्र, रेलिंग, बैठने के लिए बेंच, झोपड़ी टाइप की हट आदि के निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिए यहां से एक करोड़ 98 लख रुपए की मांग की गई थी लेकिन एक करोड़ 50 लाख ही स्वीकृत किया गया। शेष 48 लाख रूपए किस मद का काटा गया है इसकी जानकारी शासन से की जाएगी। तत्पश्चात कार्य का टेंडर जारी किया जाएगा। एमसीएमआर ग्रुप के संचालक एडवोकेट गौरव त्रिपाठी अमर ने श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर में अवस्थापना सुविधाओं के लिए बजट स्वीकृत होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा अब हमारा यह ऐतिहासिक पौराणिक स्थल अन्य धार्मिक स्थलों के लिए उदाहरण बनें, ऐसी भोलेनाथ से प्रार्थना है।

## बांट-माप का मूल्यांकन कराएं, नहीं तो लगेगा जुर्मानाः जिला बांट माप अधिकारी



**छिबरामऊ (कन्नौज)।** विधिक माप विज्ञान विभाग ने व्यापारियों को चेतावनी दी है कि 1 अप्रैल से लागू नई व्यवस्था के तहत सभी प्रकार के कांटे, बांट, धर्म कांटा तथा पेट्रोल पंपों का मूल्यांकन अनिवार्य रूप से ऑनलाइन कराना होगा। अन्यथा निरीक्षण के दौरान जुर्माना लगाया जाएगा। जिला बांट माप अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने गंगेश्वर नाथ नई बस्ती स्थित कार्यालय में कहा, व्यापारी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें। निर्धारित शुल्क भी ऑनलाइन जमा होगा। मूल्यांकन के बाद कांटे-बांट पर विभाग की मुहर लगवा लें, ताकि चेकिंग में कोई परेशानी न हो। समस्या होने पर कार्यालय में संपर्क करें। शर्मा ने जोर दिया कि सील बंद पैकेट में बिकने वाले सामान पर नाम, पता, वजन और मूल्य स्पष्ट रूप से छपा होना चाहिए। प्रिंटेड रेट से अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद गुप्ता लालू ने कहा कि व्यापारियों को नई व्यवस्था का पालन करना चाहिए। इससे उपभोक्ताओं को सही वजन और माप मिलेगा तथा व्यापार में पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने सभी दुकानदारों से अपील की कि समय रहते ऑनलाइन आवेदन कर मूल्यांकन करा लें और विभाग के साथ सहयोग करें। विभाग का यह कदम उपभोक्ता हितों की रक्षा और निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। व्यापारियों से अपील है कि जुर्माने से बचने के लिए तुरंत कार्रवाई करें।

# अप्रैल माह में चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

▸ **पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कर्मचारियों को दिए दिशा निर्देश**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका के सभागार में आयोजित बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर पालिकाध्यक्ष मनीज दुबे ने कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पालिकाध्यक्ष ने कहा शासन के निर्देश पर अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल तक चलाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने मच्छरों के प्रबंधन, शुद्ध पेयजल, नालियों की साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, इंडिया मार्का हैंडपंपों, चबूतरों की मरम्मत, सूअर वाड़ा में फागिंग एवं सूअरों को बांध के रखना, टूटी



नालियों की मरम्मत आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा अभियान के दौरान किसी प्रकार की कोई लापरवाही ना बरतें। जिन जगहों पर पानी ज्यादा जमा हो रहा हो या झाड़ियां हों, उनके कटान व रखरखाव समय पूर्व कर लिए जाएं। हम सभी मिलकर प्रयास करें तो स्वच्छता सर्वेक्षण में हमारी नगर पालिका का नाम कानपुर मंडल में प्रथम आ सकता है।

बैठक में सफाई प्रभारी अमरजीत, सहायक सफाई प्रभारी प्रवेश यादव, सफाई नायक सुभाष चंद्र, सलाउद्दीन, सूरज कुमार राजेंद्र कुमार आनंद कुमार, सुजीत कुमार व अमरजीत सहित ई-रिक्शा एवं ट्रिपर चालक तथा सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### रोविन यादव ने कार्यकर्ता की बेटी को दी आर्थिक मदद



**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोविन सिंह यादव ने पार्टी के पूर्व युवजन सभा जिलाध्यक्ष आफाक खान की बेटी के गंभीर इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। आफाक खान पिछले वर्ष अपनी पत्नी और एक बेटी को इलाज न मिलने से खो चुके हैं, अब दूसरी बेटी भी बीमारी से जूझ रही है। रोविन यादव ने इस मौके पर कहा, समाजवादी पार्टी हर कार्यकर्ता के साथ खड़ी है। उन्होंने सपा सरकार द्वारा बनाए गए 100 बिस्तर वाले अस्पताल को 'सफेद हाथी' करार देते हुए कहा कि इसे गरीबों और पीड़ितों को राहत देने के लिए बनाया गया था, लेकिन अब यह व्यर्थ पड़ा है। इस मदद से आफाक खान परिवार को कुछ राहत मिली है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने रोविन यादव की इस पहल की सराहना की।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

**गुरसहायगंज कन्नौज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन का आचार्य ने विधि विधान पूर्वक हिंदू रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया इसके अलावा 11 मुस्लिम जोड़ों का हाफिज ने निकाह कबूल कराया। बुधवार को तेरा जैकेट क्षेत्र में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में तालग्राम विकास खण्ड के 55, छिबरामऊ विकास खण्ड के 53, गुरसहायगंज नगर पालिका के 12, सौरिख नगर पंचायत तथा तालग्राम नगर पंचायत से एक-एक जोड़े की शादी होनी थी। 106 जोड़ों का आचार्य जगदीप दुबे ने विधि-विधान पूर्वक हिंदू रीति-रिवाज से विवाह सम्पन्न कराया। ग्यारह मुस्लिम जोड़ो का हाफिज कलीम व जुनैद आलम ने निकाह कुबूल कराया। छह जोड़े सम्मेलन में शामिल नहीं हुए। सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने इस योजना से गरीब परिवारों को बेटी की शादी करने का जिम्मा स्वयं ले लिया है। शादी में इतने सारे बराती और जनप्रतिनिधियों के साथ उच्चाधिकारी शामिल हो रहे हैं।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत कन्नौज में जागरूकता कार्यक्रम, स्कूटी रैली आयोजित



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) एवं नवरात्रि सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को पुलिस लाइन्स कन्नौज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया गया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 व 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और 112 पुलिस आपातकालीन सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके बाद महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ महिला पुलिसकर्मियों द्वारा वृहद स्कूटी रैली निकाली गई। रैली को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। करीब 15 किलोमीटर लंबी रैली पुलिस लाइन्स से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः पुलिस लाइन्स में समाप्त हुई।

# मित्रता और निस्वार्थ भक्ति का अनुपम उदाहरण है कृष्ण-सुदामा का प्रेम

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

आरडी गेस्ट हाउस, विशुनगढ़ रोड नादनपुर (बलरामपुर) में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में अंतिम दिवस श्री धाम वृंदावन से पधारे आचार्य पंडित विजय कृष्ण त्रिपाठी ने भक्तों को सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कृष्ण और सुदामा का प्रेम मित्रता और निस्वार्थ भक्ति का अनुपम उदाहरण है।

आचार्य श्री ने सुदामा चरित्र की कथा में कहा गरीब ब्राह्मण सुदामा, कृष्ण के बाल सखा, पत्नी के प्रोत्साहन पर थोड़े से चावल लेकर द्वारका पहुंचे। कृष्ण ने राजसी स्वागत किया, पुरानी यादें ताजा कीं। सुदामा ने उपहार न देकर लज्जा महसूस की, किंतु कृष्ण ने चुपके से उनके घर को धन-समृद्धि से भर दिया। यह मित्रता और निस्वार्थ भक्ति का अनुपम उदाहरण है। अंत में परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए कहा राजा परीक्षित को तक्षक नाग के डसने से सात दिनों में मृत्यु का श्राप मिला। शुकदेव जी ने



भागवत कथा सुनाई। छह दिन बाद भी जीवन मोह से ग्रस्त परीक्षित अंतिम दिन मोक्ष प्राप्ति के साथ शांत हो गए, जो मृत्यु भय पर विजय का संदेश देता है। कथा में परीक्षित का दायित्व इंजीनियर अमित कुमार दुबे (एडवोकेट), प्रियंका दुबे, सुमित कुमार दुबे एवं नेहा दुबे ने बखूबी निभाया। यह कथा स्वर्गीय रेनू दुबे की स्मृति में कृषि विभाग के पूर्व एडीओ रत्नेश कुमार दुबे द्वारा आयोजित की जा रही है। 26 मार्च को पूर्णाहुति के बाद दोपहर 2 बजे से भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### नवरात्रि पर बच्चों को वितरित किए गए स्कूल बैग



**छिबरामऊ, कन्नौज।** यूपीएस खानपुर कसावा में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। इंचार्ज प्रधानाध्यापक नीरज पाल ने बताया गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे। अभिभावकों ने बच्चों के लिए नगद धनराशि प्रदान की थी। उसमें अपने पास से और पैसे मिलाकर सभी के लिए स्कूल बैग की व्यवस्था की गई और नवरात्रि के पावन पर्व पर सहायक अध्यापक अखिलेश बाबू शुक्ला के सहयोग से सभी बच्चों में स्कूल बैग वितरित कर दिए गए।

# समधन में ऑल इंडिया मुजाहिरे किरात प्रोग्राम आज

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

नगर स्थित नई बाजार में आज़ ऑल इंडिया मुजाहिरे प्रोग्राम शाम इशा की नमाज़ के बाद शुरू होगा जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रोग्राम का इस्तकबाल करने और अजीमुश्शान प्रोग्राम को कामयाब बनाने के लिए अवाम तैयार है इसकी खास बात यह है कि समधन के उलेमा इकराम और कस्बा समधन की अवाम कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। एक रोज़ा अजीमुश्शान प्रोग्राम होगा आसपास क्षेत्रों में पहली मर्तबा मुनअकीद हो रहा है और हिंदुस्तान के मशहूर शख्सियात जैसे मौलाना कारी हिदायतुल्ला जयपुर राजस्थान, कारी तैय्यब जमाल सहारनपुर, कारी अब्दुल बासिद



बिजनौर, कारी फुरकान गुजरात, करी फहीम रामपुर, कारी सोहेल कन्नौज, करी जैद अलीगढ़ इसके अलावा मौलाना मोहम्मद असलम जावेद हाशमी रामपुर, हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुसत्तार आगरा, मौलाना मुफ्ती मोहम्मद आसिफ नदवी मदनी, मौलाना कारी अकरम सहारनपुर और करी जहीर फैजी, मुफ्ती तारिक जमील आ रहें हैं नगर में पहली मर्तबा ऐसा प्रोग्राम होने जा रहा है जिसमें काफी दूर दराज से उल्मा इकराम तशरीफ़ ला रहे हैं।

# बिजली लाइन के पोल से भिड़ा डंफर, घरों में दौड़ा करंट

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार डंफर अनियंत्रण के कारण सड़क किनारे खड़े एक हाईटेंशन बिजली लाइन के पोल से टकरा गया। टक्कर से जहां बिजली का पोल टूट गया, वहीं हाईटेंशन लाइन का करेंट घरेलू बिजली लाइन के संपर्क में आने से निकट स्थित गांव के घरों में आने से बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए।

जानकारी के मुताबिक, जिले के तालग्राम क्षेत्र के के गांव कुशलपुर्वा में बीती रात एक डंफर तेज रफ्तार और अनियंत्रण के कारण सड़क किनारे खड़े हाईटेंशन बिजली लाइन से जा टकराया। दुर्घटना से जहां बिजली पोल टूट गया वहीं हाईटेंशन पोल की लाइन का संपर्क घरेलू बिजली लाइन से संपर्क होने के कारण गांव के करीब दस घरों में बिजली करेंट आने से घरों पर लगे बिजली उपकरण जल गए। उपरोक्त घटनाक्रम से जहां बड़ा हादसा घटित होने और जनहानि होने से बच गई,वहीं ग्रामीणों के घरेलू बिजली उपकरण जलने से हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। घटनाक्रम की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस और स्थानीय बिजली केंद्र को दी गई। मामले की सूचना पर थाना प्रभारी विनय शर्मा पुलिस बल और बिजली उपकेंद्र के अवर अभियंता अनिल यादव बिजली कर्मियों के सात मौके पर पहुंचे।

# ग्रामीण प्रतिभाओं को किया गया पुरस्कृत

▸ **कंपोजिट विद्यालय महमूदपुर जागीर का वार्षिकोत्सव**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कंपोजिट विद्यालय महमूदपुर जागीर में आयोजित वार्षिकोत्सव में विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में कक्षा 8 की छात्रा सोनाली के चयन पर डायट प्राचार्य ने सोनाली एवं उनकी माता को सम्मानित किया। कक्षा 5 के छात्र यश का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर तथा उसी कक्षा के प्रतिभाशाली छात्र आकाश को नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल



और विद्याज्ञान परीक्षा में एक साथ सफलता मिलने पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य अमित कुमार सिंह ने संबोधन में कहा ग्रामीण परिवेश में बच्चों की प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस शिक्षकों को अपना शत-प्रतिशत योगदान देना चाहिए। हर बच्चे में छुपी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करें। उन्होंने शिक्षकों राजेंद्र चौरसिया, जोगेंद्र यादव, रोहित यादव, नीरा यादव, राज कुमारी और आशा की सराहना की। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक महामंत्री सत्येंद्र सिंह यादव ने शिक्षकों के भगीरथ प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पिछड़े गांव में इतनी प्रतिभाओं को संवारना असंभव को संभव बनाने जैसा है।

प्रधानाध्यापक कौशलेंद्र सिंह चौहान के संचालन में हुए कार्यक्रम में नोडल शिक्षक अनूप मिश्र, डॉ. अविनाश मोहन, धर्मेंद्र सिंह बैस एवं अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

### छत से गिरकर युवक की मौत पार्टी के दौरान हुआ हादसा

**तिर्वा,कन्नौज।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र में दोस्तों के साथ पार्टी के दौरान एक 26 वर्षीय युवक की छत से गिरकर मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार जयसिंहपुरवा निवासी अनुज (26) मंगलवार को तिर्वा आया था। यहां दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए तिर्वाखास स्थित अन्नपूर्णा मंदिर के पास एक मकान की छत पर पहुंचा। पार्टी के दौरान वह असंतुलित होकर छत से नीचे गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां से प्रारंभ में हालत सामान्य बताकर घर भेज दिया गया। घर पहुंचने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे दोबारा अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार युवक के गिरने की परिस्थितियों और शराब पार्टी के पहलू की जांच की जा रही है।

# नवारम्भ उत्सव का आयोजन, बच्चों का कराया गया नामांकन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अलीनगर में बुधवार को नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर 'नवारम्भ उत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विभागीय निर्देशों के अनुपालन में आयोजित किया गया, जिसमें छोटे बच्चों के शिक्षा से जुड़ाव पर विशेष जोर दिया गया। उत्सव के तहत को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़े 3 से 4 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की अनौपचारिक शिक्षा की शुरुआत कराई गई। वहीं, 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों के कक्षा 1 में प्रवेश की प्रक्रिया भी पूरी कराई गई। इस दौरान अभिभावकों से बच्चों के नियमित विद्यालय भेजने के लिए सहमति भी ली गई। कार्यक्रम में



नवारम्भ उत्सव के दौरान शिक्षकगण, अभिभावक व मौजूद बच्चें

▸ **पीएस अलीनगर में नवप्रवेशी बच्चों से रेत पर अक्षर लिखवाकर कराया 'नवारम्भ संस्कार'**

विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संकुल अवधनारायण ने नवप्रवेशी बच्चों से रेत पर अक्षर लिखवाकर उनका 'नवारम्भ संस्कार' कराया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से बाल वाटिका और विद्यालय भेजें, ताकि उनकी बुनियादी शिक्षा मजबूत हो सके। सहायक अध्यापक प्रगति ने प्री-प्राइमरी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों को जागरूक किया। इस दौरान सहायक अध्यापक प्रगति कुमार, सिराज अहमद सहित आदि रहे।

## 5 अप्रैल से शुरू होगा प्रगणक और सुपरवाइजर का प्रशिक्षण

**गुरसहायगंज कन्नौज।** पहली बार जनगणना डिजिटल मोड में की जा रही है जिसमें स्व गणना का भी प्रावधान रखा गया है। जनगणना में लगाए गए कार्मिकों को 5 अप्रैल से नगर पालिका परिषद कार्यालय के सभागार में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसकी संपूर्ण तैयारी कर ली गई है। यह जानकारी नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने दी उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद के क्षेत्र में 97 ब्लॉक बनाए गए हैं जिसमें 97 प्रगणक तथा 16 सुपरवाइजर नियुक्त किए जाएंगे 10 कर्मचारियों को रिजर्व में रखा जाएगा 125 कर्मचारियों का प्रशिक्षण 5 अप्रैल से नगर पालिका परिषद कार्यालय सभागार में शुरू होगा जिन्हें02 फील्ड टेनर प्रशिक्षण देंगे तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 50 कर्मचारियों को एक साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताया कि 5 मई से पूर्व प्रशिक्षण की कार्रवाई पूर्ण कर ली जाएगी। इसके अलावा 7 मई से 21 मई तक स्वगणना का कार्य शुरू हो जाएगा प्रथम चरण में 22 मई से 20 जून तक प्रगणक और सुपरवाइजर नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए ब्लॉक में डोर टू डोर पहुंचकर प्रथम चरण जनगणना का कार्य पूरा करेंगे। और नागरिकों से रेफरेंस नंबर नोट कर कर मोबाइल ऐप पर अपलोड करेंगे उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा ऐप लॉन्च कर दिया गया है जिससे किसी भी प्रगणक व सुपरवाइजर को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी आसानी से डिजिटल जनगणना का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7 मई 2026 से 21 मई 2026 तक ही स्वगणना का कार्य नागरिकों द्वारा किया जा सकता है इसके बाद कोई भी मोबाइल ऐप पर जनगणना नहीं हो सकती है उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद ने पूरी तरीके से तैयारी कर ली है सभी पटल सहायक को प्रशिक्षित किया गया है। और एप के बारे में संपूर्ण जानकारी भी प्रदान कर दी गई है। नगर पालिका परिषद कार्यालय द्वारा ही सभी प्रगणक और सुपरवाइजर की नियुक्ति आदेश भी प्रदान किए जाएंगे उन्होंने बताया कि जैसे ही संबंधित विभाग जिला मुख्यालय को अपने कर्मियों की सूची उपलब्ध कराएगा उसके तुरंत बाद विभागों से प्राप्त सूची के आधार पर सभी प्रगणक और सुपरवाइजर को नियुक्ति लेटर जारी कर दिए जाएंगे।

# आंगनवाड़ी केद्रों के सुदृढ़ीकरण में लाएं तेजीः सीडीओ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित जिला पोषण समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने आंगनवाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जनपद के 77 आंगनवाड़ी केंद्रों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग, 48 केंद्रों पर पोषण वाटिका, 78 पर बाल वाटिका, 33 पर केंट वाटर तथा 78 केंद्रों पर एलईडी लाइट की स्थापना का कार्य पूर्ण हो चुका है। इससे केंद्रों का वातावरण बेहतर और आकर्षक बनेगा। सीडीओ ने प्रेरणा एप पर निरीक्षण की प्रगति तेज करने और आरबीएसके टीम को नियमित भ्रमण के निर्देश दिए। साथ ही होम विजिट



▸ **कई ब्लॉकों की प्रगति पर जताई नाराजगी**

को पूरी जिम्मेदारी से सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मोबाइल नंबर सत्यापन में 450 लाभार्थियों के लंबित होने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

धात्री महिलाओं व शून्य से छह माह तक के बच्चों की पोर्टल फीडिंग में जलालाबाद ब्लॉक की खराब प्रगति पर फटकार लगाई गई। वहीं अन्नप्राशन, गोदभराई व वीएचएसएनडी सत्रों में उमर्दा और सौरिख ब्लॉक की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। सीडीओ ने 90 प्रतिशत से कम प्रगति वाले ब्लॉकों को तत्काल सुधार के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि लापरवाही पर जिम्मेदारी तय होगी।

1009 बच्चों का लंबित वजन जल्द दर्ज कराने को भी कहा गया। बैठक में डीसी मनरेगा दिनेश यादव व डीपीओ राजेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# घर लौट रहे पल्लेदार की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तम्बाकू की गोदाम से पल्लेदारी कर वापस लौट रहे बाइक जुगाड़ गाड़ी सवार युवक की ट्रैक्टर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेम नगर निवासी राजेश कोरी उम्र 28 वर्षीय पुत्र हरपाल कोरी बीती देर रात्रि जिजपुरा थाना कायमगंज में नरेश की तम्बाकू गोदाम में पल्लेदारी करके वापस घर के लिए गाँव के अजयपाल की बाइक जुगाड़ गाड़ी पर अपने पिता हरपाल सहित अन्य साथियों के साथ सवार होकर आ रहा था। जैसे ही तेज रफ्तार जुगाड़ गाड़ी को चालक अजयपाल ने मोड़ा उसी दौरान पीछे बैठा राजेश असंन्तुलित होकर सड़क पर गिर गया। उसी समय कम्पिल की ओर से आर ही आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली राजेश के ऊपर से गुजर गई। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, मण्डी चौकी इंचार्ज बलवीर सिंह, नवान्तुक कस्वा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी, कांस्टेबिल विनीत कुमार, हेड कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल सचिन कुमार ने मौके पर पहुँचकर जाँच पडताल कर राजेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मौत की सूचना पाते ही मृतक राजेश की माँ सुखदेवी, पत्नी सुमन तीन बच्चे रोहन 8 वर्ष, कार्तिक 6 वर्ष, आरव 4 वर्ष सहित अन्य परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**बाइक जुगाड़ गाड़ी मोड़ते समय युवक के सड़क पर गिर जाने से घटी घटना**


रोते बिलखते परिजन


मृतक का फाइल फोटो


घटना स्थल पर खड़ा ट्रैक्टर

# दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों को दस-दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दुष्कर्म के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त राजकुमार पुत्र पेशकर, बब्लू पुत्र रक्षपाल निवासीगण रमपुरा मऊदरवाजा को दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष का कारावास व बीस-बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

विगत नौ वर्ष पूर्व थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी पुत्री 17 वर्षीय 15 जनवरी 2017 को समय करीब सात बजे शाम को घर से खेत में शौच क्रिया करने गई थी। गांव के किनारे राजकुमार, बब्लू ने आकर मेरी पुत्री को पकड़ कर जबरन कपड़े उतराने लगे। पुत्री के चिल्लाने पर गांव के कई लोग आ गए। आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त राजकुमार, बबलू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस-दस वर्ष का कारावास व बीस-बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## ऊर्जा मंत्री ने दिये 400केवी महोबा-फर्रुखाबाद डबल सर्किट लाइन निर्माण के निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर विकास शहरी समग्र विकास नगरीय रोजगार एवं गरीब उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के मंत्री एके शर्मा द्वारा जारी किये गये पत्र के अनुसार ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर-द्वितीय योजनान्तर्गत निर्माणाधीन 400केवी महोबा-फर्रुखाबाद डबल सर्किट लाइन के निर्माण में आरओडब्ल्यू की समस्या का शीघ्र निस्तारण करने हेतु उक्त कार्य को समयबद्ध अवधि में पूर्ण कराये जाने से संबंधित उत्तर प्रदेश कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष को पत्र भेजा गया है। बताते चले कि इस संदर्भ में प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह द्वारा सिफारिश किये जाने पर ऊर्जा मंत्री ने कारपोरेशन के अध्यक्ष को पत्र भेजकर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा है।

# जीआरपी निरीक्षक ने छात्र-छात्राओं को रेलवे स्टेशन का भ्रमण कराकर किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जीआरपी थाना फर्रुखाबाद द्वारा कृष्णा पब्लिक स्कूल एवं के0आर0 रस्तोगी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जीआरपी थाने की कार्यप्रणाली, अपराध नियंत्रण की प्रक्रिया, न्यू इक्यूपमेंट जैसे-बॉडी बॉर्न कैमरा, ड्रोन कैमरा सीसीटीएनएस, बॉयरलेस हैंड सेट, डॉग स्क्वाड, एस एचएमडी, डीएचएमडी बीबीडीएस, कम्युनिकेशन उपकरण के बारे में जानकारी देते हुए मिशन शक्ति अभियान 5.0 नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के बारे में विस्तृत जानकारी देकर विषम परिस्थितियों में टोल फ्री नंबर 139 एवं 112 महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड हेल्फ लाइन नंबर 1098 आदि के बारे में अवगत कराया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर एवं प्लेटफार्म पर भ्रमण कर ड्यूटियों को समझा एवं परखा तथा यात्रियों को सीधे रेलवे लाइन क्रॉस न करने तथा ओवर ब्रिज से एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए समझाया। ट्रेन की छत, खिड़की, दरवाजे, पैरदान पर बैठकर यात्रा न करने तथा ट्रेन के अंदर आपत्तिजनक सामान जैसे विस्फोटक सामग्री, ज्वलंतशील पदार्थ अस्त्र-शस्त्र साथ लेकर न चलने के लिए सचेत किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी फर्रुखाबाद शेर सिंह, मुख्य आरक्षी भगत सिंह, महिला आरक्षी नीतू सिंह मौजूद रही।


विद्यार्थियों को जागरुक करते जीआरपी निरीक्षक

# मंदिर व घरों में हुई मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चैत्र नवदुर्गा के सातवें दिन नगर के देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। घरों में महिलाओं ने भी व्रत रखकर मां की आराधना की। सुरक्षा के मद्देनजर मंदिरों के बाहर महिला व पुरुष पुलिस तैनात रही।

माँ दुर्गाजी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गापूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्माण्ड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। कहा जाता है कि कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्माण्ड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं।

इनकी कृपा से भक्त हर तरह के भय से मुक्त हो जाता है। शनिवार को पूजन करने के लिए देवी मंदिरों पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा। नगर के पल्ला मठिया मंदिर, गुरगांव देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, काली देवी मंदिर मऊदरवाजा, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णोदेवी मंदिर, फतेहगढ़ के कालीबाड़ी मंदिर सहित नगर के कई छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका और माता कालरात्रि की पूजा अर्चना कर सर्वमंगल की कामना की। वहीं मठिया देवी मंदिर में विशाल हवन का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने आहूतियां डालीं तथा सर्व मंगल की कामना की।

यहां पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इसी प्रकार नगर के शीतला माता मंदिर व ऐतिहासिक गुरगांव देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ दर्ज की गयी। भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव से माथा टेंका और मां से मन्नतें मांगीं। मंदिरों से बज रहे घंटा घड़ियालों की धुन से नगर का माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक नजर आया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर पुलिस तैनात रही।


मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

# दिल्ली में नौकरी कर रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली में नौकरी कर रहे युवक की सड़क हाउसे में मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव घर पहुंचने पर पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कढ़िउली निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र जय सिंह की दिल्ली में एक सड़क हादसे के बाद मौत हो गई। मंगलवार रात करीब 10 बजे हुए इस हादसे के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार सुबह फर्रुखाबाद लाते समय उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। जितेंद्र दिल्ली में एक कंपनी में निजी नौकरी करते थे। बुधवार सुबह लगभग 4 बजे उनके भाई लालू को फोन पर सूचना मिली कि जितेंद्र का मंगलवार शाम करीब 10 बजे एक्सीडेंट हो गया है और वह अस्पताल में भर्ती हैं। लल्लू ने तुरंत अपने रिश्तेदारों को घटना की जानकारी दी और उन्हें दिल्ली के अस्पताल भेजा। रिश्तेदार जितेंद्र को अस्पताल से फर्रुखाबाद ला रहे थे, तभी रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।


मृतक का फाइल फोटो

**शव घर पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम**

जितेंद्र का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पिता जयसिंह, मां रामबेटी उर्फ पार्वती, बहन शालिनी उर्फ पूजा और भाई लालू, उपेंद्र तथा रोहित का रो-रोकर बुरा हाल था। जितेंद्र चार भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। बुधवार को जितेंद्र के बड़े भाई लालू ने नवाबगंज थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर बबना चौकी इंचार्ज राजेश कुमार मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मृतक के भाई लालू की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, एक की मौत


गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर की ई-रिक्शा से जोरदार टक्कर हो गयी। जिससे तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। मौके की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार शेखपुर खजुरी गांव निवासी 45 वर्षीय अजय पाल बुधवार दोपहर ई-रिक्शा से मोहम्मदाबाद कस्बा बाजार जा रहे थे। वह ई-रिक्शा में आगे की तरफबैठे थे, जबकि तीन अन्य सवारियां पीछे थीं। गांव के बाहर निकलते ही तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गया। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। जहां चिकित्सक ने अजय पाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य सवारियां भी घायल हो गयी। जिनका उपचार कर दिया गया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# गौरव मिश्रा बने राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के महासचिव


गौरव मिश्रा को नियुक्ति पत्र देते जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी के निर्देशन में जिला अध्यक्ष पंकज अवस्थी द्वारा अधिवक्ता गौरव मिश्रा को जिला महासचिव पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर कायमगंज स्थित एक गेस्ट हाउस (निकट शिवाला भवन, गंगादरबाजा) में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त जिला महासचिव का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। गौरव मिश्रा ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर अखिलेश अवस्थी, अशोक मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, आशीष मिश्रा, प्रवेश पाठक, मुकेश दुबे, गोविंद पाठक, सौरव पाण्डेय, किशन पाठक, सत्यम मिश्रा, अजय मिश्रा, अनलोम अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य कैम्प में न्यूरो की समस्या से ग्रसित मरीजों का किया गया उपचार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र न्यूरो की समस्या से ग्रसित मरीजों का मैक्स हास्पिटल की टीम ने उपचार किया। सीपी मल्टी स्पेशलिटी व मैक्स हास्पिटल की संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र में दिमाग व नसों से सम्बन्धित मरीजों का उपचार व परीक्षण किया गया। इस दौरान 50 मरीजों का उपचार किया गया। नगर के सीपी मल्टीस्पेशलिटि हास्पिटल में दिल्ली मैक्स हास्पिटल से आये सुप्रिसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. रोहित पाण्डेय व उनकी टीम ने क्षेत्र के तमाम मरीजों का उपचार किया। माइग्रेन नरवज लिस्टम हेड इंजरी हाथ-पैरे सुन्न, दिमाग में पानी भरना, दिमाक में धक्का व्रेन हेमरेज, रीड की हड्डी का खिसकना आदि मरीजों ने अपना उपचार कराया। नगर व ग्रामीणो अंचल के मरीजों की सुविधा के लिए माह में दोबार उपचार के लिए अपनी सेवाएं देते रहेंगे। गम्भीर मरीजों का आपरेशन व अन्य कोई समस्या का भी उपचार अपने हास्पिटल में ही करेंगे। डॉ. रोहित पाण्डेय ने कहा कि जो मरीज दिल्ली आदि महनगरों में उपचार कराने में असमर्थ होते है उनकी समस्या को मद्दे नजर रखते हुए डॉ. मिथलेश अग्रवाल के विशेष आवाह्न पर मैक्स की टीम द्वारा मरीजों का सफल उपचार आपरेशन किया गया। हास्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मंगल पाण्डेय, डॉ. शिवम त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. गौरव सिंह, सचिन कुमार, देवेश द्विवेदी, गोपी सक्सेना, नितिन गंगवार, पंकज सिंह मौजूद रहे।


मरीजों का उपचार करते चिकित्सक

# जानलेवा हमले में पिता-पुत्र को दस-दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जानलेवा हमले के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त सुशील उर्फ कारिया पुत्र रामनरेश, रामनरेश पुत्र सूबेदार निवासी पसई नगला निवासी थाना कमलागंज को दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष का कारावास की सजा से दंडित किया।

विगत 22 वर्ष पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम सियापुर निवासी शिवरतन पुत्र राजकुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि 14 मई 2004 को शाम समय करीब साढ़े आठ बजे मैं अपनी मोटर साइकिल से घर जा रहा था। मोटरसाइकिल के पीछे मेरा साला बैठा था और मेरे साले के गांव के लोग अपनी मोटर साइकिल आ रहे थे। मैं अपने गांव के किनारे पहुंचा था तो मुझे मोटर साइकिल की रोशनी में चार लोग आते दिखाई दिए।

जैसे ही मैं नजदीक पहुंचा तो मुझे ललकारा, मैंने अपनी मोटर साइकिल को तेज भागने का प्रयास किया, उन लोगों ने मेरी आवाज सुनकर मेरे ऊपर सुशील, प्रदीप ने मेरे ऊपर जान से मारने की नियत से गोली मार दी। जिससे मैं घायल हो गया। इनके साथ मटरू लाल, रामनरेश भी थे ने गाली गलौज की थी और कहा थी इस बार बच गया। अबकी बार जान से मार देंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। प्रदीप की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड में पृथक हो गई थी। मुकदमा विचारण के दौरान मटरु लाल की मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने सुशील, रामनरेश को दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष का कारावास व सुशील को 11 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। रामनेश को दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# खुलासा वृद्ध दंपत्ति की नौकर ने की थी हत्या, गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

वृद्ध दंपत्ति की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी नौकर को पुलिस ने आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि 27 फरवरी को वादी विमल कुमार पुत्र बृह्मानन्द गुप्ता निवासी ग्राम अकवरपुर लाल सहाय थाना नयागाँव जनपद एटा ने कोतवाली कायमगंज पर तहरीर दी कि अज्ञात अभियुक्त द्वारा वादी के सास व ससुर की हत्या कर दी गई है। वादी की तहरीर के आधार पर तत्काल कोतवाली कायमगंज पर धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी गई थी। वादी बयान गवाहान निरीक्षण घटना स्थल के आधार पर अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र स्व. मुरारी लाल गुप्ता निवासी मोहला बगिया कोतवाली कायमगंज का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अभियुक्त की निशादेही पर आलाकत्ल (एक बिजली का तार) बरामद कर जेल भेज दिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह मृतक के घर पर करीब 08 वर्ष से रह रहा था। वृद्ध पति-पत्नी पैरालाइसिस थे, मैं उनकी सेवा भी करता था। उन्होने अपने जीवन काल में यह मकान मुझे देने का आश्वासन दिया था। मैनें इनकी बेटी का रिश्ता अपनी बेटी के देवर से कराया था। फिर भी इन लोगों ने मुझसे मकान खाली करने को बोल दिया। मुझे जानकारी हुई कि ये लोग अपने मकान को 30 लाख रूपये में बेच रहे है। इसी खुन्नस में मैंने दोनों लोगो की हत्या कर दी थी।


पुलिस हिरासत में आरोपी

## महिला की मौत पर स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाकर काटा हंगामा, पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा

**कंपिल,समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव नगला बीच निवासी उपेंद्र यादव की 35 वर्षीय पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार दोपहर मौत हो गई। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे मृतका के पिता गांव कारव निवासी जगन्नाथ ने बेटी की हत्या करने का आरोप लगा हंगामा काटा। पुलिस ने स्वजनों को समझाकर शव पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के पांच बच्चे अनमोल , प्रियांशु , प्रांजल, सोनम , अंश हैं। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया प्रथम दृष्टया महिला की मौत गर्भपात से हुई है। शव पीएम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# शस्त्र विद्या के महान गुरु थे भगवान परशुराम




राघव शुक्ला


विजय शंकर तिवारी


बबिता पाठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परशुराम जन्मोत्सव रविवार 19 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह त्योहार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि (अक्षय तृतीया) को भगवान विष्णु के छठे अवतार के जन्म के रूप में मनाया जाता है। इस दिन विशेष पूजा, शोभायात्रा और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। भगवान परशुराम को न्याय और धर्म का रक्षक माना जाता है। श्रद्धालु उपवास रखते हैं।

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**

**भाजपा नेता राघव शुक्ला** ने बताया कि परशुराम ऋषि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र हैं और उन्हें एक अमर देवता माना जाता है जिन्होंने दुष्ट और भ्रष्ट राजाओं का उन्मूलन करके धर्म के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय और धर्म के महत्व का प्रतीक है। परशुराम को अनुशासन और भक्ति का प्रतीक माना जाता है और उनकी शिक्षाएं लोगों को सत्यनिष्ठापूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित करती हैं।

**स्वास्थ्य कर्मचारी विजय शंकर तिवारी** ने बताया कि भगवान परशुराम का जीवन कर्तव्य, भक्ति और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने के महत्व की शिक्षा देता है। वे ज्ञान के संरक्षण और ब्राह्मणवादी परंपरा की रक्षा से भी जुड़े हुए हैं। परशुराम का जन्मोत्सव भगवान परशुराम के जन्म और न्याय के क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। भक्त साहस, शक्ति और बुराई से सुरक्षा के लिए उनका आशीर्वाद मांगते हैं।

**भाजपा नेत्री बबिता पाठक** ने बताया कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार और सात चिरंजीवियों (अमर) में से एक हैं, जिनका जन्म वैशाख शुक्ल तृतीया को ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के घर हुआ था। वे परशु (कुल्हाड़ी) धारण करते थे, जो उन्हें शिवजी से मिली थी। पृथ्वी पर अत्याचार और अहंकार से ग्रस्त क्षत्रियों (विशेषकर सहस्त्रार्जुन) का विनाश कर धर्म की स्थापना करना उनका मुख्य उद्देश्य था।

# बीडीओ ने ली संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक

- बैठक में केवल कुछ प्रधान व सचिव ही पहुंचे
- संचारी रोग की दी गई जानकारी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड परिसर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तरफ से पहुंचे सुधाकर माथुर व खंड विकास अधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक की। अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी ने की। उन्होंने बताया कि गांव में खुली नालियां रहती हैं, जिनकी साफ-सफाई नियमित रूप से करवाई जाए, ताकि वहां गंदगी ना फैले और ना मच्छर पैदा हो। जिसका सभी प्रधान ध्यान रखें तथा सड़क के किनारे झाड़ियां आदि को नियमित साफ-सफाई करवायी जाये। नगर या गांव में जल भराव का ना होने देना, यदि किसी भी इंसान को बुखार या उससे संबंधित लक्षण दिखते हैं तो तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परीक्षण करवाये, आदि संबंधित विस्तृत चर्चा की। वहीं कुछ प्रधानों ने बताया कि हमारे गांव में पानी टंकी को लगाया जाना था, जो कि आज तक काम ही चल रहा है, लेकिन अभी तक कहीं-कहीं पानी की टंकी बनी ही नहीं है, तो कहीं काम नहीं शुरू हुआ है। पाइप डालने के नाम पर गांव की गलियों की हालत इतनी बुरी कर रखी है कि जिधर से भी निकले हर तरफ गली खोद कर डाल दी गई है। जिसके लिए जरा सी भी बरसात होने पर जल भराव होता है तथा मच्छर पनपते रहते हैं। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तरफ से पहुंची डॉ. सुधाकर माथुर ने बताया कि सभी प्रधानों को एंटी लारवा का छिड़काव अपने गांव में करवाना चाहिए।


बैठक लेते बीडीओ

वहीं कुछ प्रधानों ने बताया कि एंटी लारवा का छिड़काव करवा दिया जाता है, लेकिन जितनी मात्रा में मिलता है उतना पूरा नहीं पड़ता है। डॉ. राजेश कुमारी ने बताया कि यदि किसी को एंटी लारवा लेने में दिक्कत आ रही हो तो वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी से संपर्क कर सकता है। वहीं सादिया बेगम बीएमसी यूनिसेफ की तरफ से बताया कि सभी लोग शौचालय का प्रयोग करें, खुले में शौच ना करें, ताकि बीमारियों से बचा जा सके तथा आसपास कूड़ा एकत्रित न होने दे। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि प्रधानों को ध्यान देना चाहिए, लेकिन वह बैठकों में कम संख्या में ही नजर आए। इस मौके खंड विकास अधिकारी अनिल चंद्र, सचिव तथा पंचायत सहायक व सफाई कर्मी, प्रधान तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर सुधाकर माथुर, सादिया बेगम आदि मौके पर मौजूद रहे।

# दूसरी बार जिला उपाध्यक्ष बनने पर अश्नील दिवाकर का हुआ जोरदार स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अश्नील दिवाकर को जिला कमेटी में पुनः दूसरी बार उपाध्यक्ष बनाया गया है। अश्नील दिवाकर के जिला उपाध्यक्ष बनने पर छावनी कैंट निवासी रमेश वर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। फतेहगढ़ मण्डल रमला राठौर ने अपनी कमेटी के पदाधिकारियों के साथ अश्नील दिवाकर का फूल मालाओं से स्वागत कर पटुका पहनाकर सम्मानित किया। रमेश वर्मा ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। अश्नील दिवाकर ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है इसे पहले से ज्यादा निभाऊंगा और पार्टी को शीर्ष तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। स्वागत के दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुनील सक्सेना, लालाराम राजपूत, भारत बाल्मीकि, शिव बाल्मीकि, प्रदीप राजपूत, ईश्वरी प्रसाद, विनोद फौजी, मंजेश राजपूत, रामप्रकाश दिवाकर, भूपेन्द्र राजपूत, इन्द्रपाल जाटव, कर्तव्य सिंह, रघुवीर सक्सेना, मनोहर लाल राजपूत आदि मौजूद है।


जिला उपाध्यक्ष का स्वागत करते समर्थक

# बसपा की बैठक में बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने के दिये गये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक जिलाध्यक्ष विनोद गौतम की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल प्रभारी भीमराव अम्बेडकर रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु0 मायावती के निर्देशानुसार बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही बैठक में गहन समीक्षा की गई। मण्डल प्रभारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिये गये। आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत करने के लिए बूथ पर जाकर बसपा की रीति-नीति का प्रचार-प्रसार कर मजबूत करने के निर्देश दिये गये। इस मौके पर मण्डल प्रभारी विजय भास्कर, दीपक कुशवाहा, आरडी बौद्ध, अरविन्द बाथम, सुरजीत, अरुण त्रिवेदी, सीताराम गौतम, प्रेमसागर, आछेलाल पाल, रामरतन गौतम, जंगाली लाल बाथम, शिव कुमार गौतम, अमित गौतम, दौलतराम बौद्ध, शैलेन्द्र गौतम, योगेन्द्र सिंह, अजय सैनी, राजू गौतम, रामप्रकाश, त्रिपुरेश गौतम, फूलसिंह, प्रवेश भास्कर, राजीव, जितेन्द्र बौद्ध, शनि भास्कर, जितेन्द्र सत्यार्थी आदि लोग उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश देना था।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना अमृतपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलु हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही कोतवाली फर्रुखाबाद, थाना कमालगंज, थाना नवाबगंज, थाना मऊदरवाजा, थाना शमशाबाद, थाना मेरापुर, थाना राजेपुर में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।


बालिकाओं को जागरुक करती पुलिस


महिलाओं को जानकारी देती महिला पुलिस

साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंपलेट वितरित कर महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सुरक्षा, विश्वास एवं आत्मनिर्भरता का वातावरण स्थापित करना बताया गया।

# बैठक में रेलवे समस्याओं उठाया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मण्डल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य व भाजपा नेता स्वदेश त्रिवेदी ने रेलवे मण्डल की बैठक में पहुंचकर भाग लिया और जनपद के संबंधित सुझाव दिये। जिसमें उन्होंने सुझाव में बताया कि सेना के दो रेजीमेंट व जिला मुख्यालय होने के बावजूद यहां स्टेशन पर बेटिंग रुम में न तो कोई कुर्सी या सोफा है और न ही कोई फर्नीचर है।

पेटिंग रुम में सिर्फ एक कर्मचारी नियुक्त है। जो 24 घंटे संचालित नहीं हो पाता है।

महिला बेटिंग हाल में सोफा रखवा दिया गया है। यात्रियों की बेटिंग हाल में कर्मचारी औदिच्य तैनात है। वहीं उन्होंने पूछताछ केंद्र चालू कराये जाने की बात कही। जिस पर पूछताछ केंद्र को भी चालू कराया गया है। अंडर पास में पानी भरा रहता है, वाहन नहीं निकल पाते है, उसकी व्यवस्था की मांग की।

जिस पर जबाव में अंडर पास में पानी भरने के समाधान का आश्वासन दिया गया। वहीं उन्होंने कालिंदी एक्सप्रेस प्रयागराज से चलने लगी है, इस ट्रेन में बहुत भीड़ होती है।

इसलिए फर्रुखाबाद से दिल्ली के लिए वंदेभारत ट्रेन चलायी जाये। जिससे लोगों को सुविधा मिल सके। इस पर जबाव मिला है कि फर्रुखाबाद स्टेशन में गाड़ी अनुरक्षण हेतु पिट लाइन उपलब्ध न होने के कारण फर्रुखाबाद से दिल्ली तक गाड़ी चलाना संभव नहीं हो पा रहा है। उनके चारों सवालों का जबाव इज्जत नगर बरेली मण्डल द्वारा भेजा गया।

# सेवानिवृत्त प्रा.शिक्षकों ने मांगों को लेकर पीएम को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद के पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर बीएसए कार्यालय पर धरना दिया और पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री सम्बोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। आल इंडिया स्टेट फेडरेशन द्वारा केंद्रीय सिविल सेवा वैद्यता अधिनियम 2025 को वापस लेने के संदर्भ में धरना दिया गया। भारत की संचित निधि से पेंशन, देनदारियों के व्यव के संबंध में केंद्रीय सिविल सेवा नियमों एवं सिद्धांतों का सत्यापन की मांग की गई। केंद्र सरकार को अपने पेंशनर्स का वर्गीकरण करने तथा उनके बीच अंतर बनाये रखने का अधिकार प्रदान करता है। 25 मार्च 2025 से प्रभावी कर दिया गया है। इस अधिनियम को लागू किया जाता है तो पेंशनर्स की सेवानिवृत्त तिथि को पेंशन पात्रता के निर्धारण का आधार बनाया जायेगा। परिणाम स्वरुप किसी केंद्रीय वेतन आयोग व अन्य वेतन आयोग के कार्यकाल से पूर्व सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स को उस वेतन आयोग की अनुसंस्थाओं के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। वर्तमान पेंशनर्स को विशेषकर वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में पेंशन वृद्धि के लाभ से वंचित रह जाने के कारण गंभीर आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी। यह घोषणा प्रतिकूल प्रतीत होती है। नागरिकों को न्याय एवं समाजिक सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प किया गया। साथ ही दूसरा ज्ञापन मुख्यमंत्री सम्बोधित सौंपा गया। जिसमें सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किये जाने की मांग की गई। 5 सितम्बर 2025 से घोषणा की गई कि बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों को शिक्षा मित्र व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं अशासकीय शिक्षकों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की जायेगी। सेवानिवृत्त पेंशनर्स शिक्षकों को भी यह सुविधा मिलेगी, लेकिन सेवानिवृत्त चिकित्सक इस सुविधा से वंचित है, जिसकी मांग की गई। इस मौके पर जिला संयोजक विजय बहादुर यादव, मंगनानंद अग्निहोत्री, रामसनेही यादव, करन सिंह राठौर, शिवनंदन शास्त्री, बलवीर सिंह यादव, श्रीराम श्रीवास्तव आदि सेवानिवृत्त शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


धरने पर बैठे सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक

## डीएम के निर्देश पर खनन अधिकारी ने पकड़ी जेसीबी


पकड़ी गई जेसीबी की जानकारी देते अधिकारी

- अवैध रूप से संचालित भट्ठे पर की छापेमारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध खनन के खिलाफजिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में एक भट्ठे पर छापेमारी कर एक जेसीबी को जब्त कर लिया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में अवैध खनन परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनन अधिकारी द्वारा ग्राम हरसिंगपुर संतोषपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद में तह सदर में औचक छापेमारी की। मौके पर संचालित ईंट भट्ठा मे0 श्याम ट्रेडिंग कंपनी की जांच की गई। जाँच में ईंट भट्ठे स्वामी द्वारा बिना विनियमन शुल्क जमा किये अवैध रूप से भट्ठे का संचालन एवं फुकाई का कार्य किया जा रहा था। इस प्रकार अवैध भट्ठा संचालन के जुर्म में मौके पर कार्यरत एक जेसीबी को पकड़कर चौकी मदनपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद की अभिरक्षा में दिया गया है।

## 26 मार्च को मूल्यांकन केंद्रों पर अवकाश घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी व नरेन्द्र कुमार वर्मा ने 26 मार्च को मूल्यांकन कार्य केंद्रों पर अवकाश घोषित करने की मांग माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव से की थी। रामनवमी त्यौहार को देखते हुए मूल्यांकन केंद्र पर 26 मार्च को रामनवमी के उपलक्ष्य में अवकाश घोषित रखने का निर्देश दिया गया है। जबकि 27 मार्च को मूल्यांकन कार्य स्थिगित रखने का पहले से ही निर्णय था।

शिक्षक नेता संतोष दुबे व सत्येन्द्र सिंह ने रामनवमी पर अवकाश घोषित होने पर आभार व्यक्त किया।

# बीडीओ ने संचारी रोग के प्रति ग्राम प्रधानों व सचिवों को किया जागरुक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड कार्यालय पर बीडीओ की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक सम्पन्न हुई।

विकासखंड कार्यालय सभागार परिसर में बुधवार को विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान के निर्देशन में शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम प्रधानों का संवेदीकरण ब्लॉक नवाबगंज में किया गया। समस्त ग्राम पंचायत के प्रधानों से तथा समस्त ग्राम पंचायत के सचिवों को, समस्त रोजगार सेवकों, समस्त सफाई कर्मचारियों के साथ विकासखंड अधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बैठक की। ग्राम पंचायत में संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु ग्राम प्रधानों को बताया गया कि गांव में सफाई व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, यदि सफाई व्यवस्था सही रूप से सुचारू रूप से चलेगी तो संचारी रोग पर नियंत्रण बहुत ही आसान हो जाएगा। जिन ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान पखवाड़ा के तहत स्वच्छ भारत मिशन को कामयाब बनाने के लिए स्वच्छता अभियान चलाए गए तथा अन्य स्वच्छ भारत के तहत कार्यक्रम जैसे निर्मल जल, स्वास्थ्य जैसी कई अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। बीडीओ अमरेश चौहान ने लोगों से स्वच्छता बनाये रखने की अपील की और लोगों को जागरुक करने के हेतु कहा। इस मौके पर एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम सुपरवाइजर रिजवाना, ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार, मोतीलाल यादव, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, बृजेश कुमार, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, आकांक्षा सक्सेना, अरविंद कुमार, कुलदीप राजपूत, प्रधान राजीव कुमार, इरशाद खान, दुर्वेश गंगवार, दिनेश चंद्र यादव, मनोज कुमार, विजय प्रताप, सुनील कुमार, हर्षित गंगवार, संजीव कुमार यादव आदि मौजूद रहे।


बैठक लेते बीडीओ मौजूद प्रधान सचिव अन्य

# बाल वाटिका पूर्व प्राथमिक शिक्षा का नवाचार उत्सव सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नन्हे कदम बाल वाटिका का नवारम्भ उत्सव का आयोजन राजेपुर विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में आंगनवाड़ी केंद्र के सहयोग से धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राधानाध्यापक संतोष गुप्ता ने मां सरस्वती पूजन के साथ किया। उन्होंने कहा कि प्राइवेट विद्यालयों में तीन वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को केजी-1, केजी-2 के माध्यम से दी जाती है। उसी क्रम में शासन ने संज्ञान में लेते हुए बाल वाटिका में भाषा, बेसिक, भावानात्मक शैक्षिक गतिविधियां विभिन्न माध्यमों से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से शिक्षित किया जाता है। वहीं प्रति माह आता है, उसे उन्मुखीकरण के माध्यम से शिक्षण प्रभावी होता है। आंगनवाड़ी केंद्र में लर्निंग कार्नर, स्वनात्मक, खेल सामग्री एवं विभिन्न प्रकार के खिलौने व टीएल उपलब्ध है। बाल वाटिका के माध्यम से बच्चे निरंतर शिक्षा व्यवस्था से जुड़ते रहते है। आंगनवाड़ी कार्यकत्री नुरुल सवा, बबिता यादव ने 3 व 6 वर्ष के बच्चों को रोली-चंदन लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर साजिद, शिवम अवस्थी, मनोरमा, राजबेटी यादव आदि लोग मौजूद रहे।



बच्चों का स्वागत करती आंगनवाड़ी कार्यकत्री

# राम कथा श्रवण मात्र से ही समस्त पापों का होता है नाश:आचार्य अरविंद शास्त्री

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा अमृतपुर स्थित प्राचीन स्थल देवराहा बाबा की तपोस्थली ठाकुरद्वारा में नवरात्र पर चल रही श्रीराम कथा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। विगत कई वर्षो से जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार चौहान लाला भैया एवं सुखेंद्र सिंह कोटेदार के संयोजन में आयोजित इस रामकथा में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंचकर कथा का रसपान कर रहे हैं।

आचार्य अरविंद शास्त्री ने कहा कि राम कथा का श्रवण मात्र ही मनुष्य के समस्त पापों का नाश कर देता है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श, मर्यादा और धर्म का प्रतीक है, जिसे अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। आचार्य ने लंका दहन प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब अधर्म और अन्याय बढ़ता है, तब-तब भगवान अपने भक्तों के माध्यम से उसका विनाश करते हैं। हनुमान जी द्वारा लंका दहन की लीला केवल एक घटना नहीं, बल्कि यह संदेश है कि अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा हमें सत्य, त्याग, प्रेम और कर्तव्य का मार्ग दिखाती है। जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ राम कथा का श्रवण करता है, उसके जीवन के कष्ट दूर होते हैं और उसे आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है। राम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए आचार्य ने कहा कि कलियुग में भगवान तक पहुंचने का सबसे सरल और प्रभावी साधन राम नाम ही है। कार्यक्रम के संयोजक जिला पंचायत सदस्य के पुत्र प्रिंस चौहान ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। कथा स्थल पर भक्ति गीतों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा का आनंद ले रहे हैं।


राम कथा का श्रवण करते भक्तगण

# बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं में छात्र-छात्राओं ने पास करने हेतु लिखी मार्मिक अपील

- शत-प्रतिशत परीक्षकों के न पहुंचने से धीमा चल रहा है मूल्यांकन कार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जीवन भर रहेगा आपका एहसान, कर दो मेरा बेड़ा पार, कापी चली गुरु के पास कर देना जी हमको पास, गाय हमारी माता है नम्बर देना आता है, गुरुजी करो कृपा तो जो जाए मेरा विवाह.....।

यह किसी नाटक के संवाद नहीं है और न ही किसी फिल्म के डायलाग है। बल्कि यह उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद की मूल्यांकन हेतु आयी उत्तर पुस्तिकाओं में परीक्षार्थियों द्वारा पास करने हेतु गुरु जी के लिए लिखी गई मार्मिक पंक्तियां है। कापियों के अंत में अनेक छात्र-छात्राओं द्वारा जय श्रीराम भी लिखा गया है। बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का 18 मार्च से जनपद में तीन मूल्यांकन केंद्रों राजकीय बालिका इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ में हाईस्कूल तथा शहर के रेलवे रोड स्थित रस्तोगी इंटर कालेज में इंटर की कापियों का मूल्यांकन कार्य शुरु हुआ था। मूल्यांकन केंद्रों पर जिन शिक्षकों की कापियों को जांचने हेतु बोर्ड से ड्यूटी लगी है। उसमें से कई परीक्षकों ने बुधवार तक योगदान नहीं किया है। सात दिन के मूल्यांकन कार्य के बाद भी अभी तक लगभग एक लाख कापियों का मूल्यांकन होना बांकी है। डीआईओएस नरेन्द्र पाल सिंह ने मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षकों को मूल्यांकन में सावधानी बरतने के निर्देश दिये है। पता चला है कि कापियों के मूल्यांकन कार्य में विलंब की मुख्य बजह से पूरे परीक्षकों का न पहुंचना है। मंगलवार तक जीआईसी में 398 के सापेक्ष 257, जीजीआईसी में 398 के सापेक्ष 212 और रस्तोगी इंटर कालेज में 434 के सापेक्ष 256 परीक्षक ही उपस्थित है। तीनों केंद्रों पर अभी लगभग एक लाख कापियों का मूल्यांकन होना बांकी है।

## तम्बाकू लादकर जा रही पिकअप को मण्डी समिति सचिव ने पकड़ा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मण्डी समिति सचिव शैलेन्द्र वर्मा ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। कम्पिल अटैना मार्ग पर बँदायू सीमा की ओर से आ रही एक संदिग्ध पिकअप को टीम ने घेराबन्दी कर रोक लिया। तलाशी लेने पर वाहन में तम्बाकू के बोरे मिले। टीम ने चालक ब्रजभान से माल वैध दस्तावेज और मण्डी शुल्क रसीद मांगी। जिस पर चालक कोई आवश्यक प्रपत्र नही दिखा सका। नियमों के उल्लंघन के आरोप में सचिव शैलेन्द्र वर्मा ने वाहन को तत्काल कब्जे में लेकर नवीन मण्डी समिति स्थल पर भिजवा दिया। मण्डी सचिव शैलेन्द्र ने बताया पकड़ी गई तम्बाकू पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए चालान किया और मण्डी शुल्क के तौर पर कुल 18,480 रुपये की धन राशि जमा कराई।


पकड़ी गयी पिकअप

## शिक्षकों व ग्रामीणों ने मिलकर विद्यालय को बेहतर बनाने का लिया संकल्प

# भारत उत्सव के तहत प्राथमिक विद्यालय लखपेड़ा में हुआ कार्यक्रम

**अभिभावकों से सरकारी स्कूल में बच्चों को भेजने की अपील**

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।**



नव भारत उत्सव के अंतर्गत ग्राम पंचायत लखपेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय लखपेड़ा मे बुधवार को एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावक , ग्राम प्रधान सहित ग्राम पंचायत के संभ्रांत नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजन के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण शिक्षा और संस्कृति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने उपस्थित अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक तीर्थ मणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को निजी विद्यालयों के बजाय प्राथमिक विद्यालय में ही भेजें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यहां के छात्र शिक्षा और प्रतिभा में किसी भी निजी विद्यालय से कम नहीं हैं, बल्कि कई मामलों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार और प्रशासन प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं, और यदि सभी का सहयोग मिला तो इस विद्यालय को जिले का शीर्ष विद्यालय बनाया जा सकता है।

वहीं ग्राम प्रधान सरस्वती प्रताप ने शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए विद्यालय के विकास में हर संभव योगदान देने की बात कही।

कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक राजकुमार तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए ग्रामीणों से भावनात्मक अपील की। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय को केवल सरकारी संस्थान न समझें, बल्कि इसे अपना विद्यालय मानें। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को साफ-सुथरे और व्यवस्थित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों को ड्रेस, मध्यान्ह भोजन, सोमवार को फल और बुधवार को दूध जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने आगे कहा कि जब बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करेंगे, तो न केवल उनका बल्कि पूरे गांव और शिक्षकों का नाम रोशन होगा। विद्यालय गांव की शान है, इसे बेहतर बनाना हर ग्रामीण की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम के अंत में सभी ने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यालय को उत्कृष्ट बनाने का संकल्प लिया।

## गन्ना कोल्हू हादसे में झुलसे युवक की मौत, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के नीमगांव थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में गन्ना कोल्हू पर काम कर रहे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार 11 मार्च को मलिकपुर गांव स्थित साजिद खान के गन्ना कोल्हू पर काम करते समय कुलदीप कुमार गौतम की चप्पल फिसल गई, जिससे वह खौलते हुए गन्ने के रस की कड़ाही में गिर गया। हादसे में वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के तुरंत बाद कोल्हू मालिक द्वारा उसे जिला अस्पताल ओयल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ के सिविल बर्न अस्पताल रेफर किया गया। बाद में परिजनों की सहमति से युवक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 23 मार्च को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों ने कोल्हू मालिक पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए नीमगांव थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू मंगलवार को गांव पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं कोल्हू मालिक साजिद खान का कहना है कि घायल युवक का इलाज परिजनों की सहमति के अनुसार ही कराया गया था।

# कैंडल मार्च में उमड़ा जनसैलाबः संत चंद्रशेखर महाराज को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**पलिया कलां (खीरी)।** नगर में मंगलवार शाम संत चंद्रशेखर महाराज की स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप कैंडल मार्च निकाला गया। गौरक्षक चिंटू पुरी के नेतृत्व में आयोजित इस मौन यात्रा में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर संत के प्रति अपनी आस्था और सम्मान व्यक्त किया। बताया गया कि हाल ही में मथुरा में हुए एक दुखद घटनाक्रम में संत चंद्रशेखर महाराज का निधन हो गया था। इसी के चलते उनकी आत्मा की शांति के लिए यह कैंडल मार्च आयोजित किया गया। यात्रा मेला मैदान से शुरू होकर स्टेशन चौराहे तक निकाली गई। मार्च के दौरान लोगों ने हाथों में जलती मोमबत्तियां लेकर मौन धारण किया और पूरे मार्ग में श्रद्धा का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान चिंटू पुरी (गौरक्षक), राजकुमार राठौर (जिला संगठन मंत्री, हिंदू युवा वाहिनी), प्रहलाद, हर्ष शुक्ला, हैप्पी तिवारी, राहुल सिंह, बजरंग दल के सोनू यादव, लकी कुमार समेत अन्य संगठनों से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कैंडल मार्च के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पलिया पुलिस के जवान पूरे मार्ग में तैनात रहे और स्थिति पर नजर बनाए रखी। श्रद्धांजलि मार्च में शामिल लोगों ने संत चंद्रशेखर महाराज के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी शिक्षाओं को याद किया और समाज में शांति व सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।

# किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाएगी एचपीवी वैक्सीनः डॉ. अमित बाजपेई

**समृद्धि न्यूज़, फरधान खीरी।** सीएचसी में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत मंगलवार से हो गई है। पहले दिन 14-15 वर्ष की 37 किशोरियों को टीका लगाया गया। यह कार्यक्रम तीन माह तक चलेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान मे एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। अधीक्षक अमित बाजपेई ने बताया यह टीका 14 से 15 वर्ष आयु की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाना है। यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 14 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को यह टीका लगाया जा रहा है, ताकि



भविष्य में उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। यह अभियान सरकार द्वारा चलाया जा रहा है, जिसका लक्ष्य किशोरियों को समय पर सुरक्षा प्रदान करना है। यह टीकाकरण अभियान अगले तीन माह तक संचालित किया जाएगा। पहले दिन क्षेत्र की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 37 किशोरियों को टीका लगाया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने यह भी बताया कि टीकाकरण के बाद यदि किसी किशोरी को कोई परेशानी होती है, तो उसके लिए उचित प्रबंध किए गए हैं। अस्पताल में वैक्सीन लगवाने वाली किशोरियों को कुछ देर अस्पताल में बैठने के बाद जाना होगा। जिसके के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उन्होंने क्षेत्र के समस्त अभिभावकों से अपील किया कि वे अपनी बच्चियों को इस योजना का लाभ दिलाएं। जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। सीएचसी में बुधवार और शनिवार दिनों को छोड़कर अन्य दिनों में अगले तीन महीने तक टीकाकरण नियमित रूप से अस्पताल में किया जाएगा। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई, भाजपा जिला महामंत्री आशू मिश्रा, फार्मासिस्ट यशपाल वर्मा, अरविंद सिंह, स्टाफ नर्स अराधना मिश्रा, चन्द्रवती, सुशीला यादव, रविन्द्र अवस्थी, दिनेश शर्मा, विनीत अवस्थी, कपिल मिश्रा, दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी और किशोरियां मौजूद रहीं।

## खबरें एक नजर में

### अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा मोड पीएम श्री कंपोजिट स्कूल के पास से मंगलवार की रात्रि में पुलिस ने बीस पाउच देशी शराब ब्लू लाइम के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध पुलिस ने 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है एसआई हंसराज यादव मय हमराह हेड कांस्टेबल नर्वेश मिश्रा के साथ मुखबिर की सूचना पर हथेड़ा मोड़ पीएम श्री कंपोजिट स्कूल के पास से आरोपित मनिगढ़ा गांव निवासी बबलू प्रकाश पटेल को बीस पाउच देशी शराब ब्लू लाइम के साथ गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया है और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की बीस पाउच ब्लू लाइम शराब के साथ आरोपित के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### वेलफेयर सोसायटी ने मनाई सम्राट अशोक जयंती, निकाली गयी बाइक रैली



**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के चक कोटार बीरपुर सम्राट अशोक वेलफेयर सोसायटी द्वारा बुधवार को सम्राट अशोक की जयंती पर जन चेतना रैली डीजे के साथ निकाली गई, जो उनके आदर्शों और शांति, अहिंसा के संदेश को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी। यह रैली चक कोटार, मगरबिला, महुगढ़, हरसड़, पुरवा औसान सिंह हथेड़ा गुलाब चौराहा, अहुगी कला होते हुए चक कोटर कार्यक्रम स्थल पर समापन किया गया बाइक रैलियों में सम्राट अशोक के जीवन, उनके योगदान और उनके आदर्शों को याद किया गया और लोगों को उनके संदेश को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।बाइक रैलियों में सम्राट अशोक के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जैसे कि उनकी शासन प्रणाली, उनके धम्म दर्शन और उनके सामाजिक सुधार। लोगों ने सम्राट अशोक के आदर्शों को अपनाने और उनके संदेश को आगे बढ़ाने की शपथ ली सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया इस दौरान भंते नागसेन, कार्यक्रम की अध्यक्षता नन्द गोपाल मौर्या, दीपचंद्र, सदानंद, शिवकुमार, कृपा शंकर, दीपक, हरिशंकर, प्रधान सूरज मौर्य, अवधेश मौर्य, सम्राट अशोक वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष गौरी शंकर मौर्य, जिला पंचायत वार्ड संख्या तीन के भावी प्रत्याशी विनोद कुमार मौर्य मौजूद रहे।

### निचलौल ब्लॉक में डबल पेमेंट घोटाले पर गहराया विवाद बीडीओ के रिफंड दावे पर उठे गंभीर सवाल

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** जनपद के निचलौल ब्लॉक में सामुदायिक शौचालय निर्माण से जुड़े डबल पेमेंट प्रकरण ने अब तूल पकड़ लिया है। मामले में ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) द्वारा किए गए 'रिफंड' के दावे पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, जिससे पूरे प्रकरण की पारदर्शिता और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लग गया है। यह मामला ठूठीबारी क्षेत्र के मैत्री हाट बाजार में कराए गए निर्माण कार्य से संबंधित है, जहां 'बाबा बिक्स फिल्ड' नामक फर्म को क्षेत्र पंचायत के माध्यम से एक ही कार्य के लिए दो बार भुगतान किए जाने का आरोप है। जानकारी के अनुसार रू. 1,14,904 की धनराशि दो अलग-अलग वाउचर के जरिए जारी की गई, जिससे कुल भुगतान रू. 2,29,808 तक पहुंच गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 18 अप्रैल 2025 को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर एक ही कार्य के लिए दो बार वाउचर अपलोड कर यह भुगतान किया गया। मामला उजागर होने के बाद बीडीओ शमा सिंह ने अतिरिक्त भुगतान की गई राशि को वापस जमा कराने का दावा किया, लेकिन यह दावा अब संदेह के घेरे में है। दरअसल, शिकायतकर्ता द्वारा उपनिदेशक पंचायती राज को भेजे गए शिकायती पत्र के साथ संलग्न बैंक स्टेटमेंट में किसी भी प्रकार की 'रिफंड' एंट्री दर्ज नहीं पाई गई है। इस खुलासे के बाद प्रशासनिक दावे और वास्तविक बैंकिंग अभिलेखों के बीच विरोधाभास ने मामले को और अधिक गंभीर बना दिया है। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि वाकई धनराशि वापस की गई है, तो वह किस खाते में जमा हुई? भुगतान वापसी की तिथि क्या है? संबंधित लेनदेन का ज्ञक्र नंबर या बैंक रसीद कहां है? इन अहम सवालों के जवाब फिलहाल स्पष्ट नहीं हैं।

# राजा राजेश्वर सिंह की पहल से टापरपुरवा में पुलिया निर्माण की जगी उम्मीद

**निघासन खीरी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम टापरपुरवा में नहर पर पुलिया न होने से ग्रामीणों को लंबे समय से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में नहर की सफाई के दौरान विभाग द्वारा लगाए गए अस्थायी ढोलों को हटाए जाने से गांव का संपर्क मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है। लोगों को अब लंबा चक्कर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने झंडी स्टेट के राजा राजेश्वर सिंह से शिकायत की। ग्रामीणों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मौके का निरीक्षण किया और नहर पर स्थायी



पुलिया निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। राजा राजेश्वर सिंह ने शारदा नगर सिंचाई खंड के अधिशाषी अभियंता करनपाल गंगवार से मुलाकात कर टापरपुरवा नहर पर पुलिया निर्माण के लिए पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारी जल्द ही स्थल का निरीक्षण करेंगे और प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

# नवनिर्मित बालवाटिका में 'नवारम्भ उत्सव' की धूम, बच्चों के स्वागत में सजा विद्यालय परिसर

**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।** शासन के निर्देश के क्रम में बुधवार को पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय पचपेड़ी में नवनिर्मित बालवाटिका एवं प्री-प्राइमरी (आंगनवाड़ी केंद्र) में 'नवारम्भ उत्सव व स्कूल अभिनंदन कार्यक्रम' हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और नन्हे बच्चों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापक रूप सिंह यादव एवं एसएमसी अध्यक्ष दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। इसके उपरांत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं व



ईसीसीई एजुकेटर ने बच्चों के साथ विविध गतिविधियां कराईं। बच्चों को जलपान वितरित किया गया तथा रेत पर आकृतियां बनवाकर उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद बच्चों को नवनिर्मित बालवाटिका कक्ष में ले जाकर वहां बनाई गई आकर्षक आकृतियों व सजीव चित्रों से परिचित कराया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री वंदना वर्मा ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई 2026 तक छह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों की सूची, जिनका कक्षा-1 में नामांकन होना है, प्रधानाध्यापक को सौंपी। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ, एसएमसी अध्यक्ष दिनेश कुमार, ईसीसीई एजुकेटर कौशल किशोर, आंगनवाड़ी कार्यकत्री वंदना वर्मा एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

## मां चंद्रघंटा की मूर्ति स्थापना के लिए गाजे बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में पहाड़ के ऊपर स्थित चंलगा माता मंदिर में मां चंद्रघंटा की मूर्ति स्थापना से पूर्व बुधवार को ग्राम प्रधान रमेश सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली।इस दौरान भक्तों के जय माता दी के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव के पहाड़ ऊपर स्थित प्रसिद्ध चंलगा देवी मंदिर का ग्रामीणों के सहयोग से जीर्णोद्धार कराया गया है। मंदिर में मां चंद्रघंटा की मूर्ति स्थापना किए जाने से पूर्व गाजे बाजे,घंटा घड़ियाल,शंख ध्वनि के साथ रथ पर मूर्ति को रखकर गांव में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पुरूषों के साथ गांव की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।शोभा यात्रा



पहाड़ के नीचे शिव मंदिर पहुंची वहां से मूर्ति को कंधे पर रखकर पहाड़ की पगडंडियों से होकर ग्रामीण कड़ी मशक्कत करते हुए पहाड़ की ऊंची चोटी पर पहुंचे। जहां मंदिर पुजारी विजय शंकर भट्ट व पंडित करूणा शंकर पांडेय ने विधि विधान से मंदिर में मां चंद्रघंटा की मूर्ति स्थापित कराई।

## गड़बड़ा धाम मां शीतला माता के दरबार में दर्शन को लगी कतारें

**घंटा और शंख की मधुर ध्वनि के साथ जयकारों से गूंजता रहा गड़बड़ा धाम**

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।**



क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम में बुधवार को चौत्र नवरात्रि के सातवे दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। जिले के साथ-साथ मध्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। करीब 60 हजार श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई।भोर की मंगला आरती के बाद से ही श्रद्धालु कतारबद्ध होकर मां के दर्शन के लिए प्रतीक्षा करते रहे। मां शीतला के दिव्य स्वरूप के दर्शन करते ही भक्तों ने आंतरिक शक्ति और शांति का अनुभव किया। हाथों में पूजा की टोकरी और मन में अटूट श्रद्धा लिए बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी ने मां के चरणों में मत्था टेका। मंदिर परिसर में घंटा और शंख की मधुर ध्वनि के साथ जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। दूर-दराज से आए श्रद्धालु भोर से ही परिवार सहित मंदिर पहुंचते रहे। कई भक्तों ने पहले सेवटी नदी में स्नान किया, इसके बाद कतार में लगकर मां का दर्शन-पूजन किया। मां शीतला के भव्य श्रृंगार और आरती के बाद कपाट खुलते ही दर्शन के लिए भीड़ और बढ़ गई। श्रद्धालुओं ने माता कालरात्रि के स्वरूप का विधिवत पूजन किया। व्रत रखने वाली महिलाओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से मां का गुणगान करते हुए शारीरिक, मानसिक और आर्थिक कष्टों से मुक्ति की कामना की। वही मंदिर के चारो ओर गंदगी का अंबार लगा रहा वही सुरक्षा के दृष्टिकोण से हलिया थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव अपनी पुलिस टीम के साथ मेला क्षेत्र में लगातार गस्त करते रहे।मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद्र शुक्ल ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करते रहे।

### गड़बड़ा धाम में सप्तमी तिथि पर जवारियों के साथ भक्तों ने किया दर्शन पूजन

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम आदि शक्ति शीतला माता के दरबार में जवारियो के साथ भक्तों ने दर्शन पूजन कर मनोकामनाएं पुर्ण किया। लगभग 50 हजार से अधिक भक्तों ने मां के दर्शन पूजन कर मन्नतें मांगी। गड़बड़ा धाम मां शीतला के दरबार में भक्तों ने सेवटी नदी में स्नान कर पुरुष महिला अलग-अलग कतारों में लगकर दर्शन पूजन के लिए मां की झलक पाने के लिए आतुर रहे। मां शीतला का दर्शन पूजन करने के लिए चार बजे भोर से ही मंदिर का कपाट खुलते ही दर्शन पूजन में जुट गए। दूरदराज से सैकड़ों गांव से ट्रैक्टरों पर जवारिया लेकर लोग धाम तक पहुचे जहाँ क्वारि कन्याओं द्वारा सर पर जवारी लिए दर्शन कर सेवटी नदी में सैरवाया।

# जनपद में गेहूं खरीद ठप: तैयारियों के बावजूद नहीं खुला क्रय केंद्र, किसानों में रोष

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** जिले के निचलौल विकास खंड अंतर्गत सहकारी संघ लिमिटेड गड़ौरा में वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं क्रय केंद्र खोलने की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अब तक केंद्र का संचालन शुरू नहीं हो सका है। इस देरी ने न केवल संचालक मंडल को निराश किया है, बल्कि क्षेत्रीय किसानों में भी गहरा असंतोष और आक्रोश पैदा कर दिया है। बताया जा रहा है कि सहकारी संघ की संचालक मंडल बैठक में सर्वसम्मति से गेहूं क्रय केंद्र खोलने का प्रस्ताव पारित किया गया था और इसकी सूचना समय रहते उच्चाधिकारियों को भेज दी गई थी। इसके साथ ही आवश्यक व्यवस्थाएं–जैसे कर्मचारियों की तैनाती, स्थान का चयन और अन्य प्रशासनिक तैयारियां–भी पूरी कर ली गई थीं। इसके बावजूद केंद्र का संचालन शुरू न होना कई सवाल खड़े कर रहा है। बैठक में यह भी तय किया गया था कि जिले में पीसीएफ (प्रांतीय सहकारी संघ) एजेंसी के



माध्यम से गेहूं की खरीद की जाएगी, जिससे प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जा सके। इसके लिए संबंधित अधिकारियों, जैसे आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, महराजगंज से अनुमति मांगी गई थी, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दे रही है। संचालक मंडल ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि गेहूं खरीद पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। लेकिन केंद्र न खुलने से किसान मजबूरी में अपना गेहूं औने-पौने दामों पर बिचौलियों को बेचने के लिए विवश हो सकते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की घोषणा के बावजूद यदि समय पर क्रय केंद्र नहीं खुलते, तो इसका सीधा नुकसान किसानों को झेलना पड़ता है। किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही केंद्र का संचालन शुरू नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। किसानों और संचालक मंडल के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए अब प्रशासन पर जल्द निर्णय लेने का दबाव बढ़ गया है। यदि स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो यह मामला व्यापक जनआंदोलन का रूप ले सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों पर होगी।

## श्यामदेउरवा थाने का एसपी ने किया निरीक्षण व्यवस्थाओं में सुधार के दिए कड़े निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बुधवार को श्यामदेउरवा थाने का औचक निरीक्षण किया। उनके आगमन से पूरे थाना परिसर में सक्रियता और अनुशासन का माहौल देखने को मिला। इस दौरान एसपी ने नव-निर्मित मुख्य गेट का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया और थाना परिसर के विकास कार्यों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना कार्यालय में रखे विभिन्न रजिस्टरों और अभिलेखों की गहन जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी रिकॉर्ड समयबद्ध और व्यवस्थित रूप से अपडेट किए



जाएं, ताकि किसी भी मामले में लापरवाही की गुंजाइश न रहे। इसके साथ ही उन्होंने शस्त्रागार का भी बारीकी से निरीक्षण किया और हथियारों की स्थिति तथा रख-रखाव की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।